सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 18 मार्च, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 74, पेज 16, 3.50 रुपये


www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 568 अंकों की उछाल

वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख से शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन मजबूती रही। सेंसेक्स 568 अंक चढ़कर बंद हुआ, जबकि निफ्टी में 172 अंक की तेजी रही। } 14

## बच्चों को पौष्टिक भोजन व शिक्षा मिलना जरूरी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं और यह आवश्यक है कि उन्हें पौष्टिक भोजन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आसानी से उपलब्ध हो। } 16





क्रिकेटर कुलदीप यादव के रिसेप्शन पर बधाई देने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ (फोटो : समीर भटनागर)

# मुख्यमंत्री योगी ने विंध्याचल मंदिर में की पूजा-अर्चना

### ❍ सीएम ने मां विंध्यवासिनी कॉरिडोर का किया अवलोकन ❍ परिसर को स्वच्छ रखने के दिये निर्देश

जिला

मिर्जापुर (उप्र)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विंध्याचल मंदिर में पूजा-अर्चना करके लोकमंगल की कामना की। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने मां विंध्यवासिनी की आरती की और लाल चुनरी अर्पित की और मंदिर की परिक्रमा भी की। इस दौरान नगर विधायक रत्नाकर मिश्रा भी मुख्यमंत्री के साथ रहे। आदित्यनाथ मंदिर में दस मिनट तक रुके।

इससे पहले पूर्वाह्न करीब 11 बजे मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर मोतिया झील, विंध्याचल में उतरा। उनके साथ अपना दल के नेता एवं उत्तर प्रदेश के मंत्री आशीष पटेल भी थे। मंदिर परिसर में नगर विधायक रत्नाकर मिश्रा और अपना दल की छानबे से विधायक रिंकी कोल ने उनका स्वागत किया। बाद में लखनऊ में जारी एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मां विंध्यवासिनी की आरती की



और सुखी, स्वस्थ व समृद्ध उत्तर प्रदेश की कामना की। मुख्यमंत्री ने चैत्र नवरात्रि की तैयारियों का जायजा लिया, प्रशासन को चैत्र नवरात्रि व रामनवमी में आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराने और मंदिर प्रांगण के साथ ही आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता पर ...शेष पृष्ठ 14 पर

### तीर्थ यात्राओं से मजबूत हो रहा एक भारत-श्रेष्ठ भारत का संकल्प : सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में कैलाश मानसरोवर यात्रा से लौटे 555 श्रद्धालुओं को 1-1 लाख रुपये की सहायता राशि वितरित करते हुए आस्था, संस्कृति और विकास के समन्वय का स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ जैसे आयोजनों में उमड़ी करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था न केवल भारत की सांस्कृतिक शक्ति को दर्शाती है, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी नई गति देती है। इसी दृष्टि के साथ सरकार तीर्थ यात्राओं को सुविधाजनक, सुरक्षित और व्यापक बनाकर एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को मजबूत कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम के दौरान मंच पर 10 ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अफगानिस्तान पर हमला, 400 की मौत

### पाकिस्तान ने काबुल, नंगरहार में फतिना अल-ख्वारिज को बनाया निशाना

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने रात भर सटीक हवाई हमले कर अफगानिस्तान भर में आतंकवादियों और उनके ठिकानों को निशाना बनाया, हालांकि अफगान सरकार ने इस्लामाबाद पर काबुल में एक पुनर्वास अस्पताल पर बमबारी करने का आरोप लगाया, जिसमें कम से कम 400 लोग मारे गए।

पाकिस्तान के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अनुसार, ये ताजा हमले 26 फरवरी को शुरू किए गए ऑपरेशन गजब-लिल-हक के जारी रहने के दौरान हुए हैं। पाकिस्तान ने 2,600 किलोमीटर लंबी सीमा पर अफ़गान तालिबान बलों द्वारा कथित हमलों के जवाब में यह ऑपरेशन शुरू किया था। सूचना मंत्री अताउल्ला तरार ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पाकिस्तान के सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन गजब-लिल-हक के तहत 16 मार्च की रात काबुल और नंगरहार में अफ़गान तालिबान शासन के आतंकवाद समर्थित सैन्य ठिकानों को



निशाना बनाते हुए सटीक हवाई हमले किए। उन्होंने दावा किया कि काबुल में दो स्थानों पर स्थित तकनीकी सहायता ढांचे और गोला-बारूद भंडारण अड्डे पूरी तरह से नष्ट हो गए। उन्होंने दावा किया कि नंगरहार में अफगान तालिबान शासन द्वारा आतंकवाद को समर्थन देने वाले चार सैन्य ठिकानों पर भी हमला किया गया, जिससे संबंधित रसद, गोला-बारूद और तकनीकी ढांचे को नष्ट कर दिया गया। हालांकि, अफ़गान तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार के उप प्रवक्ता हमदुल्ला फ़ितरत ने कहा कि सोमवार रात पाकिस्तान द्वारा की गई बमबारी में अफ़गानिस्तान की राजधानी में स्थित एक नशामुक्ति केंद्र को निशाना बनाया गया था, जिस हमले में कम से कम 400 लोग मारे गए। उन्होंने कहा कि 250 अन्य लोग घायल हुए हैं। फितरत ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमले में अस्पताल के बड़े हिस्से नष्ट हो गए और बचाव दल मलबे से शवों को निकालने की कोशिश कर रहे हैं। टोलोन्यूज ने अस्पताल के स्वास्थ्य अधिकारियों का हवाला देते हुए मंगलवार को ...शेष पृष्ठ 14 पर

### भारत ने की हमले की कड़ी निंदा

नयी दिल्ली। भारत ने मंगलवार को काबुल में एक नशामुक्ति केंद्र पर पाकिस्तान के हवाई हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे अफगानिस्तान की संप्रभुता पर खुला हमला और क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता के लिए खतरा बताया। अफगान तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार के उप प्रवक्ता हमदुल्ला फितरत ने कहा कि सोमवार रात पाकिस्तान द्वारा की गई बमबारी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## युद्ध क्षेत्र से दूसरा एलपीजी टैंकर पहुंचा भारत

### अटके पड़े 22 अन्य जहाजों को लाने के प्रयास जारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय ध्वज वाला दूसरा एलपीजी टैंकर युद्धग्रस्त होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित निकलने के बाद मंगलवार तड़के स्वदेश पहुंच गया। युद्ध क्षेत्र में फंसे अन्य 22 भारतीय जहाजों को सुरक्षित लाने के प्रयास जारी हैं। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि एलपीजी टैंकर नंदा देवी, मंगलवार तड़के लगभग 2:30 बजे गुजरात के कांडला बंदरगाह पर पहुंचा। सोमवार को पहला जहाज, शिवालिक गुजरात




के मुंदड़ा बंदरगाह पर पहुंचा था। दोनों जहाज पर लगभग 92,712 टन एलपीजी हैं। यह देश में एक दिन की खाना पकाने की गैस की आवश्यकता के बराबर है। सिन्हा ने संवाददाताओं से कहा दोनों जहाजों ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

### अंडों पर लिखी जायेगी एक्सपायरी डेट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक अप्रैल से अंडों पर उसके उपयोग की आखिरी तारीख (एक्सपायरी) दर्ज करने का निर्णय लिया है और दवाओं के पत्तों की तरह अंडों पर भी यह प्रयोग होगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, एक अप्रैल से अंडा उत्पादकों के लिए एक्सपायरी डेट का उल्लेख करना अनिवार्य कर दिया गया है। मंगलवार को राज्य सरकार के पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) मुकेश मेश्राम ने बताया कि अंडा उत्पादकों को हर अंडे पर उत्पादन की तारीख और एक्सपायरी की तारीख की मुहर लगानी होगी।

## अमेरिका में कमजोर पड़ रहे ट्रंप

### आतंकवाद रोधी केन्द्र के निदेशक जो. केंट ने दिया इस्तीफा

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रीय आतंकवाद रोधी केंद्र के निदेशक जो. केंट ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और कहा कि उनका दिल इस बात की गवाही नहीं देता कि वह ट्रंप प्रशासन के ईरान युद्ध का समर्थन करें। केंट ने सोशल मीडिया पर कहा कि ईरान से हमारे देश को कोई तात्कालिक खतरा नहीं था, और यह स्पष्ट है कि हमने इस युद्ध की शुरुआत इजराइल तथा उसकी शक्तिशाली अमेरिकी लॉबी के दबाव के कारण की। गत जुलाई में 44 के मुकाबले 52 मतों से केंट को उनके पद पर नियुक्त किया गया था। जो केंट अमेरिका के नेशनल काउंटरटेररिज्म सेंटर के निदेशक थे। इस एजेंसी की जिम्मेदारी दुनिया ...शेष पृष्ठ 14 पर



**"केंट ने सोशल मीडिया पर कहा कि ईरान से हमारे देश को कोई खतरा था ही नहीं, और यह स्पष्ट है कि हमने इस युद्ध की शुरुआत इजराइल तथा उसकी शक्तिशाली अमेरिकी लॉबी के दबाव के कारण की। केंट को को गत जुलाई में 44 के मुकाबले 52 मतों से उनके पद पर नियुक्त किया गया था।"**

### ईरान के सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी की मौत

यरूशलम। इजराइल के रक्षा मंत्री ने मंगलवार को दावा किया कि उनकी सेना ने रात भर किए गए हमले में ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी को मार गिराया है।

इजराइल काट्ज ने हमले में लारीजानी की मौत का दावा किया। इजराइली सेना ने यह भी दावा किया कि उसने रिवॉल्यूशनरी गार्ड के स्वयंसेवी बासिज बल के प्रमुख गुलाम रजा सुलेमानी को भी मार गिराया है। इससे पहले, 28 फरवरी को हुए हमले में ईरान के 86 वर्षीय सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी। वहीं ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर

### विश्व बैंक और यूपी सरकार के बीच 300 मिलियन डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर

# यूपी की हवा को स्वच्छ बनायेगी सरकार

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से विश्व बैंक, भारत सरकार और प्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण समझौते पर नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता उत्तर प्रदेश स्वच्छ वायु प्रबंधन कार्यक्रम (यूपी क्लीन एयर मैनेजमेंट प्रोग्राम) को 299.66 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सहायता प्रदान करेगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य परिवहन, कृषि और उद्योग जैसे प्रमुख क्षेत्रों में वायु की गुणवत्ता और स्वच्छता के लिए एकीकृत समाधानों को बढ़ावा देना है, जिसका लाभ यूपी के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों को भी मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन को ध्यान में रखते हुए विश्व बैंक के साथ इस एमओयू को साइन किया गया। एमओयू पर उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से स्वच्छ वायु प्रबंधन प्राधिकरण की सीईओ एवं वन,



पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की सचिव बी. चंद्रकला, भारत सरकार की ओर से आर्थिक मामलों के विभाग की संयुक्त सचिव जूही मुखर्जी और विश्व बैंक की ओर से भारत के कार्यवाहक कंट्री डायरेक्टर पॉल प्रोसी ने हस्ताक्षर किए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि उत्तर प्रदेश 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। आर्थिक विकास, उत्पादकता और पर्यावरणीय संतुलन एक-दूसरे के पूरक हैं। इस कार्यक्रम से समृद्धि केवल जीडीपी से नहीं, बल्कि स्वच्छ आकाश, स्वस्थ नागरिकों और सतत एवं स्थायी पर्यावरण से मापी जाएगी। विश्व बैंक के भारत के कार्यवाहक कंट्री डायरेक्टर पॉल प्रोसी का कहना है कि यह कार्यक्रम प्रदेश में परिवहन और एमएसएमई क्षेत्रों में लगभग 150 मिलियन डॉलर की निजी पूंजी का लाभ प्रदान करेगा। साथ ही इलेक्ट्रिक बसों और तीन-पहिया वाहनों में निवेश, उद्योगों में उत्सर्जन निगरानी प्रणालियों और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों के प्रयोग से फर्मों की उत्पादकता में सुधार करने में मदद करेगा। यह कार्यक्रम प्रदेश के 3.9 मिलियन घरों को स्वच्छ खाना पकाने की सुविधा, ...शेष पृष्ठ 14 पर




C M Y K

# बहुगुणा जी ने यूपी के विकास को दी नयी ऊंचाइयां

## पूर्व सीएम हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को पूर्व सीएम हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धा निवेदित की। सीएम योगी ने स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा को लोकप्रिय राजनेता, कुशल प्रशासक व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बताया। सीएम ने कहा कि बहुगुणा जी ने उत्तर प्रदेश के विकास को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं।



सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा का जन्म तत्कालीन उत्तर प्रदेश (वर्तमान उत्तराखंड) के जनपद पौढ़ी के एक छोटे से गांव में हुआ था। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही अर्जित की। आगे की शिक्षा के लिए उन्होंने प्रयागराज की भूमि को चुना।

वहीं उच्च शिक्षा ग्रहण करने के दौरान वह छात्रनेता के रूप में देश के स्वाधीनता आंदोलन से जुड़े। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के साथ ही सामाजिक जन-जागरूकता व राष्ट्रीय चेतना को प्रखर रूप से बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज में 1942 में छात्रनेता के रूप में उनकी गिरफ्तारी हुई।

स्वतंत्र भारत में जनप्रतिनिधि, प्रदेश सरकार के मंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री के रूप में उन्होंने अनेक उल्लेखनीय कार्य किए। उत्तर प्रदेश के विकास को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं। उन्होंने प्रयागराज को नई पहचान दी। हेमवती नंदन बहुगुणा द्वारा जनप्रतिनिधि के रूप में जो भी कार्य किए गए, वे समाज के प्रत्येक तबके, देश की समृद्धि व आमजन के कल्याण के लिए थे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, विधायक जय देवी, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान, डॉ. अम्मार रिजवी, पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया आदि ने भी स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में तीन कंपनियों को भूमि आवंटन

- तीनों कंपनियों से आएगा 3,400 करोड़ रुपये का निवेश
- ट्रैक्टर, कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट और ड्राई फ्रूट प्रोसेसिंग यूनिट लगेंगी

**लखनऊ/नोएडा।** उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में तीन बड़ी कंपनियों को भूमि आवंटित की गई है। यह आवंटन इन्वेस्ट यूपी की संस्तुति पर किया गया है, जिससे प्रदेश में निवेश का माहौल और मजबूत हुआ है। इन परियोजनाओं से कुल 3,400 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आएगा और लगभग 5,700 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।

एस्कॉर्ट्स कुबोटा लि. को सेक्टर-10 में 154 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। कंपनी यहां ट्रैक्टर और कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट निर्माण इकाई स्थापित करेगी। इस परियोजना में लगभग 2,029 करोड़ रुपये का निवेश होगा और करीब 4,000 लोगों को रोजगार मिलेगा। यह यूनिट प्रदेश में कृषि और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर को नई मजबूती देगी। सीएनएच इंडस्ट्रियल इंडिया प्रा लि को सेक्टर-8डी में 100 एकड़ भूमि दी गई है। कंपनी यहां ट्रैक्टर निर्माण यूनिट स्थापित करेगी, जिसमें 1,219.81 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इस प्रोजेक्ट से लगभग 1,200 लोगों को रोजगार मिलेगा। यह निवेश उत्तर प्रदेश को कृषि मशीनरी निर्माण का एक प्रमुख केंद्र बनाने में मदद करेगा। सन ऑर्गेनिक इंडस्ट्रीज प्रा लि को सेक्टर-8डी में 30,000 वर्गमीटर भूमि आवंटित की गई है। कंपनी यहां ड्राई फ्रूट प्रोसेसिंग और पैकेजिंग यूनिट लगाएगी। इस परियोजना में करीब 225.16 करोड़ रुपये का निवेश होगा और 569 लोगों को रोजगार मिलेगा। इससे खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर बनेंगे। प्रदेश में बढ़ते निवेश को योगी सरकार की उद्योग अनुकूल नीतियों, सिंगल विंडो सिस्टम और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर का परिणाम माना जा रहा है। यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र तेजी से एक औद्योगिक हब के रूप में विकसित हो रहा है, जहां बड़ी कंपनियां निवेश के लिए आगे आ रही हैं। इन सभी परियोजनाओं के शुरू होने से न केवल हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। इसके साथ ही सप्लाई चेन, लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक गतिविधियों में तेजी आएगी, जिससे प्रदेश के समग्र विकास को बल मिलेगा। उत्तर प्रदेश सरकार का लक्ष्य राज्य को $1 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाना है। यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में हो रहा यह निवेश उसी दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

# खेल जीवन को संतुलित व अनुशासित बनाने का प्रभावी साधन : धामी

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि खेल जीवन को संतुलित और अनुशासित बनाने का प्रभावी साधन हैं। उन्होंने बताया कि नियमित खेल गतिविधियां न केवल शारीरिक रूप से सशक्त बनाती हैं, बल्कि मानसिक दृढ़ता और सकारात्मक सोच को भी प्रोत्साहित करती हैं।

राज्य सचिवालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड सचिवालय बैडमिंटन क्लब की ओर से प्रकाशित स्मारिका प्रयास बेहतर कल के लिए का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने क्लब की पूरी टीम और संपादकीय समूह की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की पहल से कार्यस्थल पर उत्साह, रचनात्मकता और सहयोग की भावना को बल मिलता है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि खेलों के माध्यम से व्यक्ति में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता, धैर्य और लक्ष्य के प्रति समर्पण जैसे गुण स्वाभाविक रूप से विकसित होते हैं। उन्होंने कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे अपनी व्यस्त दिनचर्या के बावजूद खेलों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं, ताकि बेहतर स्वास्थ्य के साथ कार्य में दक्षता और एकाग्रता भी बढ़ सके। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यालयों में खेलों को बढ़ावा देने से आपसी सामंजस्य मजबूत होता है और सकारात्मक कार्य संस्कृति का निर्माण होता है। राज्य सरकार प्रदेश में खेलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, खेल मैदानों के उन्नयन तथा खिलाड़ियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्मारिका की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें संकलित अनुभव और उपलब्धियां प्रेरणादायक हैं, जो युवाओं और कर्मचारियों को खेलों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करेंगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह प्रकाशन लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और



आत्मविकास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम में क्लब की वर्तमान गतिविधियों और आगामी योजनाओं पर भी चर्चा की गई। क्लब द्वारा नियमित प्रतियोगिताएं और अभ्यास सत्र आयोजित कर कर्मचारियों को सक्रिय रूप से खेलों से जोड़ा जा रहा है, जिससे आपसी तालमेल और सौहार्द में निरंतर वृद्धि हो रही है।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव विनय शंकर पांडेय, क्लब अध्यक्ष हीरा सिंह बसेड़ा, प्रधान संपादक भूपेंद्र सिंह बसेड़ा, महासचिव प्रमोद कुमार, कोषाध्यक्ष चंदन बिष्ट, संयुक्त सचिव पुष्कर सिंह नेगी सहित कई अधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

# सिलेंडर की कालाबाजारी में लिप्त 12 एलपीजी वितरकों व 74 लोगों के विरुद्ध एफआईआर

विशेष संवाददाता (vol)

- कार्रवाई के दौरान 11 गिरफ्तार एवं 85 व्यक्तियों के खिलाफ हुई अभियोजन की कार्रवाई

**लखनऊ।** प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है।

आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के साथ-साथ कालाबाजारी और अवैध बिक्री पर कड़ी नजर रखी जा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर 12 से 17 मार्च तक पूरे प्रदेश में 5813 निरीक्षण और छापेमारी की गई है। इस दौरान एलपीजी वितरकों के खिलाफ 12 एफआईआर दर्ज कराई गईं, जबकि कालाबाजारी में संलिप्त अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध 74 एफआईआर दर्ज हुई हैं। कार्रवाई के दौरान 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 85 व्यक्तियों के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई की गई है। यह अभियान लगातार जारी है और स्थानीय स्तर पर अधिकारियों को सक्रिय रहकर निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं।

सरकार की इस सख्ती के बीच आपूर्ति व्यवस्था भी नियंत्रण में है। प्रदेश के 4108 एलपीजी गैस वितरकों के यहां बुकिंग के सापेक्ष उपभोक्ताओं को समय पर रिफिल की डिलीवरी सुनिश्चित कराई जा रही है। वितरकों के पास गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आवश्यकता के अनुसार घरेलू एलपीजी रिफिल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वाणिज्यिक सिलेंडरों के लिए भारत सरकार द्वारा कुल खपत के 20 प्रतिशत आवंटन की अनुमति भी दी गई है, जिससे बाजार में संतुलन बनाए रखने में मदद मिल रही है। पूरी व्यवस्था की निगरानी के लिए खाद्यायुक्त कार्यालय में 24 घंटे संचालित कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यहां पेट्रोलियम पदार्थों के वितरण से संबंधित सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जा रहा है और सामने आ रही समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त होम कंट्रोल में भी खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती की गई है। जनपद स्तर पर भी कंट्रोल रूम स्थापित कर उन्हें सक्रिय रखा गया है, जिससे स्थानीय स्तर पर स्थिति पर लगातार नजर बनी रहे।

# राजस्व बढ़ाने के लिए नोडल अधिकारी किये नामित

**लखनऊ।** सचिव व निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग माला श्रीवास्तव ने बताया कि निदेशालय स्तर पर मदवार नोडल अधिकारी नामित किये गये हैं। साथ ही प्रदेश के क्षेत्रीय कार्यालयों के अंतर्गत आने वाले जनपदों में राजस्व प्राप्ति की गहन समीक्षा के लिए भी नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। निर्देश दिए हैं कि संबंधित राज्य के परिवहन प्रपत्र जारी होने के समय ही उत्तर प्रदेश राज्य सरकार को आईएसटीपी की धनराशि जमा करायी जाये, जिससे राजस्व संग्रहण की प्रक्रिया को अधिक सुव्यवस्थित बनाया जा सके। इसके अतिरिक्त विभागीय अधिकारियों की क्षमता वृद्धि के उद्देश्य से विभिन्न राज्यों एवं राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों में सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। अवैध रेत खनन की निगरानी में उपयोग की जा रही आईटी एवं आईओटी आधारित प्रणालियों के अध्ययन हेतु विभागीय टीम को गुजरात भेजा गया, जबकि ऑनलाइन मार्केट सिस्टम की कार्यप्रणाली के अध्ययन के लिए तेलंगाना में अध्ययन दल भेजा गया, इन राज्यो से प्राप्त अनुभवो का उपयोग उत्तर प्रदेश के खनन राजस्व मे बढ़ोत्तरी व खनन मे पारदर्शिता व निगरानी के लिए किया जा रहा है, साथ ही खान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खनिज चिंतन शिविर, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की ओर से आयोजित केंद्रीय जियोलॉजिकल प्रोग्रामिंग बोर्ड की बैठक तथा छत्तीसगढ़ में आयोजित केंद्रीय क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की बैठक में भी विभागीय अधिकारियों ने सहभागिता कर महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किये हैं।

# सीएचसी पर पहुंचे डिप्टी सीएम, सफाई एजेंसी को नोटिस

## एक हफ्ते का भुगतान रोकने के निर्देश, लापरवाही बर्दाश्त नहीं






विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक सोमवार को लखनऊ में चिनहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में औचक निरीक्षण एवं मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश देने के बाद मंगलवार को सीतापुर के सिधौली सामुदायिक केंद्र पहुंचे।

गंदगी एवं पेयजल व्यवस्थाओं को देखकर डिप्टी सीएम ने नाराजगी जाहिर की। अफसरों से कहा कि जब तक केंद्र की व्यवस्थाओं में सुधार न आए, वे केंद्र न छोड़ें। यहां उन्होंने चिकित्सकीय व्यवस्थाओं, दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई एवं मरीजों को मिल रही सुविधाओं को लेकर केंद्र व्यवस्थापक को आवश्यक निर्देश दिए। डिप्टी सीएम ने मरीजों से उनका हाल-चाल जाना एवं केंद्र में आए लोगों से व्यवस्थाओं एवं उनकी चिकित्सकीय आवश्यकताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। केंद्र में गंदगी को देखकर डिप्टी सीएम भड़क उठे। उन्होंने सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी जाहिर की। संबंधित एजेंसी को नोटिस एवं एक सप्ताह का भुगतान रोकने के निर्देश दिए। एक्स-रे के लिए मरीजों की लंबी लाइन देख कर डिप्टी सीएम ने नाराजगी जताई। जनरेटर ऑन करवाकर एक्स-रे शुरू कराया। उन्होंने पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रदेश की जनता को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# भाजपा सरकार में लॉ एंड आर्डर खत्म हो गया है : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में लॉ एंड आर्डर को ही गोली मार दी गयी है। अब भाजपाई आस्तीनी अपराधी ही भाजपा सरकार का एनकाउंटर कर रहे हैं, जिन्हें भाजपाइयों ने भूमिगत तरीके से पाला-पोसा है। गोरखपुर में पूर्व पार्षद की हत्या को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यनगर गोरखपुर में दिनदहाड़े हुआ ये हत्याकांड बता रहा है कि बेखौफ अपराधियों को किसका प्रश्रय प्राप्त है। जनता समझदार है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को बर्बाद कर दिया है। कानून-व्यवस्था ध्वस्त है। अपराधी खुलेआम हत्याएं कर रहे हैं। महिलाएं, बेटियां सुरक्षित नहीं है। प्रदेश में गुण्डों, माफियाओं और दबंगों की गुण्डई चल रही है। भाजपा राज में प्रदेश में कोई भी सुरक्षित नहीं है। सरकार का कानून व्यवस्था और अपराध को लेकर जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो है। भेदभाव चरम पर है। इस सरकार ने उत्तर प्रदेश को अंधकार में धकेल दिया है। सरकार कानून व्यवस्था संभालने में विफल है। मुख्यमंत्री जी के पास झूठे दावों के अलावा कुछ नहीं है। प्रदेश में हर दिन हत्या, लूट समेत अपराध की तमाम घटनाएं हो रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार और लूट चरम पर है. लखनऊ में ग्रीन कॉरिडोर के निर्माण में हुए भ्रष्टाचार ने अपना रंग दिखा दिया। अभी तो ग्रीन कॉरिडोर के उद्घाटन में सजे फूल भी नहीं सूखे थे, जो 2-3 दिन पहले ग्रीन था, अब विलीन हो गया. अब भाजपा सरकार खुद से वसूली करवाएगी या खुद पर बुलडोजर चलवाएगी? अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा महा-भ्रष्टाचार का अड्डा है। इस सरकार में हर काम और हर विभाग में भारी भ्रष्टाचार है। जल जीवन मिशन में बजट की लूट और पानी की टंकियां के ढहने को प्रदेश की जनता पहले ही देख चुकी है। भाजपा सरकार ने पूरे प्रदेश को भ्रष्टाचार के दलदल में फंसा दिया है।

# नवरात्र के पहले दिन बेटियों का होगा सम्मान

विशेष संवाददाता (vol)

- बॉक्सिंग विश्व चैंपियन मैरी कॉम कल बेटियों को करेंगी सम्मानित
- गांव की महिलाओं ने बनाई रिसाइकिल प्लास्टिक की गुड़िया

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की मंशा के अनुरूप नवरात्र के पहले दिन बागपत में बेटियों के सम्मान और सशक्तीकरण का एक अनूठा उदाहरण देखने को मिलेगा। छह बार की बॉक्सिंग विश्व चैंपियन मैरीकॉम नन्ही कली कार्यक्रम में शामिल होकर बेटियों को सम्मानित करेंगी। गांव की महिलाओं की ओर से रिसाइकिल प्लास्टिक से तैयार की गई गुड़िया नन्ही कली इस पहल का केंद्र है। इसके जरिए पर्यावरण संरक्षण, महिला आत्मनिर्भरता और ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे योगी सरकार के अभियानों को नई मजबूती मिलेगी।

नवरात्र को नारी शक्ति के प्रतीक के रूप में मनाने की तैयारी है। ऐसे में नन्ही कली पहल सीधे तौर पर बेटियों के सम्मान और सशक्तीकरण से जुड़ रही है। यह कार्यक्रम सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रहे बेटी



बचाओ, बेटी पढ़ाओ और मिशन शक्ति अभियान को और मजबूती देगा। बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि इस गुड़िया की खासियत है कि इसमें रुई या स्पंज की जगह बेकार प्लास्टिक बोतलों से बने बारीक फाइबर का उपयोग किया गया है। यह न सिर्फ प्लास्टिक कचरे की समस्या का समाधान है, बल्कि कचरे से कंचन की सोच को भी साकार करता है। नन्ही कली गुड़िया ग्रामीण महिलाओं की कपड़ों के टुकड़ों और पुनर्चक्रित सामग्री से तैयार की जा रही है। यह पहल महिलाओं को रोजगार देने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बना रही है। साथ ही, यह ह्यवोकल फॉर लोकल को भी मजबूत करती है। कार्यक्रम में मैरी कॉम की मौजूदगी युवाओं और खासकर बेटियों के लिए बड़ी प्रेरणा बनेंगी। वह बेटियों को खेलों में आगे बढ़ने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करेंगी। जिलाधिकारी अस्मिता लाल के जीरो वेस्ट विजन के तहत शुरू हुई यह पहल अब बागपत को नई पहचान दिलाने की ओर बढ़ रही है। नन्ही कली केवल एक खिलौना नहीं, बल्कि पर्यावरण, संस्कृति और महिला सशक्तीकरण का प्रतीक बन चुकी है।

# चेहरा पहचान प्रणाली से आंगनबाड़ी केंद्रों में बढ़ा अनुपूरक पुष्टाहार वितरण

- फरवरी में 81 लाख लाभार्थियों तक एफआरएस से पहुंचा पुष्टाहार
- डिजिटल निगरानी से पारदर्शिता बढ़ी, फजीवाड़े पर रोक लगने से उचित लाभार्थियों को फायदा

**लखनऊ।** प्रदेश में आंगनबाड़ी केंद्रों में अनुपूरक पुष्टाहार के वितरण को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए लागू की गई चेहरा पहचान प्रणाली यानी एफआरएस के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। फरवरी में प्रदेश के लगभग 1 करोड़ लाभार्थियों में से 81 लाख लाभार्थियों को इस डिजिटल प्रणाली के माध्यम से अनुपूरक पुष्टाहार उपलब्ध कराया गया। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निदेर्शों के तहत प्रदेश में एफआरएस प्रणाली से ही पुष्टाहार वितरण को मान्यता दी गई है। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही एफआरएस से पुष्टाहार वितरण का शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। योगी सरकार में न केवल पारदर्शिता बढ़ी है बल्कि यह भी सुनिश्चित हुआ है कि पोषण का लाभ वास्तविक लाभार्थियों तक ही पहुंचे।

प्रदेश में अनुपूरक पुष्टाहार के लगभग 1 करोड़ लाभार्थी हैं। इनमें छह माह से तीन वर्ष तक के बच्चे, गर्भवती महिलाएं और धात्री माताएं प्रमुख रूप से शामिल हैं। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने डिजिटल व्यवस्था को तेजी से अपनाते हुए फरवरी में करीब 81 प्रतिशत लाभार्थियों तक पुष्टाहार पहुंचाया। इस तरह फरवरी में लगभग 81 लाख लाभार्थियों को फेस रिकॉग्निशन प्रणाली के माध्यम से पुष्टाहार उपलब्ध कराया गया। विभाग के अनुसार यह उपलब्धि पोषण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का संकेत है। प्रदेश सरकार पोषण योजनाओं के दायरे को लगातार व्यापक बना रही है।

इसी क्रम में आठ जनपदों में किशोरियों को भी अनुपूरक पुष्टाहार उपलब्ध कराया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार वर्तमान माह में भी एफआरएस प्रणाली के माध्यम से वितरण की प्रगति संतोषजनक है और उम्मीद जताई जा रही है कि मार्च महीने में लाभार्थियों तक पहुंचने का प्रतिशत फरवरी की तुलना में और बेहतर होगा।

# प्रदेश में गौ कल्याण, सड़क, खेती और विरासत को मिल रहा सीधा लाभ

विशेष संवाददाता (vol)

- सरकार का मॉडल, टैक्स से सीधे जनहित तक हर रुपये का उद्देश्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सार्वजनिक वित्त के क्षेत्र में एक स्पष्ट और व्यावहारिक बदलाव किया है। अब टैक्स को केवल राजस्व इकट्ठा करने का माध्यम नहीं माना जा रहा, बल्कि उसे सीधे किसी खास उद्देश्य से जोड़कर खर्च किया जा रहा है। सरल शब्दों में समझें तो कौन सा पैसा कहां से आया और कहां खर्च हुआ, यह अब स्पष्ट दिख रहा है। यह मॉडल इसलिए खास है क्योंकि आम नागरिक अब आसानी से समझ सकता है कि उसका दिया हुआ टैक्स किस काम में लग रहा है। इस पूरी नीति का सीधा मतलब है कि टैक्स अब सिर्फ पैसा नहीं, बल्कि विकास का साधन बन चुका है। उत्तर प्रदेश ने दिखाया है कि अगर योजना स्पष्ट हो, तो हर रुपये का सही उपयोग करके समाज, अर्थव्यवस्था और संस्कृति तीनों को एक साथ मजबूत किया जा सकता है।

राज्य सरकार ने आबकारी से जुड़े राजस्व पर 0.5% का गौ कल्याण सेस लगाया है। यह टैक्स शराब की बिक्री से जुड़ा है। आम उपभोक्ता पर इसका बहुत कम असर पड़ता है, लेकिन पूरे राज्य से यह मिलकर सैकड़ों करोड़ रुपये जुटाता है। इस पैसे को सीधे आवारा गोवंश की देखभाल में खर्च किया जाता है। प्रदेश में बने गोवंश आश्रय स्थल में हजारों पशुओं को रहने, खाने और इलाज की सुविधा मिल रही है। दरअसल, कृषि में मशीनों के बढ़ते उपयोग के कारण किसानों की पशुओं पर निर्भरता कम हुई है, जिससे आवारा पशुओं की समस्या बढ़ी। अब इस सेस के जरिए इस समस्या का स्थायी समाधान तैयार किया गया है। उत्तर प्रदेश ने एक और स्पष्ट नीति अपनाई है और वो ये कि जिस सेक्टर से राजस्व आता है, उसी सेक्टर के विकास में उसका उपयोग किया जाता है। इसे आसान भाषा में ऐसे समझा जा सकता है। संपत्ति की खरीद-फरोख्त से मिलने वाली स्टाम्प ड्यूटी का उपयोग काशी विश्वनाथ कॉरिडोर जैसे प्रोजेक्ट में किया जा रहा है। इससे पर्यटन बढ़ रहा है, रोजगार मिल रहा है और विरासत सुरक्षित हो रही है। खनन से मिलने वाला पैसा गांवों में सिंचाई और जल प्रबंधन सुधारने में लगाया जा रहा है, जिससे किसानों को सीधा फायदा मिल रहा है। पूर्वांचल और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से मिलने वाला टोल छोटी सड़कों (फीडर रोड) के निर्माण में खर्च हो रहा है, जिससे दूर-दराज के गांव भी मुख्य सड़कों से जुड़ रहे हैं। मंडी से मिलने वाली फीस का उपयोग फसल सुरक्षा और किसान योजनाओं में किया जा रहा है। अब लोगों को साफ दिखता है कि शराब की बिक्री से मिला पैसा गो कल्याण में लग रहा है। टोल टैक्स का पैसा सड़क और कनेक्टिविटी में, प्रॉपर्टी टैक्स का पैसा धार्मिक और पर्यटन विकास में निवेश हो रहा है।

# देश में राष्ट्र प्रथम का भाव व पंच परिवर्तन का स्वभाव बने

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अवध प्रान्त के प्रांत संघचालक सरदार स्वर्ण सिंह एवं सह प्रांत कार्यवाह संजय सिंह ने समालखा हरियाणा में आयोजित अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के संदर्भ में मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मीडिया सेंटर विश्व संवाद केन्द्र जियामऊ लखनऊ में आयोजित प्रेसवार्ता में बैठक में संगठन कार्य के विस्तार, राष्ट्र हित में समाज की सज्जनशक्ति की सक्रिय भागीदारी एवं सामाजिक समरसता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रांत संघचालक सरदार स्वर्ण सिंह जी ने बताया कि बैठक में संत शिरोमणि सद्गुरु श्री रविदास जी के 650 वें प्राकट्य वर्ष के अवसर पर सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले जी द्वारा एक वक्तव्य जारी किया गया है, इसमें कहा गया है कि वर्तमान में जब विभिन्न विभाजनकारी शक्तियां समाज को वर्ग और जाति के आधार पर विभाजित करने का निरंतर प्रयास कर रही हैं तब संत रविदास जी के जीवन संदेश के मर्म को समझते हुए समाज की एकात्मकता के लिए कार्य करने का संकल्प लेने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि समाज में महापुरुषों के श्रेष्ठ




कार्यों को जाति और पंथ के भेदभाव से ऊपर उठकर स्वीकार करना चाहिए। देश में राष्ट्र प्रथम का भाव एवं पंच परिवर्तन का स्वभाव बने, इसी भाव भावना से संघ के स्वयंसेवकों ने सिख परम्परा के नवम गुरु श्री तेग बहादुर जी के बलिदान के 350वें वर्ष के अवसर पर देशभर में 2000 से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। अवध प्रांत में भी 24 स्थानों पर 24 कार्यक्रम सम्पन्न हुए, जिसमें 10000 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया। सह प्रान्त कार्यवाह संजय सिंह जी ने बताया कि विगत विजयादशमी से देश भर में अधिक संख्या में सम्पन्न उत्सवों के साथ ही शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम प्रारंभ हुए। इन विविध कार्यक्रमों में कार्यकताओं की व्यापक योजना एवं परिश्रम के अनुसार सर्वत्र सफलता मिली। समाज बंधुओं ने उन्हें सहर्ष तथा हृदयपूर्वक स्वागत करते हुए सहयोग एवं समर्थन दिया। संघ के निमंत्रण पर समाज के विभिन्न वर्गों-श्रेणियों के बंधु भगिनी उत्साह से सहभागी होकर कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से सम्पन्न करने में अपार योगदान दिए। मंडल बस्ती स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों के कारण संगठन की दृष्टि से समाज की छोटी इकाई तक पहुँचने में बड़ी सफलता मिली है। गृह सम्पर्क के कारण संघ को, संघ के विचारों को घर घर तक पहुँचाना सम्भव हो रहा है । सद्भाव बैठकों और नागरिक गोष्ठी से समाज में सकारात्मक चिंतन एवं कर्तव्य बोध का निर्माण हो रहा है ।समाज संघ की 100 वर्ष की यात्रा को समझते हुए राष्ट्र जीवन में संघ से अधिकाधिक अपेक्षा भी कर रहा है। पंच परिवर्तन के विषयों का सर्वत्र स्वागत है। संघ के बारे में जानने की तथा सामाजिक कार्यों के बारे में उत्सुकता बढ़ रही है। अवध प्रांत में संगठनात्मक कार्य का निरंतर विस्तार हो रहा है। प्रान्त के कुल 2888 मंडल, बस्ती में से 2860 में शाखा है, 2728 मंडल, बस्ती में हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया गया। कुल 18993 गाँवों में से 15864 गाँवों में घर घर सम्पर्क किया गया ।सामाजिक सद्भाव की 294 बैठकें एवं 124 केन्द्रों पर प्रमुख जन गोष्ठियों का आयोजन किया गया। शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम आगामी विजयदशमी तक सम्पन्न होंगे, आगे युवा पीढ़ी में राष्ट्रबोध, संगठन स्वभाव एवं समाज परिवर्तन के प्रयत्न की वृद्धि को ध्यान में रखकर युवकों में कार्य बढ़ाने की योजना है, कार्य विस्तार की दृष्टि से अधिकतम स्थानों पर अधिकतम कार्यकताओं की सक्रियता बढ़ाते हुए अधिकतम शाखाएं खड़ी करने की योजना है। संघ का काम निरंतर चलने वाला काम है, शताब्दी वर्ष वास्तव में संघ की 100 वर्ष की यात्रा का अनुवर्तन ही है। शताब्दी वर्ष में समाज की बहुत बड़ी सज्जन शक्ति, सुप्त शक्ति एवं उत्सुक शक्ति का अनुवर्तन करते हुए 'राष्ट्र प्रथम का भाव' एवं 'पंच परिवर्तन का स्वभाव' उत्तरोत्तर बढ़ता रहे इस हेतु आवाहन किया गया।

संक्षेप

## दो शिक्षिका के साथ छिनैती मामले में दर्ज हुआ केस

प्रतापगढ़। दो अलग अलग जगहों पर शिक्षिका के साथ छिनैती व छिनैती का प्रयास की घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के शीतलमऊ की शालिनी बाला सिंह पत्नी महेन्द्र प्रताप सिंह राजकीय बालिका इण्टर कालेज शीतलमऊ में शिक्षिका हैं। पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सोलह मार्च को सुबह करीब साढ़े नौ बजे वह घर से कॉलेज जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में गौतमपुर के समीप अचानक बाइक से दो बदमाश पहुंचे और शिक्षिका के स्कूटी के आगे आकर उसकी सोने की बाली व चेन छीनने लगे। हिम्मत दिखाते हुए शिक्षिका ने सोने की चेन को बगल गेहूं के खेत में फेंक दिया और शोर मचाया तो बदमाश भाग निकले। खोजबीन के बाद शिक्षिका की चेन खेत से बरामद हो गयी। मामले में पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरी घटना में सदर कोतवाली के अष्टभुजा नगर निवासी उपेन्द्र बहादुर सिंह पुत्र स्व0 अयोध्या प्रसाद सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उनकी बहू माया सिंह पत्नी शशांक सिंह लीलापुर थानान्तर्गत प्राथमिक विद्यालय पूरनपुर खजुर में शिक्षिका है। बीते सोलह मार्च को सुबह करीब ग्यारह बजे वह विद्यालय में परीक्षा कार्य सम्पन्न करा रही थी। आरोप है कि इसी बीच बाइक से आये दो बदमाश विद्यालय में घुस आये और शिक्षिका के गले की चेन छीनने लगे। छीना झपटी में बदमाश शिक्षिका की आधी चेन लेकर भाग निकले जबकि आधी शिक्षिका के हाथ में ही रह गयी। थाना प्रभारी वैकुण्ठनाथ पाण्डेय ने कहा कि जांच के बाद बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है।

## किशोरी ने की आत्महत्या, कोहराम



प्रतापगढ़। घर के अंदर किशोरी के द्वारा आत्महत्या को लेकर परिजनो में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के डगरारा गांव में शिवकुमार वर्मा की पुत्री कविता 16 ने मंगलवार की सुबह करीब आठ बजे घर के अंदर दुपटटे के सहारे फांसी लगा ली। घटना के समय मृतका किशोरी की मां खेत गयी थी। मृतका का पिता कारोबारी के सिलसिले में बाहर रहता है। चर्चा के मुताबिक घटना की सुबह किशोरी का अपने छोटे भाई से विवाद हो गया। अचानक किशोरी के आत्महत्या की खबर मिलते ही उसकी मां बदहवाश होकर घर पहुंची। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया।

## अधिवक्ता के साथ मारपीट का केस दर्ज

प्रतापगढ़। अधिवक्ता के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे लोका गांव निवासी अधिवक्ता दीपक कुमार द्विवेदी पुत्र जगदीश प्रसाद द्विवेदी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पन्द्रह मार्च को दोपहर करीब तीन बजे जमीन सम्बन्धी विवाद को लेकर रामसिंह पुत्र इंद्रपाल सिंह व माया देवी पत्नी अमरजीत सिंह ने उसे मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# रिश्वत मांगने के आरोप में सीडीपीओ निलंबित

श्रावस्ती। आंगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति के बदले 20 हजार रुपये रिश्वत मांगने के आरोप में बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) को निलंबित कर दिया गया है। मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने सोमवार को एक बयान में कहा कि सिरसिया क्षेत्र के सीडीपीओ मुकेश कुमार द्वारा सहायिका की नियुक्ति में रिश्वत लिए जाने की शिकायत प्रथमदृष्टया सही पाई गई जिसके आधार पर उन्हें निलंबित कर दिया गया है। अहमद ने बताया कि उत्तर प्रदेश बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के निदेशक को पत्र लिखकर उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की सिफारिश भी की गई है। सीडीओ ने संवाददाताओं को बताया कि प्रियंका आर्य ने जिलाधिकारी से शिकायत की थी कि आंगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति में सिरसिया क्षेत्र के सीडीपीओ 20 हजार रुपये मांग रहे हैं। इस संबंध में फोन पर दोनों के बीच हुई बातचीत की आडियो क्लिप भी पेश की गई। सीडीओ ने बताया कि उप जिलाधिकारी प्रवीण कुमार यादव और उप जिलाधिकारी रवेन्द्र कुमार की संयुक्त टीम ने प्रकरण की गहनता से जांच की जिसमें शिकायत की पुष्टि हुई और आडियो क्लिप में मुकेश कुमार की आवाज होने की पुष्टि हुई, इसके बाद कार्रवाई की गई।

## चोरी का आरोपी पुलिस हिरासत से फरार, दो पुलिसकर्मी निलंबित

झांसी। जिला मुख्यालय के शहर कोतवाली क्षेत्र में एक मुठभेड़ के दौरान पकड़े गए चोरी के दो आरोपियों में से एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आरोपियों की अभिरक्षा में तैनात दो सिपाहियों को निलंबित कर जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस के अनुसार सोमवार की सुबह कोतवाली पुलिस ने शहर क्षेत्र में हुई चोरियों के संबंध में एक मुठभेड़ के दौरान नगरिया कुआं के पास से बिजौली, ग्वालियर निवासी दीपक उर्फ संजय जाटव (31) एवं हरदौल इलाका दतिया निवासी नदीम (19) को गिरफ्तार किया।

# कम्पोजिट विद्यालय बनकटा में प्रधानाध्यापिका पर लापरवाही के गंभीर आरोप, मिड-डे मील भी ठप




सिद्धार्थनगर। जिले के मिठवल ब्लॉक अंतर्गत बीआरसी क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय बनकटा से शिक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती भारती सरोज (भारती भूषण) पर आरोप है कि वह नियमित रूप से विद्यालय नहीं आतीं और महीने में केवल एक दिन उपस्थित होकर फर्जी हस्ताक्षर कर वेतन आहरित कर लेती हैं। ग्रामीणों और अभिभावकों के अनुसार विद्यालय में मिड-डे-मील योजना पूरी तरह ठप है। बच्चों को न तो मध्याह्न भोजन मिल रहा है और न ही दूध, फल जैसी अन्य पोषण सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। बताया गया कि विद्यालय में कुल 156 बच्चों का नामांकन है, लेकिन मौके पर मात्र 17 बच्चे ही उपस्थित मिले। विद्यालय पहुंचे बच्चों ने बताया कि भोजन न बनने के कारण वे वापस घर लौट रहे हैं। निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापिका भी अनुपस्थित पाई गईं। गांव बनकटा के निवासी गंगा सागर सहित कई अभिभावकों ने आरोप लगाया कि विद्यालय में न तो नियमित पठन-पाठन हो रहा है और न ही सरकारी योजनाओं का लाभ बच्चों तक पहुंच रहा है। गंगा सागर ने बताया कि इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी मिठवल और बेसिक शिक्षा अधिकारी को कई बार लिखित और मौखिक शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधानाध्यापिका की इस लापरवाह कार्यशैली के चलते बच्चों का भविष्य अंधकार में जा रहा है और अभिभावकों का सरकारी स्कूलों से भरोसा उठता जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से तत्काल जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है इस सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कु0 ने कहा कि उक्त के सम्बन्ध में जांच करा कर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

# बांसी थाने में त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित



सिद्धार्थनगर। उपजिलाधिकारी बांसी निखिल चक्रवर्ती व क्षेत्राधिकारी शुबेंदु सिंह के अगुवाई में आगामी त्योहारों को सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से थाना बाँसी परिसर में पीस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी बाँसी शुबेन्दु सिंह ने की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर आयोजित इस बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य, धर्मगुरु एवं संभ्रांत नागरिक शामिल हुए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक भी मौजूद रहे। बैठक में आगामी महाशिवरात्रि, ईद-उल-फितर और राम नवमी के दौरान शांति एवं भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई। अधिकारियों ने शासन एवं उच्चाधिकारियों से प्राप्त दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए सभी से सहयोग की अपेक्षा जताई। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सभी इंतजाम किए जाएंगे और किसी भी प्रकार की अफवाह या अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, उपस्थित लोगों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर को0 बांसी मृत्युंजय पाठक प्र0नि0 आरएन दूबे अपराध शाखा, ईओ अजय यादव सहित तमाम कर्मचारी व गणमान्यों की उपस्थिति रही।

## एसपी ने सुनी जनता की समस्याएं




सिद्धार्थनगर- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में कुल 13 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 2 मामले भूमि विवाद, 1 मामला मारपीट तथा 10 अन्य विभिन्न समस्याओं से संबंधित रहे। एसएसपी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान पुलिस की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता दर्शन के दौरान फरियादियों को निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया।

# चला अवैध अतिक्रमण हटाओ अभियान



श्रावस्ती। जनपद में आम नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में दिनांक 17 मार्च 2026 को विभिन्न थाना क्षेत्रों में सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। इसी क्रम में थाना कोतवाली भिनगा पुलिस टीम द्वारा कस्बा भिनगा में पैदल गश्त करते हुए सड़क किनारे लगे अवैध ठेला, रेहड़ी, दुकानों एवं खड़े वाहनों को हटवाया गया। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग भी की गई, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। अभियान के दौरान अतिक्रमण करने वालों को सख्त चेतावनी दी गई कि भविष्य में सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण न करें। पुलिस ने दुकानदारों एवं आमजन से अपील की कि वे यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें तथा सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त रखें। यह कार्रवाई जनहित में की गई, जिससे आम लोगों को आवागमन में होने वाली असुविधाओं को दूर किया जा सके और यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित किया जा सके।

# सीएम डैशबोर्ड समीक्षा में डीएम सख्त, लक्ष्य पूर्ति के निर्देश



जिला संवाददाता

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों एवं सीएमआईएस पोर्टल पर निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों द्वारा संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने खराब रैंकिंग वाले विभागाध्यक्षों को कार्य में तेजी लाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के सख्त निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान बताया गया कि फरवरी 2026 में जनपद श्रावस्ती की विकास एवं राजस्व कार्यों की संयुक्त रैंक 09 रही। कुल 85 कार्यक्रमों में से 70 में ए श्रेणी, 01 में बी, 06 में सी, 03 में ड्यडी तथा 05 में एनए श्रेणी प्राप्त हुई। कई विभागों—जैसे ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, पशुधन, पर्यटन, सहकारिता एवं सिंचाई—ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ए ग्रेड हासिल किया।

वहीं ग्राम्य विकास, पंचायती राज, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, समाज कल्याण व लोक शिकायत (निर्माण) विभागों की रैंकिंग अपेक्षाकृत कमजोर पाई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए सुधार के निर्देश दिए। साथ ही एम्बुलेंस-102 एवं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में जनपद के प्रदेश के अंतिम पांच में शामिल होने पर संबंधित अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने और शत-प्रतिशत डाटा फीडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीएमआईएस पोर्टल पर एक करोड़ से अधिक लागत की निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पूर्ण परियोजनाओं का शीघ्र हैंडओवर तथा एक वर्ष से अधिक लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजय कुमार यादव, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग के.पी. मिश्र सहित समस्त खंड विकास अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ईद-उल-फितर को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित




सिद्धार्थनगर- आगामी त्यौहार ईद-उल-फितर व रामनवमी को सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से थाना उसका बाजार परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक हरे कृष्ण उपाध्याय द्वारा आयोजित की गई। बैठक में ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य, क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक, धर्मगुरु, व्यापार मंडल के सदस्य तथा डीजे संचालक उपस्थित रहे। इस दौरान सभी से त्योहारों को शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। प्रभारी निरीक्षक ने उपस्थित लोगों को शासन, उच्च अधिकारियों एवं माननीय न्यायालय से प्राप्त दिशा-निर्देशों की जानकारी दी और सभी से उनका पालन करने का अनुरोध किया। साथ ही कहा गया कि किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें, जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सके। बैठक में सभी लोगों ने प्रशासन का सहयोग करने और त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का आश्वासन दिया।

# हवाई अड्डा क्षेत्र में असावधानी बन सकती है विमान दुर्घटना का कारण

जिला संवाददाता

श्रावस्ती। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय द्वारा जनवरी 2026 में संपन्न वार्षिक निगरानी एवं निरीक्षण (सर्विलांस ऑडिट) के उपरांत हवाई अड्डा प्रबंधन को यह स्पष्ट निर्देश प्रदान किए गए कि विमानन सुरक्षा के दृष्टिगत वन्यजीवों—विशेषतः पक्षियों एवं आवारा पशुओं—से संभावित टकराव की गंभीर समस्या के प्रति आमजन को व्यापक रूप से जागरूक किया जाए। इसी क्रम में श्रावस्ती हवाई अड्डा प्रशासन द्वारा जनहित में एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। प्रशासन ने अपने वक्तव्य में कहा है कि श्रावस्ती हवाई अड्डा एक अति महत्वपूर्ण सार्वजनिक अवसंरचना है, जहाँ प्रतिदिन होने वाले विमान संचालन में यात्रियों, चालक दल तथा विमान की सुरक्षा सर्वोपरि एवं अत्यंत संवेदनशील विषय है। हवाई अड्डे के आसपास असंगठित रूप से कचरे का निष्पादन, खुले में अपशिष्ट का परित्याग, अवैध पशु वध, अनधिकृत बूचड़खानों का संचालन तथा झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों से उत्पन्न अवशेष—ये सभी तत्व पक्षियों एवं अन्य वन्यजीवों को आकर्षित करते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार इस प्रकार की परिस्थितियाँ पक्षी/पशु टकराव (बर्ड/एनिमल स्ट्राइक) जैसी घटनाओं की संभावनाओं को अत्यधिक बढ़ा देती हैं। यह समस्या केवल एक सामान्य व्यवधान नहीं, अपितु विमानन क्षेत्र के लिए अत्यंत गंभीर एवं संभावित रूप से घातक जोखिम है। एक छोटा पक्षी भी यदि विमान के इंजन अथवा अन्य संवेदनशील भाग से टकरा जाए, तो वह इंजन की कार्यप्रणाली को बाधित कर सकता है, जिससे आपातकालीन स्थिति उत्पन्न हो सकती है और यात्रियों के जीवन पर सीधा संकट मंडरा सकता है। श्रावस्ती हवाई अड्डा प्रबंधक कृतिवर्धन सिंह वा सुधीर कुमार सहायक प्रबंधक ने आम नागरिकों से अत्यंत विनम्र किंतु दृढ़ अपील की है कि वे हवाई अड्डा क्षेत्र के आसपास स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। किसी भी प्रकार का घरेलू कचरा, पशु अवशेष, भोजन सामग्री अथवा अन्य अपशिष्ट खुले स्थानों पर न फेंकें तथा अवैध गतिविधियों की सूचना संबंधित प्रशासन को अविलंब दें। प्रशासन ने चेतावनी स्वरूप यह भी कहा है कि, आपकी एक क्षणिक लापरवाही एक भीषण विमान दुर्घटना का कारण बन सकती है। अतः यह प्रत्येक नागरिक का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है कि वह विमानन सुरक्षा को सुनिश्चित करने में अपनी भूमिका निभाए और एक सुरक्षित, स्वच्छ एवं जिम्मेदार परिवेश के निर्माण में सहयोग करे।

# संवैधानिक अधिकारों के उल्लंघन के लिए केंद्र सरकार है जिम्मेदार: प्रमोद तिवारी

- राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने अमेरिकी अर्न्तराष्ट्रीय धार्मिक आयोग की सालाना रिपोर्ट को बताया चिन्ताजनक



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने देश में धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर अमेरिकी अर्न्तराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग वर्ष 2026 की रिपोर्ट को गंभीर चिंता का विषय करार दिया है। उन्होने आयोग की सलाना रिपोर्ट के हवाले से यह दावा जताया है कि इसमें खुफिया एजेंसी रॉ तथा भाजपा के मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वारा अर्न्तराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग में हस्तक्षेप किये जाने की पुष्टि की गयी है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी के मुताबिक रिपोर्ट में यह चिंताजनक है कि देश के संविधान के अर्न्तगत धार्मिक सदभाव के प्राप्त अधिकारों का उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि इस रिपोर्ट से यह स्पष्ट हो गया है कि बीजेपी के मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व खुफिया एजेंसी रिसर्च एण्ड एनालिसिस विंग के द्वारा देश में धार्मिक स्वतंत्रता पर सीधा प्रहार किया जा रहा है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि अर्न्तराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग के द्वारा आरएसएस और रॉ पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की गयी है। वहीं उन्होने कहा कि अमेरिका में संस्था से जुड़े लोगों पर भी प्रतिबंध लगाने की यह कहकर बात कही गयी है कि भारत में धार्मिक आजादी खतरे में है। उन्होने कहा कि भारत एक धर्म निरपेक्ष राष्ट्र है ऐसे में यह आयोग की यह सालाना रिपोर्ट विदेशों में भी देश की छवि को धूमिल बना गयी है। उन्होने यह भी कहा कि इस रिपोर्ट को लेकर देश के अधिकतर राजनैतिक दलों ने भी ताजा चिन्ता व्यक्त की है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह भी अत्यन्त चिन्ताजनक है कि अब अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर भी यह पुष्टि हो गयी है कि भारत में धार्मिक स्वतंतत्रा खतरे में है।

## 37 सभासद मनोनीत, नगर निकायों में बदला समीकरण

सिद्धार्थनगर- जिले की नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में लंबे इंतजार के बाद एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक फैसला लिया गया है। उत्तर प्रदेश शासन ने कुल 37 सभासदों को मनोनीत किया है। इस निर्णय से स्थानीय निकायों में राजनीतिक समीकरण बदल गए हैं और विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। नामित सभासदों की सूची जारी होने के बाद से ही नगर निकायों में हलचल तेज हो गई है। नगर पालिका सिद्धार्थनगर सदर में राजेश जायसवाल, भानु सिसोदिया, पूनम मित्तल, महेश प्रसाद और बबलू श्रीवास्तव को सभासद मनोनीत किया गया है। इसी प्रकार, नगर पालिका बांसी में सुशीला, मंगल प्रसाद चौरसिया, वीरेंद्र प्रताप, नंदिनी श्रीवास्तव और घनश्याम जायसवाल को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन दोनों नगर पालिकाओं में कुल 10 सभासदों का मनोनयन हुआ है, जिससे शहरी निकायों की कार्यप्रणाली को मजबूती मिलने की उम्मीद है। नगर पंचायतों में भी बड़े पैमाने पर मनोनयन हुए हैं। इटवा नगर पंचायत से दीप नारायण त्रिपाठी, राधेश्याम गिरी और रामकृपाल चौधरी को मनोनीत किया गया है। बढ़नी बाजार नगर पंचायत में श्रीयगीनाथ अग्रहरि, अनीता जायसवाल और रामधनी मौर्य को शामिल किया गया है। वहीं, बढ़नी चाफा नगर पंचायत में प्रमोद गौतम, संतोष कुमार गुप्ता और पूनम चौधरी को सभासद बनाया गया है। कपिलवस्तु नगर पंचायत में कौशल कुमार अग्रहरी, विजय कश्यप और नितेश को मनोनीत किया गया है। बिस्कोहर नगर पंचायत से सत्यनारायण दुबे, सूर्यमणि चौधरी और राजू कसौधन को जिम्मेदारी मिली है। भारत भारी नगर पंचायत में किस लौटी, दीपक कुमार चौधरी और पवनसुत मौर्य को सभासद बनाया गया है। शोहरतगढ़ नगर पंचायत में रविंद्र कुमार वर्मा, बैजनाथ धोबी और शिवशरण उर्फ पिंटू पटेल को मनोनीत किया गया है।

# एनएसएस के विशेष शिविर का समारोहपूर्वक शुभारंभ

## राष्ट्रीय और सामाजिक सरोकार की मजबूती में रचनात्मकता है महत्वपूर्ण: प्रो. ओझा




प्रतापगढ़। नगर स्थित सरस्वती विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का मंगलवार को समारोहपूर्वक शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के संस्थापक एवं प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो0 शिवाकांत ओझा, समाजसेवी प्रकाशचंद्र मिश्र एवं आचार्य रामअवधेश मिश्र के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के जरिए हुआ। शिविरार्थी छात्रा अनुष्का शुक्ला व प्रियांशी तथा जान्हवी मिश्रा एवं सान्या मिश्रा के द्वारा सरस्वती वंदना तथा स्वागत गान एवं शिविरार्थी छात्रा सुहानी मोदनवाल व पूर्वा शुक्ला के द्वारा लक्ष्य गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 धर्मेन्द्र सिंह द्वारा स्वागत भाषण एवं कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 सुरभि सिंह द्वारा शिविर के उददेश्य पर प्रकाश डाला गया।

मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री प्रो0 शिवाकांत ओझा ने छात्र छात्राओं से भविष्य निर्माण के प्रति रचनात्मक विचारधारा को मजबूत बनाने का आहवान किया। उन्होने कहा कि युवा शक्ति के संस्कृतिपरक रचनात्मक व्यक्तित्व के द्वारा ही राष्ट्र एवं समाज की प्रगति आगे बढ़ सकती है। प्रो0 ओझा ने शिविरार्थियों से सामाजिक सरोकार के प्रति भी अभिरूचि के साथ पठन पाठन को मुख्य लक्ष्य बनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि खण्ड विकास अधिकारी डॉ0 मानवेन्द्र शर्मा व अतिथि वक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने पौधरोपण व स्वच्छता की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। एसबीएम ग्रुप के निदेशक आचार्य राम अवधेश मिश्र तथा एनएसएस के जिला नोडल अधिकारी डॉ0 फणीन्द्र नारायण मिश्र मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी प्रकाशचंद्र मिश्र व संचालन कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 रजनीश पाण्डेय ने किया। आभार प्रदर्शन प्राचार्य डॉ0 अमित सिंह ने किया। समारोह का संयोजन निदेशक डॉ0 संदीप मिश्र द्वारा किया गया।

## किशोरी के अपहरण का केस दर्ज

प्रतापगढ़। किशोरी के अपहरण को लेकर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के पीड़ित का आरोप है कि बीती पन्द्रह मार्च की रात करीब ग्यारह बजे जौनपुर जिले के दौलतपुर पिल्किछा निवासी सचिन बिंद पुत्र उदयराज बिंद अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

**लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश**

कुप्रशासन | **प्रदेश को भ्रष्टाचार/कुप्रशासन मुक्त बनाने हेतु जनता से अपील** | भ्रष्टाचार

उत्तर प्रदेश राज्य के समस्त लोक सेवक यथा माननीय मंत्रीगण/विधायकगण, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के अध्यक्ष व अन्य अधिकारी, जिला पंचायत/क्षेत्र पंचायत तथा अन्य पंचायत के अध्यक्ष/अन्य अधिकारी तथा उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा वित्त पोषित समस्त इकाईयाँ/संस्थान/प्राधिकरण, सोसाइटियों व परिषदों आदि से संबधित भ्रष्टाचार/कदाचार/कुप्रशासन तथा सेवानिवृत्तिक देयकों से संबंधित शिकायतों की जॉच हेतु निम्न पते पर सम्पर्क करें–

पता:– टी0सी0–46/वी–1, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010 अथवा पोस्ट बाक्स नम्बर–172, जी0पी0ओ0, लखनऊ, फैक्स नं0– (0522) 2306647
फोन नं0: (0522) 2306717, 2306160 (पी0बी0 एक्स),
Web site - www.lokayukta.up.nic.in, E-mail :- lokayukta@hotmail.com

**सचिव, लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ**

# गोरखपुर में पार्षद के पूर्व सहायक की चाकू मारकर हत्या

**गोरखपुर।** जिले के चिलुआताल थाना क्षेत्र में मंगलवार को सुबह की पार्षद के एक पूर्व सहायक की अज्ञात हमलावरों ने कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, हमले के समय पार्षद के पूर्व प्रतिनिधि टहलने निकले थे। इस बीच राज्य में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस मामले को लेकर भाजपा नीत सरकार पर सवाल उठाए हैं। पुलिस के अनुसार, यह घटना मंगलवार सुबह करीब 5:30 बजे बरगदवा स्थित राज कुमार चौहान (38) के आवास से महज 500 मीटर की दूरी पर घटी, जब चार हमलावरों ने कथित तौर पर चौहान को रोका और ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया। परिवार के सदस्य उन्हें बीआरडी मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि पुलिस को सुबह ही हमले की सूचना मिल गई थी। पीड़ित परिवार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर, उसी गांव के आठ लोगों को मामले में नामजद किया गया है। अब तक सात संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। एसएसपी ने बताया, मामले की जांच के लिए आठ पुलिस टीम गठित की गई हैं। गांव में लगे सात सीसीटीवी कैमरों में दर्ज तस्वीरों का विश्लेषण किया जा रहा है। कुछ अहम सबूत भी जुटाए गए हैं। पुरानी दुश्मनी समेत सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि चौहान पार्षद के पूर्व प्रतिनिधि थे और व्यापार भी करते थे। जांचकर्ता 2023 से चले आ रहे एक कथित विवाद को हत्या के एक संभावित मकसद के तौर पर देख रहे हैं। घटना से नाराज करीब 500 स्थानीय लोगों ने गोरखपुर-सोनौली सड़क को जाम कर दिया। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए लगभग 10 पुलिस थानों से भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा। चौहान ने 2018 से 2023 के बीच पार्षद के प्रतिनिधि के रूप में कार्य किया था। सपा प्रमुख और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस घटना को लेकर सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने राज्य सरकार पर तंज कसते हुए लिखा, उत्तर प्रदेश में लॉ एंड आर्डर को ही गोली मार दी गयी है। अब भाजपाई आस्तीनी अपराधी ही भाजपा सरकार का एनकाउंटर कर रहे हैं, जिन्हें भाजपाइयों ने भूमिगत तरीके से पाला-पोसा है। सपा प्रमुख ने कहा कि मुख्यनगर गोरखपुर में दिनदहाड़े हुआ ये हत्याकांड बता रहा है कि बेखौफ अपराधियों को किसका प्रश्रय प्राप्त है। जनता समझदार है।

## प्रदेश के पहले साहित्य पार्क निर्माण के लिए पार्षद ने महापौर से मिलकर बधाई दिया

चरगांवा, गोरखपुर। नगर निगम के वार्ड नंबर 31 हरसेवकपुर में प्रदेश के पहले साहित्य पार्क निर्माण के लिए अनुमति मिलने व उसके निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए पहली किस्त जारी हो जाने पर क्षेत्र की पार्षद निर्मला देवी के पति संत गुलाब यादव ने सोमवार को नगर निगम पहुंचकर महापौर डा. मंगलेश श्रीवास्तव व नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल को पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दिया है। इस अवसर पर शाहपुर के पार्षद चन्द्रशेखर सिंह, आलोक यादव व राजेश यादव सहित तमाम लोगों ने भी प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस कार्य के लिए धन्यवाद दिया। हरसेवकपुर के पार्षद प्रतिनिधि संत गुलाब यादव ने बताया कि 35 करोड़ रुपए से 4.50 एकड़ जमीन पर साहित्य पार्क का निर्माण कार्य होना है। जिसके लिए प्रथम किस्त के रूप में 12 करोड़ 17 लाख रुपए जारी कर दिए गए हैं।

## नगर पंचायत गोला में मनोनीत हुए तीन सभासद

गोला, गोरखपुर। नगर पंचायत गोला की रिक्त तीन सभासदों की सीट पर सोमवार की देर रात शासन द्वारा 3 सभासद मनोनीत कर दिए गए। जिससे स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल व्याप्त है। मालूम हो कि नगर पंचायत गोला की वार्ड संख्या 7 व 10 और 18 सभासद थी। जिस पर चुनाव के बाद से ही लोगों की नजर बनी हुई थी। देर रात शासन से वार्ड नंबर 7 में किरन सोनकर, 10 में विद्याधर पांडेय और 18 में दीपक जायसवाल के नामों की सूची प्रसारित होते ही लोगों में खुशी का माहौल व्याप्त हो गया। सभासदों के मनोनयन पर चिल्लूपार विधानसभा के विधायक राजेश त्रिपाठी चेयरमैन लालती देवी भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन भाजपा के वरिष्ठ नेता रतन प्रकाश दूबे नित्यानंद मिश्र श्याम नरायण दूबे अजय राजभर संजय राय नवनीत राय सच्चिदानंद राय सहित आदि ने बधाई दी।

## कांग्रेसियों ने किया विकास भवन का घेराव



इटावा। मनरेगा मजदूरों को 75 दिनों से मजदूरी न मिलने के विरोध में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निदेर्शानुसार जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित एवं शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने विकास भवन का घेराव करते हुए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट तौर पर उल्लेख किया गया कि केंद्र और राज्य में सत्तारूढ़ मजदूर विरोधी बीजेपी सरकार ने उत्तर प्रदेश में मनरेगा के अंतर्गत कार्य करने वाले लगभग 1 करोड़ मजदूर परिवारों को पिछले 75 दिनों से उनकी मजदूरी का भुगतान नहीं किया है। आज की तारीख में उत्तर प्रदेश में लगभग 2 हजार करोड़ रुपये का मनरेगा का भुगतान लंबित है। इसके साथ ही इस योजना को जमीनी स्तर पर लागू करने वाले ग्राम रोजगार सेवकों सहित 40,000 संविदा कर्मियों को भी पिछले 8 महीनों से औसतन उनका मानदेय नहीं दिया है। ऐसी गंभीर परिस्थितियों में कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश के राज्यपाल से मांग करती है कि शीघ्रातिशीघ्र उक्त भुगतानों को कराने का कष्ट करें। अन्यथा की स्थिति में कांग्रेस पार्टी गरीब मनरेगा मजदूरों के हित में देश एवं प्रदेश व्यापी आंदोलन करने को बाध्य होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, करण सिंह राजपूत, प्रशांत तिवारी, अरुण यादव, कुसुमलता उपाध्याय, अमित त्रिपाठी अंबुज, आशाराम कठेरिया, विष्णुकान्त मिश्रा, सुनीता कुशवाहा, आसिफ जादरान, अनुराग कर्ण दीक्षा शुक्ला, अंसार अहमद, सुहेल वारसी, रणवीर सिंह यादव, सिद्धनाथ यादव एडवोकेट, सरन ऋषिश्वर, सुरेंद्र सिंह चैहान, अजहरुद्दीन, कान्ती एवं शारदा रहे।

## सफारी पार्क में शेरनी नीरजा के शावकों का जन्मदिन मना

इटावा। सफारी पार्क में शेरनी नीरजा और बब्बर शेर कान्हा की मेटिंग से 16 मार्च 2025 को जन्मे तीनों शावक अब एक वर्ष के हो गए हैं। इस मौके पर सफारी पार्क में उनके पहले जन्मदिन का छोटा सा समारोह आयोजित किया गया। वहीं लोगों ने केक काटकर जन्मदिन मनाया। तीनों शावकों के स्वस्थ विकास को लेकर पार्क प्रशासन ने संतोष जताया है। उन्हें देखने के लिए आने वाले पर्यटकों में भी खास उत्साह देखा जा रहा है। इस मौके पर सफारी पार्क के निदेशक डा. अनिल पटेल, उपनिदेशक डा. विनय सिंह, रेंजर रूपेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। सफारी पार्क प्रशासन के अनुसार शेरनी नीरजा ने 16 मार्च 2025 को तीन शावकों को जन्म दिया था। जन्म के बाद लगभग छह माह तक शेरनी ने खुद ही अपने बच्चों की देखभाल की और उन्हें सुरक्षित रखा। इसके बाद सुरक्षा और बेहतर देखरेख के लिए तीनों शावकों को उनकी मां से अलग करते हुए ब्रीडिंग सेंटर के दूसरे हाउस में रखा गया, जहां उनकी नियमित निगरानी की जा रही है। सफारी पार्क के अधिकारियों ने बताया कि जब शेरनी नीरजा ने पहली बार शावकों को जन्म दिया था, तब उसने उन्हें दूध नहीं पिलाया था। उस समय पार्क के कीपर आसिफ और अजय सिंह ने शावकों की देखभाल की जिम्मेदारी संभाली और उनका पालन-पोषण किया था। दूसरी बार हालांकि नीरजा ने अपने शावकों की अच्छी तरह देखभाल की और उन्हें पूरी तरह सुरक्षित रखा।

# पीएम स्वनिधि से 43 हजार से अधिक पटरी कारोबारियों का संवरा कारोबार

घनश्याम कुमार

गोरखपुर। प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना पटरी कारोबारियों के कारोबार को संवारने में बड़े काम की साबित हो रही है। अकेले गोरखपुर में अब तक 43609 स्ट्रीट वेंडर्स जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) के माध्यम से योजना का लाभ उठाकर कारोबार समृद्ध कर रहे हैं। इनमें से 14409 ऐसे हैं जिन्होंने पहला लोन चुकाकर दूसरा और 2494 ने दूसरा लोन चुकाकर तीसरा लोन प्राप्त किया। लोन लेने के बाद डिजिटल लेनदेन से उन्हें कैशबैक का अतिरिक्त फायदा हो रहा है। पीएम स्वनिधि योजना की शुरूआत जून 2020 में उस वक्त हुई जब कोरोना काल में कारोबार बुरी तरह प्रभावित था। इसका सबसे अधिक असर रेहड़ी-पटरी दुकानदारों पर था। दुकानदारी चौपट होने के कगार पर थी। ऐसे में उनके लिए संकटमोचक बनी पीएम स्वनिधि योजना। इस योजना का सहारा पाकर रेहड़ी-पटरी कारोबारियों के जीवन में समृद्धि का नया प्लेटफार्म मिला। अकेले गोरखपुर में जिला शहरी विकास अभिकरण (डूडा) के जरिये अब तक 43609 रेहड़ी-पटरी दुकानदार 10 हजार रुपये का गारंटी मुक्त लोन लेकर अपने कारोबार को संवार चुके हैं। पीएम स्वनिधि के तहत प्रथम, द्वितीय व तृतीय ऋण को मिलाकर गोरखपुर में कुल 84 करोड़ 89 लाख 70

- **रेहड़ी-पटरी कारोबारियों को बिना गारंटी मिलता है दस हजार रुपये का लोन**
- **पहला लोन चुकाने पर दूसरी बार दोगुनी और तीसरी बार पांच गुनी धनराशि का ऋण**
- **स्वनिधि योजना से पटरी कारोबारियों के व्यापार को मिल रहा मजबूत संबल**

हजार रुपये का ऋण स्ट्रीट वेंडर्स में वितरित किया जा चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पटरी कारोबारियों के प्रति संवेदनशीलता और नियमित मॉनिटरिंग से स्ट्रीट वेंडर्स के लिए पीएम स्वनिधि योजना का खूब रंग जमा है। योजना का लाभ पाने में किसी को कोई दिक्कत न आए, इसके लिए सरकार ने सिंगल विंडो सिस्टम भी शुरू कराया। यहां पीएम स्वनिधि योजना के तहत आवेदन कर रेहड़ी-पटरी चलाने वाले 10 हजार रुपये का गारंटी फ्री लोन प्राप्त कर सकते हैं। लोन की राशि एक साल में चुका देने पर दूसरी बार 20 हजार और तीसरी बार 50 हजार रुपये का ऋण लेकर कारोबार को और विस्तार दिया जा सकता है। पीएम स्वनिधि योजना में समयबद्ध भुगतान करने में ब्याज पर 07 प्रतिशत अनुदान भी मिलता है। यदि लोन देने वाले रेहड़ी-पटरी दुकानदार ने ऋण भुगतान मोड में किया तो उसे 1200 रुपये तक कैशबैक भी मिलता है। पीएम स्वनिधि योजना की सफलता को लेकर अकेले गोरखपुर में कई बार स्वनिधि महोत्सव का आयोजन हो चुका है। तीन बार महोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद स्ट्रीट वेंडर्स का मनोबल बढ़ाने आए थे। महोत्सव में स्वनिधि लोन लेकर कारोबार को आगे बढ़ाने वाले रेहड़ी-पटरी दुकानदारों को उन्होंने सम्मानित भी किया गया था। गोरखपुर के महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में रेहड़ी पटरी कारोबारियों का व्यवस्थित पुनर्वास करने के साथ उनके कारोबार को समृद्ध करने के लिए पीएम स्वनिधि योजना से वित्त पोषित भी किया जा रहा है।

### गोरखपुर में पीएम स्वनिधि योजना की उपलब्धि

| श्रेणी | लाभार्थियों की संख्या |
|---|---|
| प्रथम ऋण | 43609 |
| द्वितीय ऋण | 14409 |
| तृतीय ऋण | 2494 |

## मां-बेटे की मौत के बाद पोखरे में मिला एक और शव, दो गिरफ्तार

बलिया। गड़वार थानाक्षेत्र के चिलकहर गांव में एक व्यापारिक प्रतिष्ठान में आग लगने से 22 वर्षीया एक महिला और उसके चार साल के बेटे की दम घुटने से मौत होने की घटना के 24 घंटे बाद मंगलवार को महिला के ससुर का शव एक मंदिर के पोखरे में मिला। पुलिस के अनुसार मामले में महिला के पिता की तहरीर पर उसके जेठ, सास और ससुर के विरुद्ध हत्या और आपराधिक साजिश के आरोप में नामजद मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार दो आरोपियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस के अनुसार सोमवार तड़के एक व्यापारिक प्रतिष्ठान में आग लगने के कारण रिंकी (22) व उसके बेटे धीरज (चार) की दम घुटने से मृत्यु हो गई थी। पुलिस के अनुसार इसके साथ ही रिंकी के पति नीरज चौरसिया (24) घायल हो गए थे। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि उसी दुकान में रहने वाले महिला के ससुर झूलन चौरसिया (65) का काफी खोज-बीन के बाद भी पता नहीं चल पाया। उन्होंने बताया कि झूलन के ज्येष्ठ पुत्र पंकज चौरसिया द्वारा मंगलवार को पुलिस को सूचना दी गई कि झूलन चौरसिया का शव गांव के ही शिव मन्दिर पोखरे में पड़ा है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार रिंकी के पिता एवं रसड़ा थानाक्षेत्र के परसिया गांव निवासी पुरुषोत्तम चौरसिया की तहरीर पर झूलन चौरसिया, उनकी पत्नी कांति देवी और उनके बेटे पंकज चौरसिया के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की हत्या व आपराधिक साजिश से संबंधित धारा 103(1), 61(2)एव 326 जी के तहत नामजद मामला गड़वार थाने में दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार पुरुषोत्तम चौरसिया ने तहरीर में आरोप लगाया है कि नीरज को आगे बढ़ते देखकर पंकज उससे द्वेष रखता था तथा पंकज चौरसिया, उसके पिता झूलन चौरसिया और मां कांति देवी ने षड्यंत्र के तहत साजिश करके दुकान में आग लगाकर घर के बाहर ताला बंद कर दिया। पुलिस के अनुसार पुरुषोत्तम चौरसिया ने तहरीर में आरोप लगाया है कि आग लग जाने की वजह से कमरे के अंदर सोई रिंकी व उसके बेटे धीरज की दम घुटने के कारण मौत हो गई और नीरज गंभीर रूप से घायल हो गया।

## सूदखोरों की प्रताड़ना से तंग युवक ने फांसी लगा दे दी जान

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के गजपुर निवासी एक युवक ने सूदखोरों की प्रताड़ना से तंग आ सोमवार की देर रात छत की कुंडी से फांसी लगा जान दे दी। युवक ने पिछले वर्ष बहन की शादी के लिए ब्याज पर पैसे लिए थे। जिसे वह चुका नहीं पा रहा था। जानकारी के अनुसार गजपुर निवासी हरीश उर्फ सनी सैनी (26 वर्ष) पुत्र संतोष गजपुर में ही शादी-ब्याह में फ्लावर डेकोरेशन का काम करता था। गत वर्ष उसने 24 फरवरी को अपनी बहन की शादी की थी। शादी में होने वाला खर्च उसने ब्याज पर लिए हुए कर्ज से किया था।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, देवरिया
**Office of The Municipal Board, Deoria**
अबुबकर नगर दक्षिणी, देवरिया, उ.प्र.-274001
Website - http://nppdeoria.in e-mail - eonppdeo@gmail.com

**पत्रांक : 4483/वि०वि०-2025-26/देवरिया** **दिनांक : 17/03/2026**

### अति अल्पकालिक नीलामी सूचना

एतद् द्वारा ई-निदिया प्रणाली के पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों/का समूह को सूचित किया जाता है कि न. पा. परि., देवरिया द्वारा नगर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पालिका द्वारा स्थापित प्रचार-प्रसार हेतु एल.ई.डी. स्क्रीन वित्तीय वर्ष 2026-27, 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च, 2027 तक संचालन किये जाने हेतु निलामी ई-निविदा पोर्टल https://www.etender.up.nic.in के माध्यम से दिनांक 18/03/26 से दिनांक 28/3/26 को 03 बजे तक डाउनलोड व अपलोड की जा सकती है। निविदा के साथ यथेष्ठ मूल्य की धरोहर धनराशि तथा निविदा प्रपत्र मूल्य की धनराशि को UP e-tender online Account में नेट बैंकिंग के माध्यम से जमा कर प्राप्ति रसीद निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। ई-निलामी के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी विज्ञापन अनुभाग नगर पालिका परिषद, देवरिया में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

1. ई-नीलामी डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि व समय 18/03/2026 11 बजे
2. ई-नीलामी डाउनलोड की अन्तिम तिथि व समय 28/03/2026 03 बजे
3. ई-नीलामी बिड़ खोले जाने की तिथि व समय 30/03/2026 10 बजे

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | न्यूनतम बोली | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हनुमान मन्दिर, पूर्वा चौराहा, टाउन हाल कैम्पस एवं मालवीया रोड पर लगे एल.ई.डी. स्क्रीन का संचालन कार्य। | 9,80,000=00 | 98,000=00 | 1657.00 |

1. नीलामी को स्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी न० पा० परि०, देवरिया में निहित होगा।
2. निविदादाता को जी०एस०टी० नम्बर, आधार कार्ड, पैन कार्ड निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।
3. यह कि एल0ई0डी0 स्क्रीन के रख-रखाव की जिम्मेदारी फर्म की होगी।
4. यह कि एल0ई0डी0 स्क्रीन का स्थान बदला नही जा सकेगा।
5. यह कि ठेके के लिए अधिक दर (धनराशि) आने पर ठेकेदार के पक्ष में अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी की स्वीकृति के पश्चात ही मानी जायेगी। उच्चतम बोलीदाता की जमानत की धनराशि ठेके की धनराशि में समायोजित की जायेगी। उच्चतम बोलीदाता द्वारा सम्पूर्ण कार्यवाही पूर्ण न करने पर प्रथम उच्चतम बोलीदाता की बोली निरस्त कर जमानत की धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
6. बोलीदाता को बोली में दिये गये सभी प्रपत्र के सत्यता एवं सूचना के सम्बन्ध में शपथ प्रमाण पत्र मूल रूप में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद देवरिया को सम्बोधित करते हुए निविदा प्रपत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
7. यह कि उक्त एल०ई०डी० स्क्रीन की वसूली पालिका द्वारा प्रदत उपविधि के अनुसार किया जायेगा। यदि कोई शिकायत या अनियमितता पायी जाती है तो बिना कारण बताये ठेका जनहित में निरस्त कर दिया जायेगा।
8. बोलीदाता के पक्ष में आदेश होने के उपरान्त 50% धनराशि 15 दिवस के अन्दर एवं शेष 50% धनराशि 3 माह के अन्दर पालिका में जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा उक्त ठेका निरस्त कर दिया जायेगा।
9. सरकारी कार्यक्रमों हेतु पालिका अपनी सुविधानुसार अतिरिक्त एल0ई0डी० स्क्रीन लगवा सकेगी अथवा पूर्व से लगे एल0ई0डी0 स्क्रीन का निःशुल्क इस्तेमाल कर सकती है।
10. ठेकेदार यह सुनिश्चित करेगा कि एल0ई0डी0 स्क्रीन पर किसी भी प्रकार का अभद्र / मजहब/धर्म/व्यक्ति विशेष को ठेस पहुँचाने वाले फोटो अथवा विडियो को प्रसारित नही करेगा। अगर ऐसा करते हुए पाया जाता है तो सम्बन्धित फर्म के खिलाफ एफ0आई0आर0 आदि कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी।
11. किसी भी प्रकार की दुर्घटना घटित होने पर इसकी समस्त जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, देवरिया**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, देवरिया।**


## दो बच्चों की मां का फंदे से लटकता मिला शव
### आत्महत्या की संभावना

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थानाक्षेत्र के ग्राम सभा बरईपार, बड़का टोला में मंगलवार की सुबह 30 वर्षीय ममता देवी पत्नी श्याम सुंदर विश्वकर्मा का कमरे में पंखे से लटकता हुआ शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों की मानें तो घर मे कोई भी सदस्य मौजूद नही था। महिला के ससुर गोरखपुर काम पर गए थे। सास आंख के आपरेशन के लिए पांच दिन पहले से अपने मायके गई हुई थी। उसके दोनो बच्चे भी नही थे। उसका पति और देवर भी बाहर मजदूरी करने के लिए गए है। घर में अकेली महिला ही थी। जो घर का कमरा बंद करके सीलिंग फैन में दुपट्टा का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया था। मंगलवार की सुबह पडोस की एक बच्ची उसके घर गई तो लटकता हुआ देखकर शोर मचाया। आसपास के लोग दौड़े और दरवाजा को तोड़ा। जानकारी मिली है कि महिला की वर्ष 2016 में शादी हुई थी। वह दो बच्चों की मां थी। समाचार लिखे जाने तक घटना के संबंध में कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

### सूचना

सूचित करना है कि मेरी डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ की संस्थान के एन आई टी सुल्तानपुर यू पी की बीटेक सेकंड ईयर की मार्कशीट **अनुक्रमांक 1110430055** कही गिर गई है। जिसको मिले सूचित करे। **विजय आनन्द पुत्र रामशब्द चौधरी निवासी-529 डी/2/510 जागृति विहार, गली न 6, कल्याणपुर, लखनऊ**

## डीएलएड प्रशिक्षुओं ने किया महाविद्यालय का नाम रोशन



जसवन्तनगर, इटावा। चै. सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी के डी.एल.एड प्रशिक्षुओं ने सेमेस्टर परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के परिणामों में छात्रों ने शानदार अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। मेधावी प्रशिक्षुओं को महाविद्यालय द्वारा सम्मानित भी किया गया।

डी.एल.एड प्रथम सेमेस्टर परिणाम में मोहिनी ने 92.87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। सपना ने 90.87 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शाहिद हुसैन ने 90.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। मनी उपाध्याय ने 90.12 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान हासिल किया। रितु सोनी एवं कुमारी दिव्या ने 90.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से पांचवां स्थान प्राप्त किया। डी.एल.एड तृतीय सेमेस्टर परिणाम में साक्षी ने 90.63 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रिया यादव ने 90.38 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया। आनंद कुमार ने 90.13 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। अकबर ने 89.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान हासिल किया। दीप्ति तोमर, दीपक एवं कुमारी दीपिका ने 89.63 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से पांचवां स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधन निदेशक अनुज मोंटी यादव ने कहा कि छात्रों की यह सफलता उनके कठोर परिश्रम, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

## भाजपा अध्यक्ष का एक वर्ष का कार्यकाल पूरा हुआ
### कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न, दी शुभकामनाएं



इटावा। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता के अध्यक्षीय कार्यकाल का एक साल पूरा हो गया है। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने उन्हें बधाई दी। आज के ही दिन 16 मार्च 2025 को अरुण कुमार गुप्ता ने जनपद में भाजपा अध्यक्ष पद कमान संभाली थी।

पदभार ग्रहण करने के बाद से ही जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने जिले में भाजपा संगठन को मजबूत करने का कार्य किया है। उनके नेतृत्व में संगठन का विस्तार हुआ है। जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने श्अंत्योदयश के सिद्धांत पर कार्य करते हुए संगठन की मजबूती के लिए प्रयास किए हैं। कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर जिले के पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने अन्नू गुप्ता को फोन व सोशल मीडिया के माध्यम से भी शुभकामनाएं दी गईं। जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता को पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा, जिलामहामंत्री प्रशांत राव चैबे, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विमल भदौरिया, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीता गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष हरनाथ कुशवाह, जिला मंत्री जितेंद्र गौड़, रजत चैधरी, राहुल राजपूत, कृपा नारायण तिवारी, कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया, डॉ सौरभ दीक्षित, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, अलोक गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्य, नगर पंचायत अध्यक्ष गणेश शंकर पोरवाल, समीर सक्सेना, विमलेश शाक्य, अंकित सैनी, शनि शर्मा, वैभव दुबे प्रमिला पालीवाल, मनीषा शुक्ला, नीतू नारायण मिश्रा, मोनू चैहान, अभिषेक मिश्रा, बासु चैधरी, अजय गुप्ता, अशोक चैहान सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्तागणों ने शुभकामनाएं व बधाई प्रेषित की।

## संक्षेप

### बहला-फुसलाकर युवती को ले जाने का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली गोला क्षेत्र के ग्राम सोनारीपुर से एक युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। मामले में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी 22 वर्षीय युवती 12 मार्च की रात करीब 10 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। आरोप है कि गांव के ही अरुण उर्फ चुरई पुत्र जगन्नाथ उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि घटना में रामपुर्ती और विनोद पुत्रगण जगन्नाथ निवासी सोनारीपुर ने भी सहयोग किया। परिजनों ने युवती की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों ने पुलिस से नामजद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए युवती की सकुशल बरामदगी की मांग की है।

### 27वीं शब-ए-मुबारक पर कुरआन मुकम्मल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कस्बे की सुनहरी कादरी मस्जिद ईदगाह में 27वीं शब-ए-मुबारक के मौके पर कुरआन-ए-पाक मुकम्मल होने पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने रातभर इबादत कर मुल्क में अमन, तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी। कार्यक्रम के दौरान कुरआन मुकम्मल होने पर कारी साहब को माला पहनाकर सम्मानित किया गया और उन्हें हदिया पेश किया गया। समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रियाज उल्ला खान उर्फ बन्ने प्रधान ने पेश इमाम अब्दुल अलीम की मौजूदगी में कारी साहब को तोहफा भेंट किया। इस दौरान मस्जिद परिसर में धार्मिक माहौल बना रहा और नमाजियों ने पूरे अकीदत के साथ इबादत में हिस्सा लिया। आयोजन में डॉ. एहसान अली, सैयद अली नाम, आफताब खान, हफीज कुरैशी, रकीम खान, साजिद मंसूरी, आमिर इदरीसी, सिराज पठान और शाहरुख कुरैशी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### बृज की होली, तुलसी महोत्सव संपन्न

धौरहरा खीरी। तराई क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में शामिल श्री राम वाटिका धाम में 11 दिन श्री राम महायज्ञ में यज्ञाचार्य राजेश शास्त्री ने 27 लाख यज्ञ आहुति डलवा कर यज्ञ की पूर्णाहुति की वहीं मथुरा बरसाना के आमंत्रित कलाकारों ने बृज की लट्ठमार होली और सम्मान समारोह के साथ संत गोस्वामी तुलसीदास महोत्सव का समापन हुआ। तराई क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में शामिल संत गोस्वामी तुलसीदास की रचना स्थली श्री राम वाटिका धाम राम बट्टी में चल रही 11 दिवसीय श्री राम नाम जप महायज्ञ 27 लाख यज्ञाहुतियों के साथ पूर्ण हुई। वहीं बरसाना के कलाकारों ने बृज की लट्ठमार और फूलों की होली के साथ रासलीला मंचन किया। श्री राम वाटिका धाम कमेटी ने मुख्य अतिथि विधायक विनोद शंकर अवस्थी, विशिष्ट अतिथि आनंद मोहन त्रिवेदी, समरसता प्रमुख राजकिशोर, व्यापारी विजय जायसवाल, सहित क्षेत्रीय आगंतुकों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके अलावा समिति ने कलाकारों, और सहयोगियों को भी सम्मानित किया। इस मौके पर भगवती प्रसाद अग्रवाल, रामकुमार शर्मा, महेश गंभीर, पूर्व चेयरमैन राजीव जायसवाल, डाक्टर मुकेश गुप्ता सहित क्षेत्र के हजारों लोगों की मौजूदगी रही।

# एफएसएसएआई नियमों में बदलाव से छोटे व्यापारियों को राहत



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। खाद्य कारोबार से जुड़े छोटे व्यापारियों को राहत देते हुए केंद्र सरकार ने एफएसएसएआई के नियमों में अहम बदलाव किए हैं। इस निर्णय के बाद व्यापारियों में खुशी का माहौल है और उन्होंने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर फैसले का स्वागत किया। व्यापारियों के अनुसार देशभर के व्यापारियों द्वारा समय-समय पर लाइसेंस और अनुपालन से जुड़ी जटिलताओं को लेकर आवाज उठाई जाती रही है। इन समस्याओं को नेशनल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड के माध्यम से विभिन्न बैठकों और वर्चुअल मीटिंग्स में सरकार के समक्ष रखा गया था। बोर्ड ने व्यापारियों की समस्याओं और सुझावों को संबंधित मंत्रालयों तक पहुंचाया, जिसके बाद नियामकीय प्रक्रियाओं को सरल बनाने का निर्णय लिया गया।

नई व्यवस्था के तहत एक अप्रैल से खाद्य व्यवसायों के लिए मूल पंजीकरण की वार्षिक कारोबार सीमा 12 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.5 करोड़ रुपये कर दी गई है। इससे देशभर के सूक्ष्म और लघु खाद्य कारोबारियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है और खाद्य व्यापार से जुड़ी प्रक्रियाएं अधिक सरल होंगी। व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष राम मोहन सोनी ने बताया कि नई व्यवस्था में नगर निकायों में पंजीकृत स्ट्रीट वेंडर्स को अब स्वतः पंजीकृत माना जाएगा। इससे उन्हें अलग-अलग विभागों में पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से देश के लाखों स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को सीधा लाभ मिलेगा। सरकार के इस फैसले पर स्थानीय व्यापारियों ने खुशी जताते हुए एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया और इसे छोटे व्यापारियों के लिए राहत भरा कदम बताया। इस दौरान नगर अध्यक्ष पवन गुप्ता, नगर महामंत्री मुनेंद्र पाल सिंह, नगर उपाध्यक्ष दिनेश गुप्ता, कालीचरण वर्मा, सुरेश गुप्ता, आशीष गुप्ता, सत्यप्रकाश गुप्ता, परमेश्वर वर्मा और राजकुमार गुप्ता सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

## लेखपाल संघ की पहल पर बैडमिंटन प्रतियोगिता



धौरहरा खीरी। लेखपाल संघ धौरहरा के तत्वाधान में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बैडमिंटन एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के लेखपालों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी शशिकांत मणि विशिष्ट अतिथि तहसीलदार आदित्य विशाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। लेखपाल संघ के अध्यक्ष शशांक शेखर शुक्ला ने बताया कि इस तरह की खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से साथियों में नई ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने इसे एक नवाचार बताते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य सभी को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले और विजेताओं को एसडीएम शशिकांत मणि ने सील्ड देकर सम्मानित भी किया गया।

## अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से तीन घायल, एक की मौत

धौरहरा खीरी। तराई क्षेत्र में मौजूद सिसैया ढखेरवा हाइवे पर अनियंत्रित व तेज रफ्तार वाहनों का कहर बराबर व लगातार जारी है हाइवे पर चलने वाले दो पहिया व चार पहिया वाहन तेज रफ्तार के साथ अनियंत्रित होकर अब तक सैकड़ों लोगों के चोटिल होने के साथ साथ दर्जनों लोग काल के गाल में समां चुके हैं।

प्राप्त विवरण के अनुसार तराई क्षेत्र में पीलीभीत से डेबर घाट जाने वाले हाइवे पर कस्बा धौरहरा के नजदीक इण्डियन धर्मकांटा के पास सोमवार रात लगभग 9 बजें अनियंत्रित ट्रक संख्या यू पी-42-बी टी.-5121 ने बाइक सवार लालू 25 वर्ष पुत्र इतवारी निवासी ग्राम मोतीपुर चफरिया बहराइच, भोगी 50 वर्ष पत्नी गोपाल निवासी मिहींपुरवा बहराइच व दिनेश 45 वर्ष पुत्र श्यामलाल निवासी पचघरा धौरहरा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सी एच सी धौरहरा भेजा गया।प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सभी को जिला मुख्यालय भेजा गया व वाहन को धौरहरा पुलिस ने कब्जे में ले लिया। गंभीर रूप से घायल हुए लालू की मौत जिला मुख्यालय ओयल में हो गई। दूसरी तरफ बीती 15 मार्च को सिसैया ढखेरवा हाइवे पर ठेकेदार राम सिंह द्वारा सड़क पर डलवाई गई गिट्टी व मौरंग के कारण बाइक फिसलने से थाना क्षेत्र ईसानगर के ग्राम हसनापुर निवासी तीन लोग कस्बे में चल रही रासलीला देखने रामबाटिका धाम आते वक्त चोटिल हो गए जिन्हें लोगों द्वारा सी एच सी धौरहरा भेजा गया।इस मामले में अधिशासी अधिकारी गौरव सिंह ने बताया कि ठेकेदार से सड़क मार्ग से गिट्टी व मौरंग हटवाने को कहा है।

## मनरेगा मजदूरों को मानदेय न मिलने पर कांग्रेस का ज्ञापन




लखीमपुर खीरी। मनरेगा मजदूरों के बकाया भुगतान और संविदा कर्मियों के मानदेय को लेकर कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन। 17 मार्च को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रहलाद पटेल और शहर अध्यक्ष रियाज अहमद मोनू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी कांग्रेस भवन पर एकत्रित होकर सड़को पर मार्च करते हुए विकास भवन पहुंचे। वहाँ घेराव कर धरना प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन कारियो ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी कर महामहिम राज्यपाल महोदया को संबोधित ज्ञापन द्वारा परियोजना अधिकारी एस एन चौरसिया को सौंपा। जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने बताया कि प्रदेश में लगभग एक करोड़ मनरेगा मजदूरों का पिछले 75 दिनों से भुगतान लंबित है, जिसमे करीब दो हजार करोड़ रुपए की धनराशि अटकी हुई है' उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम रोजगार सेवकों सहित लगभग 40 हजार संविदा कर्मियों को पिछले आठ महीनों से मानदेय नहीं मिला है। मनरेगा कर्मियों को वेतन न मिलने से कर्मचारी परेशान है। इस वित्तीय संकट के कारण गरीब जाब कार्ड धारक और रोजगार सेवक प्रभावित हुए हैं। जिला उपाध्यक्ष मोहन चंद्र उप्रेती ने सरकार को 10 दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि भुगतान अति शीघ्र नहीं होता है तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। कार्यक्रम की जानकारी कांग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी। उक्त प्रदर्शन में प्रमुख रूप से उपस्थित रवि तिवारी, राम गौतम, रामपाल शाक्य, लतीफ आजम, देवेन्द्र कुमार पंकज, राजू पंकज, राजेंद्र गुप्ता, अब्दुल रहीम, अकील खान हरगोविंद वर्मा, संतोष कुमार, जावेद अली एडवोकेट, राहुल गौतम, नौशाद अली, कमल जीत सिंह शिव कुमार राज आदि सैकड़ों कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## होली मिलन समारोह में नेताओं ने दिया एकता का संदेश



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कुम्हारन टोला स्थित भाजपा कैम्प कार्यालय गौशाला में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और नगरवासियों की भारी भीड़ उमड़ी।

समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अरविन्द गुप्ता, विशिष्ट अतिथि विधायक मोहम्मदी लोकेन्द्र प्रताप सिंह, सदर विधायक योगेश वर्मा, जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद मिश्रा सहित अन्य अतिथियों का ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन भूमि विकास बैंक सुर्जन लाल वर्मा ने की। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने होली गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को उत्साह और उमंग से भर दिया। होली के रंग में रंगे लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि अरविन्द गुप्ता ने कहा कि होली आपसी मतभेद भुलाकर एकता और भाईचारे को मजबूत करने का पर्व है। उन्होंने कार्यकताओं से आपसी समन्वय के साथ आगे के चुनावों की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने होली को समरसता का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह पर्व समाज में भेदभाव मिटाने का संदेश देता है। विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि होली मिलन का पर्व है, जिसमें सभी लोग एक-दूसरे से मिलकर रिश्तों को मजबूत करते हैं। जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य ने इसे संबंधों के नवीनीकरण का पर्व बताया। पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद मिश्रा ने गोला से अपने पुराने संबंधों का उल्लेख किया। आयोजक विजय शुक्ला रिंकू ने सभी अतिथियों और नगरवासियों का आभार जताते हुए कहा कि होली मिलन समारोह के माध्यम से एक साथ सभी लोगों से मुलाकात का अवसर मिलता है।

कार्यक्रम का संचालन संजीव दीक्षित ने किया, जबकि अध्यक्षता कर रहे सुर्जन लाल वर्मा ने अंत में सभी का आभार व्यक्त किया। समारोह में कीर्ति माहेश्वरी, संत प्रवीणदास, राम मोहन सोनी, संतोष कुमारी, विनोद वर्मा, रामकुमार गौतम, संदीप अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## पंजाबी वेलफेयर काउंसिल के पदाधिकारी डिप्टी सीएम से मिले



लखीमपुर खीरी। बृजेश पाठक डिप्टी सीएम के लखनऊ स्थित आवास पर ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल के प्रतिनिधि मंडल ने शिष्टाचार भेंट की।

इस प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह जग्गी, प्रदेश अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह राणा, गुरप्रीत सिंह (जिला सचिव, लखीमपुर) सहित आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान बताया कि जनपद खीरी तराई का क्षेत्र है। वहा पर बाघ किसानों पर हमला कर किसानों को मौत के घाट उतार रहे हैं। शारदा एवं घाघरा नदी हर साल किसानों की बाढ़ में फसल बर्बाद करती है। करोड़ों रुपया बाढ़ के नाम पर खर्च होता है फिर भी बाढ़ से निजात नहीं मिलती। संबंधित विभिन्न ज्वलंत समस्याओं पर खीरी सहित उत्तर प्रदेश पर चर्चा की गई। प्रतिनिधि मंडल ने क्षेत्र में सामाजिक, सुरक्षा एवं धार्मिक मुद्दों के संबंध में अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए। उपमुख्यमंत्री ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना तथा आवश्यक कार्यवाही एवं समाधान हेतु सकारात्मक आश्वासन प्रदान किया। हरपाल सिंह ने बताया डिप्टी सीएम के साथ बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। भविष्य में भी जनहित के मुद्दों पर चर्चा हुई है उन्होंने समाधान का आश्वासन दिया है।

## मगरमच्छ के हमले में दो बच्चों की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। क्षेत्र के ग्राम लखहा भूड़ में मगरमच्छ के हमले में दो बच्चों की मौत से इलाके में शोक फैल गया। दोनों बच्चे बीते तीन दिनों से लापता थे, जिनकी तलाश की जा रही थी। जानकारी के अनुसार, परिजनों द्वारा लगातार खोजबीन के बाद घटना का पता चला, जिसमें मगरमच्छ के हमले में दोनों बच्चों की जान चली गई। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष विपुल गुप्ता अपने साथियों के साथ पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है। साथ ही इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की भी आवश्यकता जताई। गांव में घटना के बाद भय का माहौल है और लोग बच्चों को अकेले बाहर भेजने से बच रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सुरक्षा के इंतजाम सुनिश्चित करने की मांग की है।

## वार्षिक परीक्षाफल वितरण में मेधावियों का सम्मान, नये सत्र का ऐलान



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। वर्षभर की कठिन मेहनत का परिणाम रिपोर्ट कार्ड के रूप में अपने हाथों में पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। समारोह के दौरान कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच से उनके नामों की घोषणा होते ही तालियों की गूंज से पूरा परिसर गूंज उठा। अन्य छात्र-छात्राओं को भी भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए अधिक परिश्रम करने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम स्थल पर बनाए गए आकर्षक सेल्फी प्वाइंट ने सभी का ध्यान खींचा, जहां छात्र-छात्राओं में अपने अभिभावकों और शिक्षकों के साथ यादगार फोटो खिंचवाने की होड़ लगी रही। इस दौरान अभिभावकों ने भी बच्चों की उपलब्धियों पर खुशी जाहिर की और विद्यालय की व्यवस्थाओं की सराहना की। विद्यालय निदेशक मोहित पुरी तथा प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि सफलता निरंतर प्रयास और अनुशासन का परिणाम होती है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी लक्ष्य निर्धारित कर नियमित अध्ययन करने की सलाह दी। विद्यालय के प्रबंध निदेशक व गोला विधायक अमन गिरि ने अपने संदेश में मेधावी छात्र-छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को आगे भी इसी तरह मेहनत कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्र ने बताया कि विद्यालय का नवीन शैक्षणिक सत्र आगामी 19 मार्च से प्रारंभ होगा। उन्होंने जानकारी दी कि विद्यालय में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कक्षा 9 तथा कक्षा 11 (गणित, जीव विज्ञान, कॉमर्स व मानविकी वर्ग) में प्रवेश प्रक्रिया जारी है और अभिभावक समय रहते अपने बच्चों का नामांकन सुनिश्चित कराएं।

## पांच सूत्रीय ज्ञापन डीएम को सौंपा

लखीमपुर खीरी। मासिक पंचायत के अंतर्गत भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर डी एम लखीमपुर खीरी को सौंपा ज्ञापन। ज्ञापन मे कुलवंत सिंह जोशन ने कहा कि जनपद के सभी गेहूं क्रय केदो पर समयबद्ध रूप से खरीद प्रारंभ कराई जाए जिससे किसानों को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े किसानों को अनावश्यक कागजी कार्रवाई या सत्यापन के नाम पर परेशान ना किया जाए क्रय केंद्रों पर तौल व्यवस्था (कांटा) पूर्णतया सही एवं पारदर्शी रखी जाए तथा किसानों की उपज की शुद्ध एवं सही तौल सुनिश्चित की जाए। क्रय केंद्रों पर किसी प्रकार की अवैध वसूली एवं बिचौलियों की भूमिका पूर्णतया समाप्त की जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचनाः ओटी-23-2025**

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली" निविदा आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं. ओटी-23-2025**, कार्य का विवरणः खलीलाबाद, मगहर एवं जगतबेला रेलवे स्टेशनों में यार्ड के इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग से सम्बन्धित प्रस्तावित नव निर्मित भवनों एवं अन्य सम्बद्ध विद्युतीकरण कार्य। अनुमानित लागतः ₹ 61,71,125.32, बयाने की राशिः ₹ 1,23,400.00, निविदा प्रपत्र का मूल्यः 0.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि-06 माह। निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समयः 06.04.2026 को 15.00 बजें।

नोटः इस निविदा के विरुद्ध कोई मैनुअल आफर स्वीकार नही किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in को देखे। निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण
मुजाधि/विद्युत-303 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि.**
**अधीक्षण अभियन्ता (तकनीकी) जानकीपुरम क्षेत्र, लखनऊ**

**ई-निविदा सूचनाः वि.आ.सं.-723 दिनांक 17.03.2026**

**निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

22/SE/TECH/JZ/2025-26 अधिशासी अभियन्ता, 11 के.वी. एवं एल.टी. महानगर के 33/11के.वी. उपकेन्द्र जी.एस.आई., प्रियदर्शिनी, फैजुल्लागंज एवं दाउद नगर से पोषित कार्यक्षेत्रान्तर्गत एम.एण्ड आर. मद में एच.टी./एल.टी. लाइनों, पोलों एवं उपकेन्द्रों के अनुरक्षज्ञण व अन्य रनिंग विद्युतीय कार्य, ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रु. 1180.00 धरोहर रशि रु. 10000.00

ई-निविदा की अन्तिम तिथि 02 अप्रैल, 2026

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी।

## महिला की पिटाई के विरोध में थाने पर प्रदर्शन




जिला संवाददाता(vol)

मैगलगंज खीरी। चौकी क्षेत्र के औरंगाबाद में 12 फरवरी की रात से फरिया पिपरिया से कालीचरन गायब होने के बाद से पुलिस के द्वारा खोज बीन के हर संभव प्रयास किए गए, लेकिन अभी तक कोई भी अता पता नहीं मिला। इसके बाद मैगलगंज पुलिस ने पीड़ित परिजनों की तहरीर पर चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही तेज कर दी।

किसान नेताओं का आरोप है कि मैगलगंज पुलिस के द्वारा 16 तारीख को औरंगाबाद चौकी पर मुकदमे में नामजद महिला लखविंदर कौर के साथ बर्बरता पूर्वक मारपीट की गई, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसके बाद कई किसान संगठनों ने मैगलगंज कोतवाली परिसर का घेराव कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

मैगलगंज कोतवाली परिसर में पहुंचे किसान नेताओं ने इंस्पेक्टर मैगलगंज इंद्रजीत से अभद्रता का भी आरोप लगाते हुए किसान नेता आक्रोशित हो गए। हालांकि कई किसान नेताओं के द्वारा बात को संभालते हुए शांतिपूर्वक अपनी बात रखी गई। नेताओं द्वारा एडीशनल एसपी को मौके पर बुलाया जाने की मांग शुरू हुई। किसान नेताओं की मांग के बाद मौके पर एडिशनल एसपी अमित कुमार राय, मितौली व धौरहरा सीओ मौके पर पहुँच कर बात की। हालांकि किसान नेताओं द्वारा इंस्पेक्टर मैगलगंज व चौकी इंचार्ज औरंगाबाद को निलंबित किए जाने का मांगपत्र एडिशनल एसपी अमित कुमार राय को सौपा, जिसके बाद एडिशनल एसपी द्वारा तत्काल प्रभाव से चौकी इंचार्ज औरंगाबाद सुनील तिवारी को निलंबित किए जाने की बात कही। लेकिन किसान संगठन के द्वारा इंस्पेक्टर मैगलगंज को हटाए जाने को लेकर अड़े रहे समाचार लिखे जाने तक धरना प्रदर्शन समाप्त नहीं हुआ। इस दौरान मुख्य रूप से टिकैत ग्रुप के दिलबाग, किसान यूनियन जल शक्ति से कमलेश, सिख समुदाय के जिला अध्यक्ष पिंदर सिंह सिंधु, अभिषेक यादव, अनिल शुक्ला वाजपेई, जसवीर सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## छह दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण से लौटे कृषि महाविद्यालय के छात्र



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद के बीएससी कृषि पंचम सेमेस्टर के 39 सदस्यीय छात्र दल का छह दिवसीय अंतर्राज्यीय शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। छात्र दल 15 मार्च की रात्रि को महाविद्यालय वापस लौट आया।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को उत्तराखंड के विभिन्न प्रमुख शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थानों का दौरा कराया गया। इसमें गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर, भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान देहरादून, भारतीय वन सर्वेक्षण तथा वन अनुसंधान संस्थान देहरादून शामिल रहे। इस दौरान छात्रों ने मृदा एवं जल संरक्षण, पौध संवर्धन, वानिकी, मत्स्य पालन, फ्लोरीकल्चर और उद्यानिकी से जुड़ी आधुनिक तकनीकों और शोध कार्यों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही प्रयोगशालाओं और संग्रहालयों का अवलोकन कर व्यावहारिक ज्ञान हासिल किया। भ्रमण कार्यक्रम में डॉ. अरुण कुमार, डॉ. रणधीर यादव और सर्वेश पांडेय मार्गदर्शक के रूप में साथ रहे, जिनके निर्देशन में पूरा कार्यक्रम सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अनिल कुमार सिंह ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों के ज्ञान में वृद्धि होती है और उनके व्यक्तित्व विकास में भी मदद मिलती है।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, सीतापुर**

**पत्रांक-900/ई-टेण्डर/2025-26** **दिनांक-12.03.2026**

**(प्रथम आमंत्रण)**

महामहिम राज्यपाल महोदय उ०प्र० की ओर से अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड उ०प्र० लोक निर्माण विभाग, सीतापुर लोक निर्माण विभाग में रजिस्टर्ड भवन श्रेणी ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद/ खण्ड का नाम | विधान सभा का नाम | कार्य का नाम | निर्माण की लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सीतापुर/ प्रा.खण्ड | सीतापुर | जनपद सीतापुर में पूल्ड हाउसिंग कालोनी के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट कालोनी सीतापुर मे टाईप-3 के 1/4 आवास का विशेष मरम्मत का कार्य। | 7.80 | 0.78 | 860.00 | 02 माह |
| 2 | सीतापुर/ प्रा.खण्ड | सीतापुर | जनपद सीतापुर में पूल्ड हाउसिंग कालोनी के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट कालोनी सीतापुर मे टाईप-3 के 6/1 आवास का विशेष मरम्मत का कार्य। | 7.63 | 0.77 | 660.00 | ;; |
| 3 | सीतापुर/ प्रा.खण्ड | सीतापुर | जनपद सीतापुर में पूल्ड हाउसिंग कालोनी के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट कालोनी पुराने आर०टी०ओ० मे टाईप-3 के 6/2 आवास का विशेष मरम्मत का कार्य। | 7.74 | 0.78 | 2354.00 | ;; |
| 4 | सीतापुर/ प्रा.खण्ड | सीतापुर | जनपद सीतापुर में पूल्ड हाउसिंग कालोनी के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट कालोनी पुराने आर०टी०ओ० मे टाईप-3 के 3/2 आवास का विशेष मरम्मत का कार्य। | 7.57 | 0.76 | 2354.00 | ;; |
| 5 | सीतापुर/ प्रा.खण्ड | सीतापुर | जनपद सीतापुर में पूल्ड हाउसिंग कालोनी के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट कालोनी सीतापुर में टाईप-3 के 1/1 आवास का विशेष मरम्मत का कार्य। | 7.84 | 0.79 | 2354.00 | ;; |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक **19.03.2026** से **25.03.2026** तक उपलब्ध है जो कि दिनांक **25.03.2026** को समय अपरान्ह **12.00** बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक **25.03.2026** को अपरान्ह **12.30** बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(एम.के. वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि.
सीतापुर

UPID-248338 Date: 16.03.26 Website : www.upgov.nic.in

# विन्ध्याचल मेले में पूरी तरह लगायें प्लास्टिक पर रोक

जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जनपद भ्रमण के दौरान अष्टभुजा निरीक्षण गृह में जनप्रतिनिधिगण व अधिकारियो के साथ बैठक कर आगामी 18/19 मार्च 2026 से प्रारम्भ होने वाले चैत्र नवरात्र मेला के तैयारियो एवं जनपद में कराए जा रहे विकास कार्यो व निमार्णाधीन परियोजनाओ के प्रगति की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने मेला से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नवरात्र व रामनवमी में यात्रियों के सुविधा के दृष्टिगत व मन्दिर मे श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन हो सके इसको ध्यान में रखते हुए पूरे मेला क्षेत्र, तीनों मन्दिरों व उसके आस पास के क्षेत्र में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। कहा कि पूरे मेला क्षेत्र सहित मीरजापुर नगर को भी पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त मेला करे। उन्होंने कहा कि नवरात्र मेला के नगरीय क्षेत्र में नगर पालिका व ग्रामीण क्षेत्र में जिला पंचायत राज अधिकारी के द्वारा बेहतर साफ सफाई, सड़कों की मरम्ममत आदि सभी कार्यो को बेहतर ढंग से कराया जाए। धाम का सुन्दरीकरण कराते हुए लोगो के सामने स्वच्छ सुन्दर विन्ध्याचल प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए डोर-डोर कूड़ा कलेक्शन किया जाए। घाटों पर बेहतर साफ-सफाई आवागमन हेतु मार्ग, नदी मे नहाते समय सुरक्षा के लिए पर्याप्त बैरीकेटिंग, प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे मेला क्षेत्र में सामान्य नागरिकों के सुरक्षा के साथ ही महिलाओं की सुरक्षा के लिए बेहतर प्रबंधन किए जाए। गर्मी के दृष्टिगत पूरे मेला क्षेत्र व पूरे जनपद में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाए। कहीं भी पेयजल की समस्या न आने पाए। मेला क्षेत्र में मोबाइल टायलेट, विद्युत व्यवस्था, गंगा किनारे एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, गोताखोर व जल पुलिस की तैनाती की जाए। नाविको को लाइव जैकेट उपलब्ध कराया जाए। मेला क्षेत्र को बनाने के दृष्टिगत स्वंय सेवी संगठनो एवं सिविल डिफेंस के सदस्यों का भी सहयोग लिया जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रत्येक दुकानों पर श्रद्धालुओं के सामानों की सुरक्षित व्यवस्था रहे, प्रयास किया जाए कि जिस रास्ते दर्शन के लिए श्रद्धालु जाए उन्हें उसी रास्ते पर वापस भेजा जाए ताकि उन्हे किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। वाहन पार्किंग व्यवस्था के सम्बंध में मुख्यमंत्री ने हा कि पर्याप्त पार्किग व्यवस्था की जाए तथा पार्किंग में वाहनों की सुरक्षा, शौचालय व पेयजल की भी व्यवस्था हो। पार्किंग चिन्हित करते समय यह ध्यान रखाजाए कि श्रद्धालुओं को अधिक दूरी तक पैदल यात्रा न करना पड़ें। सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त सीसीटीवी कैमरा लगवाए। भिक्षावृत्ति में संलिप्त व्यक्तियों को हटाकर एक स्थान पर एकत्रित करते हुए उन्हें भंडारा के रूप में भोजन आदि की व्यवस्था कराई जाए। सभी ई रिक्शा आटो का सत्यापन कराते हुए सम्भव हो तो उनको आई कार्ड भी जारी किया जाए।

## मुख्यमंत्री ने मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय का किया निरीक्षण

मीरजापुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर में मौलिश्री का पौधा रोपित किया और विश्वविद्यालय के अकादमिक व प्रशासनिक ब्लॉक का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने 31 मई तक विश्वविद्यालय का निर्माण पूरा करने, विश्वविद्यालय के अंदर सड़कों का निर्माण करने और परिसर में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गुणवत्ता और समयबद्धता का हर हाल में पालन होना चाहिए। कहा ऐसा पाठ्यक्रम चलाएं, जो युवाओं को कौशल विकास के साथ ही रोजगार से भी जोड़े मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय प्रशासन से कहा कि यहां ऐसा पाठ्यक्रम चलाएं, जो युवाओं को कौशल विकास के साथ ही रोजगार से भी जोड़े। इसका लाभ मीरजापुर, सोनभद्र समेत आसपास के युवाओं को प्राप्त हो। विश्वविद्यालय प्रशासन ने तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजा है। मुख्यमंत्री ने शासन स्तर से इस पर कार्यवाही का निर्देश दिया। निर्माण कार्य में हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के अकादमिक व प्रशासनिक ब्लॉक का निरीक्षण किया। निर्माण कार्यों का अवलोकन करने के उपरांत मुख्यमंत्री ने निर्माण एजेंसी को समयबद्धता व गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा का मंदिर है। हमारी सरकार ने मां विंध्यवासिनी के नाम पर मीरजापुर के युवाओं के लिए विश्वविद्यालय देकर बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा किया है। इसके निर्माण में हीलाहवाली कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वषार्काल में वन विभाग से समन्वय स्थापित कर वृहद पौधरोपण अभियान चलाएं मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय प्रांगण में मौलिश्री का पौधा रोपा और विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देश दिया कि आगामी वषार्काल में वन विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए बड़ी संख्या में पौधे प्राप्त करें। शिक्षकों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों को साथ लेकर विश्वविद्यालय परिसर व आसपास के क्षेत्रों में वृहद पौधरोपण अभियान चलाएं। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय प्रशासन से हरियाली बढ़ाने को कहा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले आशीष पटेल, विधायक मड़िहान रमाशंकर पटेल, प्रमुख सचिव (उच्च शिक्षा) महेंद्र अग्रवाल, आयुक्त मण्डलायुक्त राजेश प्रकाश, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, वित्त अधिकारी गिरीश कुमार, डिप्टी रजिस्ट्रार सुनील कुमार सरोज आदि उपस्थित रहें।

## संक्षेप

### दुष्कर्मी पिता को 15 वर्ष का कारावास

आजमगढ़। अपनी ही नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म के मुकदमे में सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने आरोपी पिता को पंद्रह वर्ष के सश्रम कारावास तथा बाइस हजार रुपए अर्थदंड की की सजा सुनाई है। यह फैसला पोक्सो कोर्ट के जज संतोष कुमार यादव ने मंगलवार को सुनाया अभियोजन कहानी के अनुसार 15 वर्षीया नाबालिग पीड़िता के माता-पिता में संबंध विच्छेद हो चुका था। पीड़िता अपनी माता के साथ नानी के घर पर रहती थी। पीड़िता का आना-जाना कंधरापुर थाना क्षेत्र में स्थित अपने पिता के घर पर भी होता था। पीड़िता 02 जून 2021 को अपने पिता के घर पर थी। उसी रात पीड़िता के पिता ने पीड़िता के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पीड़िता के रोने चिल्लाने पर पीड़िता की सौतेली मां उसे ननिहाल के पास छोड़ कर चली गई। पीड़िता की नानी की तहरीर पर पीड़िता के पिता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। जांच पूरी करने के बाद अदालत ने आरोपी के विरुद्ध चार्जशीट न्यायालय में प्रेषित किया। अभियोजन पक्ष की तरफ से विशेष लोक अभियोजक अवधेश कुमार मिश्रा तथा दौलत यादव ने कुल छह गवाहों को न्यायालय में परीक्षित कराया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपी पिता को पंद्रह वर्ष के सश्रम कारावास तथा बाइस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

### स्थानीय निकाय में कुल 42 सभासद नामित किये गये

जौनपुर। उत्तर प्रदेश शासन ने जिले में स्थानीय निकाय प्रशासन को सशक्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। राज्यपाल की स्वीकृति के बाद, नगर विकास अनुभाग ने जिले की 3 नगर पालिका परिषदों और 9 नगर पंचायतों के लिए कुल 42 मनोनीत सदस्यों की आधिकारिक सूची जारी कर दी है। इन नियुक्तियों का उद्देश्य स्थानीय निकायों में विकास कार्यों को गति प्रदान करना और जन-प्रतिनिधित्व के दायरे को बढ़ाना है। जौनपुर की तीन नगर पालिका परिषदों में कुल 15 सदस्यों को नामित किया गया है। जौनपुर नगर पालिका परिषद में पंकज श्रीवास्तव रोहन सिंह, अरविंद गुप्ता, संदीप जायसवाल और राहुल साहू को सदस्य नियुक्त किया गया है। मुंगराबादशाहपुर नगर पालिका परिषद में अरुण कुमार, विजेंद्र जायसवाल, मनोज गुप्ता, राकेश मिश्रा और उमाशंकर गुप्ता को जिम्मेदारी सौंपी गई है। शाहगंज नगर पालिका परिषद में सर्वेश चैरसिया, श्याम जी गुप्ता, रूपेश जायसवाल, महेंद्र वर्मा और चन्देश निषाद को मनोनीत किया गया है। इसी प्रकार, जिले की 9 नगर पंचायतों में भी 27 मनोनीत सभासदों की नियुक्तियां की गई हैं। इनमें जाफराबाद, कचगांव, मड़ियाहूं, खेतासराय, केराकत, गौराबादशाहपुर, रामपुर, मछलीशहर और बदलापुर जैसी नगर पंचायतें शामिल हैं। प्रत्येक नगर पंचायत में तीन-तीन सदस्यों को नामित किया गया है। जाफराबाद नगर पंचायत से जीरावती मौर्या, दीपिका पाल और राजकुमार राजभर को मनोनीत किया गया है। खेतासराय के लिए शुभम जायसवाल, सोनू बिंद और बिनीता मौर्या को चुना गया है। बदलापुर नगर पंचायत में हरिलाल, चंद्रशेखर निगम और सपना शर्मा को जिम्मेदारी मिली है।

### फल गोदाम में लगी आग

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। स्थानीय बाजार निवासी फल विक्रेता ओमप्रकाश केशरी उर्फ सचिन किराए के मकान में फल गोदाम बनाए हुए हैं। मंगलवार सुबह 11 बजे के करीब अज्ञात कारणों से मकान के भीतर आग लग गई। अगल बगल के लोगो ने मकान के भीतर से धुआं निकलने पर फल विक्रेता को घटना की सूचना दी। सूचना पाकर गोदाम पर पहुंचे फल विक्रेता व स्थानीय लोग आनन फानन में डिब्बा बाल्टी में पानी लेकर आग बुझाने में जुट गए। लेकिन तब तक आग की चपेट में आने से मकान के भीतर दो कमरों में प्लास्टिक के कैरेट तथा लकड़ी की पेटियों में रखा सेब, संतरा, नारियल, कीवी, अंगूर व केला आदि जलकर नष्ट हो गया। फल विक्रेता ओमप्रकाश केशरी ने बताया कि गोदाम के भीतर दो कमरों में रखा गया करीब 25 हजार रुपए के विभिन्न फल आग की चपेट में आने से जलकर नष्ट हो गया। गोदाम में आग कैसे लगी पता नही चल सका है।

## शोध के क्षेत्र में पप्पू गिरि ने बढ़ाया मान



आजमगढ़। इतिहास विभाग के शोधार्थी के छात्र पप्पू गिरि पुत्र निवासी विशुनपुर, अहरौला आजमगढ़ को पी-एच.डी. शोध मौखिकी परीक्षा पास की है। विशेषज्ञों ने उनके इस कार्य को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास को समझने के लिए एक मील का पत्थर बताते हुए उन्हें डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि हेतु अपनी संस्तुति प्रदान किये जाने से हर्ष व्याप्त है। उनके शोध का विषय भारत में सामाजिक और राजनीतिक संगठनों का ऐतिहासिक अध्ययनः उनकी कार्यप्रणाली और भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन पर उनके प्रभाव (1883-1937) रहा।

श्री गिरी वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज, आजमगढ़ के इतिहास विभाग के शोधार्थी की पी-एच०डी० शोध मौखिकी परीक्षा सफलतापूर्वक पूर्ण किया है, इतिहास विभाग के लिए आज का दिन विशेष गौरवपूर्ण रहा। पप्पू गिरि ने अपना यह गहन शोध कार्य इतिहास विभाग के प्रतिष्ठित विद्वान प्रोफेसर सौम्य सेनगुप्ता के कुशल एवं सक्षम मार्गदर्शन में पूर्ण किया है। इस अवसर पर बाह्य परीक्षक के रूप में प्रोफेसर सत्य नारायण वर्मा उपस्थित रहे। उनके और शोध समिति के समक्ष पप्पू गिरि ने अपने शोध प्रबंध का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया। बाहरी विशेषज्ञ गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज सेवापुरी वाराणसी के प्रोफेसर सत्य नारायण वर्मा के समक्ष पप्पू गिरि ने अपने शोध प्रबंध का प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया जिसमें उन्होंने ऐतिहासिक तथ्यों का नए दृष्टिकोण से विश्लेषण किया है। उनके कार्य की मौलिकता और शोध प्रविधि की विशेष सराहना करते हुए उन्हें डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि हेतु अनुशंसित किया। प्रोफेसर सत्य नारायण वर्मा और शोध समिति ने शोध की गुणवत्ता, ऐतिहासिक तथ्यों के नवीन विश्लेषण और पप्पू गिरि के कठिन परिश्रम की मुक्त कंठ से सराहना की। विशेषज्ञों ने उनके इस कार्य को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास को समझने के लिए एक मील का पत्थर बताया और उन्हें डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि हेतु अपनी संस्तुति प्रदान की। इस बड़ी सफलता पर डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज, आजमगढ़ के प्रबंधक आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, प्राचार्य प्रोफेसर प्रेम चंद्र यादव एवं प्रोफेसर सौम्य सेनगुप्ता ने पप्पू गिरि को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल शैक्षणिक भविष्य की कामना की। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सौम्य सेनगुप्ता ने कहा कि पप्पू गिरि का यह शोध कार्य न केवल विश्वविद्यालय बल्कि इतिहास जगत के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज सिद्ध होगा। उनकी इस सफलता पर विश्वविद्यालय परिवार और मित्रों ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल शैक्षणिक भविष्य की कामना की है। बधाई देने वालों में माता दुलारी देवी पिता विश्वनाथ गिरी, भाई अरूण गिरी, राजेश गिरी, मुलायम यादव, आजाद यादव, नवनीत गिरी आदि शामिल रहे।

## मनरेगा की मजदूरी को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन



जौनपुर। केन्द्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मनरेगा मजदूरों की दिहाड़ी और संविदा कर्मियों को लम्बे समय तक मानदेय न दिए जाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर के विकास भवन में धरना प्रदर्शन कर सरकार से अविलंब मजदूरी दिए जाने की मांग की। सभा में वक्ताओं ने कहा कि विगत कई महीने से उत्तर प्रदेश में मनरेगा मजदूरों को उनके परिश्रम की मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है, साथ ही आठ महीने से मनरेगा के काम में लगे प्रदेश के चालीस हजार से अधिक रोजगार सेवकों और मनरेगा संविदा कर्मियों का मानदेय भुगतान सरकार नहीं कर रही है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह ने सरकार पर मजदूरों का धन हड़पने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए काम कर रही है, मजदूर और गरीब वर्ग भीषण महगाई की मार झेल रहा है। शहर अध्यक्ष आरिफ खान ने कहा कि सरकार मनरेगा मजदूरों का हक छीनकर, उनके मेहनत मजदूरी का पैसा उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए लगाया जा रहा है। प्रदर्शन के बाद महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सीडीओ को सौंपा। सत्यवीर सिंह, देवराज पांडेय, विनय तिवारी, शेर बहादुर सिंह, मुहम्मद ताहिर, शैलेन्द्र यादव, संदीप निषाद, संजय निषाद, लोकेश दूबे, असरफ अली, लालती देवी, आरती देवी, आदि मौजूद रहे। संचालन राकेश मिश्रा ने किया।

## हत्या के विरोध में अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन



जौनपुर। कलेक्ट्रेट अधिवक्ता समिति की एक बैठक संघ के सभागार में समिति के अध्यक्ष घनश्याम सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता व महामंत्री मनोज कुमार मिश्र एडवोकेट के संचालन में सम्पन्न हुई। जिसमे अधिवक्ताओं द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र के क्रम में केराकत तहसील अधिवक्ता सच्चिदानन्द मिश्र एडवोकेट की पीट-पीट कर हत्या किये जाने के विरोध कलेक्ट्रेट कम्पाउड में हत्या के विरोध में चक्रमण करते हुए पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रकट किया। अधिवक्ताओं ने इस घटना के बावत पुलिस अधीक्षक से वार्ता किया और मृतक अधिवक्ता के परिवार की सुरक्षा मांग करते हुए एवं थानाध्यक्ष केराकत को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करने की मांग करते हुए उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित किया जाय। सभी अधिवक्तागण हत्या के विरोध में न्यायिक कार्य से विरत रहें।

## गैस वितरण व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने बढ़ायी सख्ती

लालगंज, मीरजापुर। मंगलवार को गैस वितरण व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह ने आपूर्ति निरीक्षक राज सिंह यादव के साथ बैठक कर गैस एजेंसी संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि गैस सिलेंडर की आपूर्ति केवल निर्धारित सेंटरों से ही की जाए। नई व्यवस्था में घर-घर आपूर्ति पर रोक रहेगी। उपभोक्ताओं को स्वयं सेंटर पर पहुंचकर गैस प्राप्त करनी होगी और वहीं बुकिंग की प्रक्रिया भी पूरी करनी होगी। बैठक में दुबार कला इंडियन, ददरी स्थित एचपी, हलिया विंध्य गैस एजेंसी, पतार कला भारत, लहंगपुर तन्मय समेत सभी एजेंसियों के लिए पारदर्शी वितरण व्यवस्था की विस्तृत रणनीति तय की गई। प्रत्येक एजेंसी के लिए वितरण केंद्र चिन्हित किए गए हैं। उपभोक्ताओं को इन्हीं केंद्रों से गैस उपलब्ध कराई जाएगी। उपभोक्ताओं के सत्यापन और वितरण व्यवस्था की निगरानी के लिए लेखपाल और ग्राम विकास अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मौके पर बुकिंग रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर और डिलीवरी की जांच होगी। अनियमितता मिलने पर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिया कि बुकिंग के अनुसार समय से आपूर्ति सुनिश्चित हो। विलंब, मनमानी या अतिरिक्त वसूली की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई होगी। उपभोक्ताओं को निर्धारित दर पर ही गैस उपलब्ध कराई जाएगी। आपूर्ति निरीक्षक राज सिंह यादव को नियमित निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। एजेंसियों के स्टाफ, वितरण प्रणाली और शिकायत रजिस्टर की भी समीक्षा की गई। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट चेतावनी दी कि कालाबाजारी, अवैध भंडारण, स्टॉक में हेराफेरी या फर्जी बुकिंग मिलने पर लाइसेंस निरस्तीकरण तक की कार्रवाई की जाएगी। उपभोक्ता हितों से किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार नहीं होगा।

## अराजक तत्वों पर होगी कड़ी कार्यवाही:सृष्टि जैन

जौनपुर। जफराबाद थाना परिसर में मंगलवार को पुलिस द्वारा शांति समिति की अहम बैठक बुलायी गयी। बैठक को सम्बोधित करते हुए कार्यवाहक थानाध्यक्ष आईपीएस सृष्टि जैन ने लोगो ईद के त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अराजकता की बात की सूचना मिले तो तुरन्त पुलिस को सूचित करें। कोई भी गड़बड़ी करेगा। उसको बख्शा नही जाएगा। समाज के सभी वर्गों को मिलजुल कर आपसी सद्भाव बनाये रखने की जिम्मेदारी है।

## दुद्धी बार एसोसिएशन की नयी कार्यकारिणी ने ली शपथ




दुद्धी, सोनभद्र। मंगलवार को दुद्धी बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप राज्यमंत्री संजीव गौड़ एवं समारोह अध्यक्ष बार काऊंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य विनोद कुमार पाण्डेय व विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल एवं जीत सिंह खरवार उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के अध्यक्ष कुलभूषण पाण्डेय एवं सचिव दिनेश कुमार को को समारोह अध्यक्ष बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य विनोद कुमार पाण्डेय ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। वहीं एल्डर कमेटी के चेयरमेन प्रेमचंद जायसवाल ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर महेंद्र कुमार कन्नौजिया और कृष्णदेव, उपाध्यक्ष 2 वर्ष से ऊपर आलोक कुमार सिंह और एम जे अहमद हैं। कोषाध्यक्ष विष्णु कुमार सिंह एवं सह सचिव प्रशासन रामसागर, अजय रतनेन्द्र एवं पियूष अग्रहरि को सिविल जज जूनियर डिवीजन डीके सोनकर ने बारी-बारी से पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण समारोह को सम्बोधित करते हुए समारोह अध्यक्ष विनोद पांडेय ने कहा कि आज व्यवस्थापिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका तीनों अधिवक्ताओं के पीछे पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि देश एवं प्रदेश की सदन में अधिवक्ता समाज की आवाज उठाने वाला कोई नहीं हैं इसलिए कोई ऐसा कानून बने कि अधिवक्ता का भी प्रतिनिधि देश एवं प्रदेश की सदन में जा सके। अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट, नये जूनियर अधिवक्ताओं के लिए स्टाइपेंड आदि सुविधाएं दिए जाने की लड़ाई सरकार से लड़ रही है। अन्य अतिथियों ने नई कार्यकारिणी को बधाई दी और कहा कि संगठन के लिए यह गौरव का क्षण है। उन्होंने वादकारी हित में बार एवं बेंच को सामंजस्य स्थापित कर लोगों को न्याय दिलाने की अपील की।

मुख्य अतिथि राज्यमंत्री संजीव गोंड़ ने कहा कि आज मेरा सौभाग्य हैं कि अधिवक्ता समाज के शपथ ग्रहण समारोह में हमें मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित होने का मौका मिला हैं। किसी भी देश के लिए अधिवक्ता समाज मजबूती से समाज के दबे-कुचले लोगों की आवाज उठाती हैं। उन्होंने कहा कि दुद्धी में अधिवक्ताओं के लिए हर सम्भव व्यवस्था की जाएगी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष कुलभूषण पाण्डेय ने सबका आभार जताया और कहा कि बार एवं बेंच की गरिमा को बरकरार रखते हुए, अधिवक्ताओं के सम्मान के लिए समर्पित रहूंगा। इल्डर कमेटी के चेयरमैन प्रेमचंद जायसवाल ने अतिथियों का आभार जताया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि समेत सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्रम से सम्मान किया गया।

## होली मिलन समारोह में दिखी एकजुटता समाज की मजबूती पर चर्चा



दुद्धी, सोनभद्र। स्थानीय कस्बे के डीसीएफ में मंगलवार को अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में समाज की मजबूती एवं उत्थान को लेकर गहन चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि समाज में एकजुटता बनाते हुए ही अपनी समाज की भलाई की जा सकती हैं। समाज के ऐसे लोगों की मदद की जानी चाहिए जो किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अग्रसर हैं लेकिन उनके लिए धन की कमी आड़े आ रही हैं तो उन्हें समाज द्वारा मदद करके उसे आगे बढ़ाने का काम करना चाहिए। क्योंकि यादव समाज का इतिहास हमेशा सहयोग एवं दबे-कुचले लोगों रक्षा करने का रहा हैं। इतिहास गवाह हैं कि भगवान कृष्ण ने ग्वाल-बाल की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को उठाया और घनघोर वर्षा से रक्षा की थी। अंत में सभी ने समाज को नशामुक्त करने का अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। चर्चा-परिचर्चा के बाद होली मिलन समारोह शुरू हुई जहाँ उपस्थित समाज के लोगों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनायें दी और समाज के लिए हमेशा खड़ा रहने की अपील की। इस मौके पर रामेश्वर राय, सूर्यमणी यादव, जगतनारायण यादव, विजय शंकर यादव, हरिहर यादव, दिनेश यादव, रामप्रसाद यादव, बृज किशोर यादव, अभिनाथ यादव, रामचंद्र यादव, वीरेंद्र यादव, नरेश यादव, अजय यादव, मनोज यादव, चंद्रमणी यादव, प्रमोद यादव, गणेश यादव, कार्तिक यादव, राजकुमार यादव, उमेश कुमार यादव, लक्की यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## हत्याकाण्ड में थानाध्यक्ष सहित 3 निलम्बित

जौनपुर। चंदवक थाना क्षेत्र के गोबरा गांव में एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस विभाग ने कार्रवाई हुई है। ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में चंदवक थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह, हल्का इंचार्ज उपनिरीक्षक सुरेश तिवारी और बीट आरक्षी राजकुमार यादव को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने यह कार्रवाई चंदवक में हुई घटना के बाद की है। उन्होने चेतावनी दी है कि जनता की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक होने पर सीधे कार्रवाई की जाएगी और काम में ढिलाई बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निलंबित किए गए पुलिसकर्मी अपराध रोकने में नाकाम रहे थे। ज्ञात हा कि चंदवक थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर रविवार देर रात लाठी-डंडों से पीटकर एक युवक की हत्या कर दी गई थी। मृतक की पहचान गोबरा गांव निवासी सच्चिदानंद मिश्रा के रूप में हुई थी। घटना के बाद गांव में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और अन्य की तलाश जारी है। सच्चिदानंद मिश्रा पुत्र रामचरन मिश्रा का अपने पड़ोसी विष्णु मिश्रा से जमीन और लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि इसी विवाद के चलते विष्णु मिश्रा ने 12 मार्च को सच्चिदानंद को फोन पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। सच्चिदानंद मिश्रा गांव के पास ताडक मिश्रा के ट्यूबल मशीन पर थे। इसी दौरान कुछ हमलावरों ने उन पर अचानक हमला कर दिया। हमलावरों ने सच्चिदानंद को लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चंदवक पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल सच्चिदानंद मिश्रा को तुरंत डोभी सीएससी बीरीबारी भेजा गया।

## ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो अभियुक्त धराए

आजमगढ़। थाना कोतवाली पुलिस ने प्रतियोगी परीक्षाओं में पास कराने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से नकद 6,900 भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, मेहनगर निवासी अभिषेक यादव ने शिकायत दर्ज कराई थी कि संजय कुमार भारद्वाज नामक व्यक्ति ने खुद को कोचिंग संचालक बताते हुए आर्मी, पुलिस व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन कराने का झांसा दिया। आरोपी ने यूपीएसआई परीक्षा पास कराने के नाम पर 10 लाख रुपये की मांग की और शुरूआती तौर पर 50 हजार ले लिए। बाद में उसने एक सामान्य मॉक पेपर को टॉप सीक्रेट बताकर दे दिया, जो परीक्षा में मेल नहीं खाया और ठगी का खुलासा हो गया। मामले में थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी। मंगलवार सुबह मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने पुरानी जेल बंधा रोड से दोनों आरोपियोंकृसंजय कुमार भारद्वाज (42 वर्ष) निवासी जहानागंज, आजमगढ़ और अजीत कुमार (34 वर्ष) निवासी चिरैयाकोट, मऊकृको गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अभ्यर्थियों को फर्जी आश्वासन देकर पैसे लेते थे और बाजार से खरीदे गए मॉक पेपर को टॉप सीक्रेट बताकर देते थे। वसूली गई रकम को आपस में बांट लेते थे। बरामद नकदी उसी ठगी की बची हुई रकम है। अजीत कुमार के खिलाफ पहले से ही धोखाधड़ी का मामला दर्ज है, जबकि संजय कुमार भारद्वाज का नाम भी इसी मामले में सामने आया है। इस कार्रवाई में वरीय उपनिरीक्षक मेहरे आलम, कांस्टेबल शैलेन्द्र प्रसाद और शिव कुमार मिश्रा की अहम भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है और ऐसे ठगों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## 17 अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई

आजमगढ़। जिले में बड़े स्तर पर साइबर अपराध करने वाले अंतर्राज्यीय गैंग के खिलाफ पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। करीब 110 करोड़ रुपये की अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी में शामिल गैंग के सरगना समेत 17 अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। मामले में विदेशी कनेक्शन भी सामने आया है। जांच के दौरान खुलासा हुआ कि गिरोह के तार चीन, दुबई सहित अन्य देशों में बैठे हैंडलरों से जुड़े थे। यह गैंग सुनियोजित तरीके से देशभर में लोगों को निशाना बनाकर ठगी कर रहा था। पुलिस के मुताबिक आरोपी फर्जी ऐप/लिंक और आकर्षक इन्वेस्टमेंट स्कीम के जरिए लोगों को झांसे में लेते थे। लिंक डाउनलोड या निवेश करने के बाद पीड़ितों से बड़ी रकम ठग ली जाती थी। इस मामले में 8 दिसंबर 2025 को साइबर क्राइम थाना आजमगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंग लीडर सहित 15 अपराधियों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद विवेचना में अन्य सदस्यों की भूमिका सामने आने पर कुल 17 आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि साइबर अपराध के खिलाफ सख्त अभियान जारी है। ऐसे संगठित गिरोहों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जा रही है ताकि लोगों को ठगी से बचाया जा सके। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अनजान ऐप, लिंक या निवेश योजना पर भरोसा करने से पहले उसकी सत्यता जरूर जांच लें और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत साइबर हेल्पलाइन पर दें।

## तालाब पाटकर निर्माण किया, ग्रामीणों का विरोध

जौनपुर। बक्शा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पूरा शेरखां दक्खिनपट्टी में ग्राम सभा की सार्वजनिक तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा तालाब को पाटकर उस पर निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिससे जल निकासी पूरी तरह बाधित हो गई है और गांव में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। बताया गया कि ग्राम सभा की जल खाते की भूमि, जो अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज है, पर गांव निवासी विश्वनाथ पुत्र रजिन्दर द्वारा कथित रूप से ग्राम प्रधान व कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध कब्जा कर लिया गया है। आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने समय-समय पर तालाब में मिट्टी डालकर उसे पाट दिया, पेड़ लगाकर ईंट का चबूतरा बनाया और अब बाउंड्री वाल का निर्माण भी कर लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब के पाटे जाने के कारण बरसात और नाली का पानी अब तालाब में न जाकर मुख्य रास्ते पर भर जाता है। इससे पूरे मार्ग पर जलभराव हो गया है, जिससे आवागमन में भारी दिक्कतें हो रही हैं। बच्चों और बुजुर्गों के लिए रास्ता पार करना जोखिम भरा हो गया है, वहीं गंदे पानी के कारण बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि विरोध करने पर संबंधित व्यक्ति और उसके परिजन गाली-गलौज करते हैं और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देते हैं। यहां तक कि रास्ते पर पत्थर फेंककर लोगों को परेशान किया जाता है, जिससे कई बुजुर्ग गिरकर घायल भी हो चुके हैं। बताया गया कि इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा थाना दिवस में भी प्रार्थना पत्र दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। वर्तमान में समस्या और भी विकराल रूप ले चुकी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर तालाब की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए और जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि गांववासियों को इस गंभीर समस्या से राहत मिल सके।

## औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

सोनभद्र। औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संचालनालय, मध्य प्रदेश द्वारा मंगलवार को क्षेत्रीय श्रम संस्थान (त्स्प्) में एक वृहद औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी मेजबानी एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में सिंगरौली, सतना, रीवा सीधी शहडोल एवं अनूपपुर जिलों की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों से 90 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिंगरौली के कलेक्टर गौरव बेनल द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में किया गया। इस अवसर पर औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, मध्य प्रदेश की निदेशक नमिता तिवारी तथा एनटीपीसी विंध्याचल के परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) संजीब कुमार साहा विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में आईएएस अधिकारी एवं जिला कलेक्टर (सिंगरौली) गौरव बेनल ने किया। मध्य प्रदेश की निदेशक (औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा) नमिता तिवारी भी उपस्थित थीं। परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) संजीब कुमार साहा विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। साथ हीए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), एम. सुरेश, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं एडीएम), एस.के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम), रूमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) और आशीष अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा) शामिल रहे। उपस्थित अतिथियों का शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। अपने संबोधन में कलेक्टर श्री बेनल ने सतत औद्योगिक विकास के लिए सुरक्षा मानकों के पालन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने उद्योगों में कार्यरत कर्मियों के नियमित प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए सड़क सुरक्षा एवं खदान सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही। नमिता तिवारी ने नवीन व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यस्थल परिस्थितियां (व्भ्) संहिता के प्रावधानों की जानकारी देते हुए सुरक्षा घटनाओं की पारदर्शी रिपोर्टिंग के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने श्री, श्रम स्टार रेटिंग प्रणाली, हर्ट-फ्री डेज एवं आरोह फायर ऑडिट जैसी महत्वपूर्ण नवाचार पहलों पर भी प्रकाश डाला।

संक्षेप

## डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा का लोकार्पण

**भटनी (देवरिया)**। क्षेत्र के बासघाटी गांव में ग्राम प्रधान श्रीमती संध्या देवी की ओर से स्थापित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का लोकार्पण भाटपाररानी के पूर्व विधायक डॉ. आशुतोष उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम का आयोजन गांव में सादगीपूर्ण माहौल में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक डॉ. आशुतोष उपाध्याय ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने देश के दबे-कुचले और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने समाज को समानता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक करने का काम किया। उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर के आदर्शों को अपनाकर ही समाज में समरसता और विकास की राह मजबूत की जा सकती है। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अखिलेश राय, विजय राय, अदालत प्रसाद, रामाशीष मास्टर, चंद्रकिशोर राय, संजय राय, आनंद ठाकुर, अनिरुद्ध प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## नपा कुशीनगर से रत्नेश, गोपाल सहित पांच सभासद नामित

**कुशीनगर**। प्रदेश के राज्यपाल द्वारा प्रदेश में नगरपालिकाओं में नाम निर्दिष्ट सदस्य नामित किए जाने के क्रम में नगरपालिका परिषद कुशीनगर में रत्नेश श्रीवास्तव, गोपालजी राय सहित पांच लोगों को सभासद नामित किया गया है। नगर विकास अनुभाग- 6 उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी पत्र के अनुसार वार्ड नंबर 26 से रविन्द्र मद्धेशिया पुत्र राम नाथ मद्धेशिया, श्रीमती अंजली कुशवाहा पत्नी कमलेश कुशवाहा, वार्ड नंबर 22 से गोपालजी राय पुत्र स्व. कामता राय, वार्ड नंबर 4 से सुभाष प्रसाद गौतम पुत्र राम वृक्ष प्रसाद और रत्नेश श्रीवास्तव पुत्र श्री नारायण श्रीवास्तव को सभासद नामित किया गया। नामित सभासदों को विधायक कुशीनगर पीएन पाठक, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, नपाप कुशीनगर अध्यक्ष किरन जायसवाल, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि रुद्र प्रकाश सिंह, नपं के पूर्व चेयरमैन कृष्ण कुमार, ओमप्रकाश जायसवाल, सुमित तिवारी, डॉ छेदी शर्मा, मंडल अध्यक्ष आद्या पांडेय, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष अनिल प्रताप राव, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामायण कुशवाहा, देहात मंडल अध्यक्ष अमरजीत पटेल, रजनीश तिवारी, राजेश सिंह, जिपंस नीतीश कुमार यादव, अवधेश कुशवाहा, अमरचंद हिंदुस्तानी, चंदन शर्मा, गुड्डू गुप्ता सहित गणमान्य जनों ने खुशी जाहिर करते हुए अपनी बधाई दी है।

## साहब : नाबालिग ई-रिक्शा चालकों पर लगाओ लगाम



**जायस ,अमेठी**। तिलोई तहसील के अन्तर्गत मोहनगंज क्षेत्र के शाहमऊ बाजार बहादुरपुर रोड पर और आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों सड़कों पर ई-रिक्शा की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराने लगी है। हालात यह हैं कि कई स्थानों पर नाबालिग बच्चे ई-रिक्शा चलाते नजर आ रहे हैं, तो कहीं शराब के नशे में धुत चालक सवारियों की जान जोखिम में डाल रहे हैं और तो और शराब के नशे में ड्राइवर सड़क पार करते लोगों को भी टक्कर मार देते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिना किसी जांच-पड़ताल के ई-रिक्शा सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जिससे आए दिन जाम और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। प्रशासन की अनदेखी के चलते यह समस्या गंभीर रूप लेती जा रही है। ग्रामीणों और व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल अभियान चलाकर नाबालिग और नशे में वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, साथ ही ई-रिक्शा संचालन के लिए सख्त नियम लागू किए जाएं, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# मनरेगा मजदूरों के बकाये को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन



**देवरिया**। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा के तहत कार्य करने वाले मजदूरों को करीब ढाई माह का मजदूरी का भुगतान केन्द्र और राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार ने गरीब मजदूरों की आर्थिक स्थिति दयनीय कर दी है। मंगलवार को विकास भवन परिसर में कांग्रेसियों ने जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने डबल इंजन की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में मनरेगा के अंतर्गत कार्य करने वाले लगभग 1 करोड़ मजदूर परिवारों को पिछले 75 दिनों का उनकी मजदूरी का भुगतान नही किया है। आज की तारीख में उत्तर प्रदेश में लगभग दो हजार करोड़ रुपए का मनरेगा का भुगतान लंबित है। ऐसी गम्भीर परिस्थितियों में हमारे प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी ने होली से पूर्व वह घोषणा किए थे कि यदि गरीब जाब कार्ड धारकों और मनरेगा संविदा कर्मियों उनके कार्य का भुगतान शीघ्र नही किया गया तो कांग्रेस पार्टी पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी। किसान कांग्रेस पूर्वी जोन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी ने कहा कि यह भाजपा सरकार गरीब मजदूरों का 100 दिन का कार्य दिवस का समय से भुगतान नही दे पा रही है तो आप समझ सकते है कि 125 दिन कार्य दिवस का भुगतान कैसे करेंगी, यह भी जुमला ही साबित होगा। इसका मतलब यह भाजपा सरकार गरीब मजदूरों का पैसा हड़पना चाहती है, लेकिन यह कांग्रेस पार्टी होने नही देगी। भाजपा सरकार की दोहरी चरित्र सबके सामने उजागर हो गई है। 2027 में जनता इनको उखाड़ फेंकेगी। मनरेगा श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा हेतु कांग्रेस पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा।

मनरेगा कोआर्डिनेटर सत्य प्रताप मिश्रा अंशु ने कहा कि इस योजना को जमीनी स्तर पर लागू करने वाले ग्राम रोजगार सेवकों सहित लगभग 40,000 संविदा कर्मियों को भी पिछले 8 महिनों से औसतन उनका मानदेय नही दिया गया है। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, मिर्जा खुर्शीद, नगेंद्र शुक्ला, वरुण राय, जयप्रकाश धनगर, जुलेखा खातून, भरत मणि त्रिपाठी, संजीव कुमार मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार पांडेय, रमेश मल्ल पिंटू, रामप्रवेश सिंह, आलोक त्रिपाठी राजन, रजनीश प्रसाद, रमेश चंद्र वर्मा, रीता देवी, विनोद दुबे, पन्नालाल पाठक, राजकुमार यादव, हरिश्चंद्र सिंह, मनीष रज्जक, अबुल हसन, डॉ. सीपी चौहान, धनंजय यादव, राशिद अंसारी, विजय कुशवाहा, किरन देवी, मीना देवी, इजहार सहित दर्जनों कांग्रेसी मौजूद रहे।

## हाईकोर्ट की फटकार के बाद एक्शन में आये कमिश्नर

**आगरा**। इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक मामले में समय से जवाब दाखिल न करना रामबाग चौकी प्रभारी को भारी पड़ गया। जमानत याचिका से जुड़े प्रकरण में लापरवाही बरतने के आरोप में रामबाग चौकी प्रभारी अरुण बिलगैया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। हाईकोर्ट की नाराजगी सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हलचल मच गई और मामले को गंभीरता से लेते हुए डीसीपी सिटी ने उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए निलंबन आदेश जारी कर दिया। पुलिस विभाग की इस कार्रवाई को यह स्पष्ट संदेश माना जा रहा है कि न्यायालयी मामलों में किसी भी स्तर की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खासकर तब जब मामला सीधे अदालत में लंबित हो और पुलिस की ओर से समयबद्ध जवाब अपेक्षित हो। जानकारी के अनुसार, यह मामला एक जमानत याचिका से जुड़ा हुआ था, जिसमें पुलिस की ओर से निर्धारित समयसीमा के भीतर जवाब दाखिल किया जाना था। लेकिन रामबाग चौकी प्रभारी अरुण बिलगैया की ओर से समय पर जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित हुई। सूत्रों के मुताबिक, सुनवाई के दौरान जब समय से जवाब दाखिल न होने की स्थिति सामने आई तो हाईकोर्ट ने इस पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। अदालत की नाराजगी को पुलिस अधिकारियों ने गंभीरता से लिया और तत्काल विभागीय जवाबदेही तय की गई। कानूनी मामलों में पुलिस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। ऐसे मामलों में समय से जवाब दाखिल न होने पर न केवल केस की दिशा प्रभावित होती है, बल्कि पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े होते हैं। यही वजह रही कि इस मामले में विभाग ने त्वरित एक्शन लेते हुए जिम्मेदार अधिकारी पर कार्रवाई की। हाईकोर्ट की नाराजगी सामने आने के बाद डीसीपी सिटी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए रामबाग चौकी प्रभारी अरुण बिलगैया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

● जवाब दाखिल करने में लापरवाही पर रामबाग चौकी प्रभारी निलंबित

विभागीय स्तर पर इसे अनुशासनात्मक कार्रवाई के तौर पर देखा जा रहा है। पुलिस विभाग के भीतर यह संदेश साफ तौर पर गया है कि कोर्ट से जुड़े मामलों में फाइलों को लंबित रखना, जवाब दाखिल करने में ढिलाई बरतना या प्रक्रिया में लापरवाही करना अब सीधे कार्रवाई का कारण बन सकता है। इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को भी अदालत से जुड़े मामलों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए जाने की चर्चा है।

## रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुद्धा पीजी व सेवायोजन के बीच हुआ समझौता



**कसया, कुशीनगर**। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर तथा सेवायोजन कार्यालय, कुशीनगर द्वारा समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर प्राचार्य प्रो. विनोद मोहन मिश्रा और जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार पर हस्ताक्षर किया। मंगलवार को महाविद्यालय के कार्यालय कक्ष में प्राचार्य प्रो श्री मिश्र और जिला सेवायोजन अधिकारी श्री कुमार की ओर हुए समझौते में दोनों पक्ष विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता बढ़ाने, उन्हें बेहतर कैरियर अवसर उपलब्ध कराने तथा उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकास को बढ़ावा देने हेतु आपसी सहयोग के लिए आपसी सहमती से कार्य करेंगे और विद्यार्थियों को कौशल विकास, रोजगार उन्मुखीकरण, कैरियर परामर्श, प्लेसमेंट गतिविधियों को प्रोत्साहित करेंगे। इस दौरान डॉ. श्वेता भट्ट, डॉ राकेश कुमार चतुवेर्दी, सेवा योजन विभाग के एएसओ अरविंद यादव, एईओ शाहनवाज आलम, अभिषेक मौजूद रहे।

# कुशीनगर बुद्ध पीजी कॉलेज में रोजगार मेले का आयोजन

**कसया, कुशीनगर**। युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा बुद्ध पीजी कॉलेज, कुशीनगर के परिसर में आयोजित एक दिवसीय बृहद रोजगार मेले में 4579 अभ्यर्थियों ने भाग लिया और 1272 का हुआ प्रारम्भिक चयन हुआ।

मंलगवार को आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि रुद्र प्रकाश सिंह, बुद्ध पी कालेज के प्राचार्य विनोद मोहन मिश्र, अपर जिला सेवायोजन अधिकारी अरविंद कुमार व कार्यक्रम के संयोजक श्वेता भट्ट ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया तथा चयनित प्रतिभागियों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विधायक प्रतिनिधि मुख्य अतिथि श्री सिंह ने कहा कि युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ रोजगार से जोड़ना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से सरकार के द्वारा बृहद रोजगार



मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिससे हजारों लोग रोजगार पाकर अपना भविष्य सवार रहे हैं। रोजगार मेले में देश की लगभग 27 प्रतिष्ठित प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधि भाग लिये, जिनमे उत्कर्ष स्माल फाइनेंस, श्री राम फाइनेंस, एलएनटी, अशोक लीलैंड, टेरियल सिक्युरिटी सर्विस, लेंस कोर्ट, इंडो ऑटो कंपोनेंट लिमिटेड आदि कंपनियों ने भाग लिया। इस रोजगार मेले में स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, आईटीआई तथा अन्य योग्य अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सहायक समन्वयक डॉ.राकेश चतुवेर्दी, विवेक श्रीवास्तव, डॉ.सौरभ द्विवेदी , डॉ.कृष्ण कुमार जायसवाल, डॉ.वीरेन्द्र कुमार, प्रो.सीमा त्रिपाठी, डॉ विशेषता मिश्रा, डॉ.त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी, डॉ.गौरव तिवारी, डॉ.योगेश, सेवा योजन कार्यालय से संजय कुमार, ए बी ओ शाहनवाज आलम, ए एस ओ अरविंद यादव, अनिल कुमार, प्रशांत सिंह एवं अभिषेक मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## निजी अस्पतालों में की जा रही डिलेवरी की हो मानिटरिंग : सीडीओ




● जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

**देवरिया**। सीडीओ राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास भवन के गांधी सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की गई। बैठक में मातृत्व स्वास्थ्य, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, आशा भुगतान और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की समीक्षा की गई। खराब प्रदर्शन करने वाले एमओआईसी को फटकार लगाते हुए सुधार और शत-प्रतिशत प्रसव बढ़ाने के निर्देश दिए।

संस्थागत प्रसव कम होने पर तरकुलवा, लार, भागलपुर व बनकटा ब्लॉक के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश देते हुए सीडीओ राजेश कुमार सिंह ने कहा निजी अस्पतालों में जा रही डिलेवरी की मानिटरिंग की जाए। स्वास्थ्य केंद्रों और वहां आने वाले मरीजों के लिए बने शौचालयों में साफ सफाई रखी जाए। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर सीएचओ के माध्यम से शत प्रतिशत एनसीडी स्क्रीनिंग कराई जाए। सीएचओ, ग्राम प्रधान, एएनएम, संगिनी, आशा, आंगनबाडी, सहायिका, कोटेदार, पंचायत सहायक, समूह सखी के सहयोग से अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मदिरों पर तैनाती के बाद लम्बे समय से अनुपस्थित रहने वाले सीएचओ की सेवा समाप्ति की प्रकिया शीघ्र पूरी कर कर्रवाई की जाए। उन्होंने परिवार नियोजन, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम, कुष्ठ रोग नियंत्रण कार्यक्रम से सम्बंधित आगामी प्रस्तावित अभियानों के सफल बनाने के लिए जिला स्तरीय अफसरों सहित प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिया। सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि गर्भवती महिलाओं, बच्चो की सभी अनुमन्य जांचे, टीकाकरण समय से, गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कराते हुए संबंधित पोर्टल पर फीड अवश्य कराएं। इस दौरान उन्होने हाईरिस्क प्रेगनेंसी वाली महिलाओं की जांच संवेदनशीलता के साथ कराते हुए निगरानी बनाए रखने और स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने का निर्देश दिया। बैठक में एसीएमओ डॉ.एसके सिन्हा, डीटीओ राजेश कुमार, डिप्टी सीएमओ डॉ अश्वनी पाण्डेय, मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ आरके श्रीवास्तव, डॉ आरपी यादव, डॉ विपिन रंजन, डीएमओ सीपी मिश्रा, डीपीएम पूनम गुप्ता, डीसीपीएम राजेश गुप्ता सहित सहयोगी संस्था सीफार, यूनिसेफ, यूपीटीएसयू के जिला प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

## सेंट्रल जेल से फरार बंदी को एसटीएफ व पुलिस ने दबोचा

**आगरा**। जेल से फरार होने के बाद बंदी आगरा और मथुरा में छिपा हुआ था। वह पुलिस से बचने के लिए अपने परिचित के आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस का प्रयोग कर रहा था। यूपी एसटीएफ और छत्तीसगढ़ पुलिस की संयुक्त टीम ने रायपुर सेंट्रल जेल से फरार सिद्ध दोष बंदी चंद्रवीर उर्फ पिंटू को कोतवाली क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। वह अलीगढ़ के थाना गोरई स्थित साकिन पट्टी चुहरा का रहने वाला है। एनडीपीएस एक्ट के मामले में वर्ष 2022 में उसे 15 साल की सजा हुई थी। जून 2025 में रायपुर की जेल से काम के लिए बाहर लाते समय फरार हो गया था। उस पर पांच हजार का इनाम घोषित था। एसटीएफ के मुताबिक, चंद्रवीर उर्फ पिंटू को वर्ष 2021 में नारकोटिक्स सेल ने तीन साथियों के साथ आठ क्विंटल गांजे के साथ गरियाबंद, छत्तीसगढ़ में गिरफ्तार किया था।

# आगामी त्योहारों के मद्देनजर डीएम ने की बैठक

**कुशीनगर**। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की उपस्थिति में आगामी नवरात्रि, अलविदा/रमजान के अंतिम शुक्रवार, ईद-उल-फितर तथा रामनवमी के त्योहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के साथ सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं सेंट्रल पीस कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों एवं पीस कमेटी के सदस्यों को आगामी त्योहारों की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूर्व में आयोजित सभी त्योहार आपसी समन्वय एवं सहयोग से शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुए हैं, जिसके लिए सभी संबंधितों का धन्यवाद। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारों को भी बेहतर तालमेल एवं आपसी सहयोग से सकुशल सम्पन्न कराया जाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लोग राष्ट्रभावना के साथ त्योहार मनाएं तथा किसी भी छोटी-मोटी समस्या का समाधान मौके पर ही आपसी समन्वय से किया जाए। उन्होंने सभी से सजग एवं सतर्क रहने, किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने तथा समाज विरोधी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों की सूचना तत्काल प्रशासन को उपलब्ध कराने की अपील की, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में पीस कमेटी की बैठकें आयोजित करें तथा ईदगाहों एवं मस्जिदों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करें। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) को निर्देश दिया गया कि सभी अधिशासी अधिकारियों एवं खंड विकास अधिकारियों के



माध्यम से नवरात्रि एवं रामनवमी के दृष्टिगत मंदिरों, शिवालयों एवं मंदिर मार्गों की समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही मस्जिदों एवं ईदगाहों के आसपास भी स्वच्छता की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने ईद के दिन समय से पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि एम्बुलेंस सेवाएं सक्रिय रखी जाएं तथा सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाते हुए आवश्यक दवाओं एवं उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने कहा कि सभी त्योहार पारंपरिक तरीके से ही सम्पन्न कराए जाएं तथा किसी नई परंपरा की शुरूआत न की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मेला स्थलों का पूर्व निरीक्षण कर लिया जाए तथा रात्रि के समय पर्याप्त विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित रहे। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं के लिए शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की छोटी घटना को तत्काल मौके पर ही निस्तारित किया जाए तथा माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित पीस कमेटी के सदस्यों ने भी अपने सुझाव जिला प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किए तथा आश्वस्त किया कि सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में सम्पन्न कराने में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। बैठक में एडीएम (वित्त एवं राजस्व) वैभव मिश्रा,एडीएम (न्यायिक), एडिशनल एसपी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सभी उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, सभी खंड विकास अधिकारी तथा नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा ने जारी की शासन से नामित सभासदों की सूची: दो पत्रकार भी नामित



**देवरिया**। भाजर्पा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर देवरिया जनपद में शासन द्वारा नामित सभासदों की सूची जारी की गई। जिला पंचायत परिसर में नामित सभासदों को जिपंच अध्यक्ष गिरीश चंद तिवारी और भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। देवरिया नगरपालिका परिषद से संजय पांडे, गजेंद्र मणि त्रिपाठी, अजय सिंह, विजय पंडित बेलदार, नीरू त्रिभुवन तथा नगरपालिका गौरा बरहज से अनिरुद्ध तिवारी, अमरेंद्र सिंह, अशोक सोनकर, मानवी सिंह, धर्मवीर सिंह नामित हुए। वहीं भलुअनी बाजार नगर पंचायत में पत्रकार सुरेश पांडेय एवम पवन सिंह नामित किये गए हैं दोनों लोग ग्रा प ए के पदाधिकारी हैं। इनके मनोनयन पर पत्रकारों ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी है। शेष नगर पंचायत तरकुलवा, रामपुर कारखाना, पथरदेवा, सलेमपुर, गौरी बाजार, लार, मदनपुर, हेतिमपुर, भाटपाररानी, भटनी बाजार, रुद्रपुर, बरियारपुर, बैतालपुर, मझौलीराज के भी मनोनीत सभासद घोषित किए गए। इन सभी सभासदों के मनोनयन पर केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान, सदर सांसद शशांक मणि, कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी, विधायक दीपक मिश्रा शाका, सुरेंद्र चौरसिया, सभाकुंवर कुशवाहा, जयप्रकाश निषाद, नपा अध्यक्ष अलका सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, अजय कुमार दुबे, अजय शाही, गंगा सिंह कुशवाहा, महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, प्रमोद शाही, रविंद्र कौशल, प्रभाकर तिवारी, सुधीर श्रीवास्तव, अरविंद पांडे बबुना, हेमंत मिश्रा, रमेश सिंह, अभिषेक जायसवाल, निर्मला गौतम, राजेश सिंह सहित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकताओं ने बधाई दी।

## यातायात पुलिस ने 978 वाहनों का किया चालान 2 वाहन किये सीज

**फिरोजाबाद**। यातायात पुलिस द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद में सड़क सुरक्षा को लेकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं एवं यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में यातायात पुलिस टीम फिरोजाबाद द्वारा मंगलवार को यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 978 वाहनों का चालान किया गया व 02 वाहन सीज किये गये।

## बिजली का बिल भरने के बाद भी बिजली काटने पर उपभोक्ताओं ने काटा हंगामा

**टूंडला**। विद्युत वितरण उप खंड अधिकारी नगर टूंडला पर सोमवार सायं को विद्युत उपभोक्ताओं का बिजली का बिल जमा होने के बाद भी विद्युत विभाग ने विद्युत बिल दोबारा से उपभोक्ताओं को भेजने पर व लाइट काट देने से उपभोक्ताओं ने बिजली ऑफिस पर आकर हंगामा काटा इस दौरान बड़ी संख्या में उपभोक्ता मौजूद रहे। इस दौरान विद्युत उपभोक्ता डा. योगेश अग्रवाल प्रवीन कुमार उपाध्याय उत्तम कुमार शर्मा सुरेश चन्द्र आदित्य कुमार, प्रवीन उपाध्याय आदि ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा बिजली का बिल भरने के बाद भी उनके घर पर दोबारा से उपभोक्ताओं का बिजली का बिल भेज दिया, और लाइट काट दी जिससे गर्मी के मौसम में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने सोमवार सायं विद्युत ऑफिस टूंडला पर आकर जमकर किया और विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर हंगामा काटा। इस दौरान बड़ी संख्या में उपभोक्ताओ की भीड़ लगी रही वही पुलिस भी मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी कर मामला शांत कराया। एक्सईएन टूंडला कालेश्वर सिंह ने बताया कि उपभोक्ताओं की आ रही समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान कराया जाएगा।

## प्रा.विद्यालयों में मध्याह्न भोजन सुचारु रखने के लिए बीआरसी के जरिये सिलेंडर की मांग



**देवरिया**। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद देवरिया के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में शिक्षक प्रतिनिधि मंडल आज बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह से मुलाकात कर जनपद के बेसिक शिक्षकों की तात्कालिक समस्याओं एवं उनके समाधान हेतु सम्यक वार्ता हुई। वार्ता में मुख्य रूप से परिषदीय विद्यालयों में एम डी एम योजना को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु सभी ब्लॉकों में बी. आर. सी. स्तर पर सिलेंडर उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही किया जाय। जिससे बेसिक विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना बंद न हो। साथ ही विभिन्न ब्लाकों के शिक्षकों के चयन वेतन मान का आदेश निर्गत करना। निलंबन की बहाली , एस. आई.आर. ड्यूटी के वजह से वेतन कटौती की मुक्ति , एक दिन की वेतन की कटौती को अवमुक्त करने , सेवानिवृत्त शिक्षकों के पत्रावली को निस्तारित करने , सभी प्रकार के एरियर भुगतान करने , जी. पी. एफ. लोन की समय से स्वीकृति की बात हुई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु आश्वस्त किया। वार्ता में जिला मंत्री आनंद प्रकाश यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ.सत्यप्रकाश सिंह, जिला संयुक्त मंत्री ऋषिकेश जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष बैजनाथ पति त्रिपाठी, नित्यानंद यादव, जिला मीडिया प्रभारी संदीप कुमार द्विवेदी, अरुण कुमार तिवारी, रामसिंगार यादव उपस्थित रहे।

## मार्ग दुर्घटना में दिवंगत पत्रकारों को कैंडल मार्च निकाल कर दी श्रद्धांजलि




**कुशीनगर**। भाजपा नेता नीरज सिंह बिट्टू के नेतृत्व में युवाओं ने कैंडल मार्च निकालकर मार्ग दुर्घटना में दिवंगत पत्रकारों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बीते रविवार की रात में संत कबीर नगर के पास मार्ग दुर्घटना में जिले के वरिष्ठ पत्रकार धनंजय पांडेय और शम्भु मिश्र का निधन हो गया। वह दोनों लखनऊ से वापस कुशीनगर अपने घर लौट रहे थे। भाजपा नेता नीरज सिंह बिट्टू ने कहा कि दिग्गज पत्रकारों का निधन काफी दुःखद है। उनके निधन से पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति पहुंची है। इस दौरान निरंजन सिंह, नीतिश सिंह, शुभम, सत्यम पाठक, किशन चौधरी, अजहरुद्दीन अंसारी, उपेंद्र कुशवाहा, मनीष कुशवाहा, सुमित चौहान, सौरभ मिश्रा, खुशियाल यादव, राहुल यादव, पवन कुशवाहा, रितेश कुशवाहा, आदर्श दीक्षित, विकास यादव, धनंजय चौहान, ममता शर्मा, आदर्श सिंह, शेखर शुक्ला, अरुण गुप्ता, पवन कुमार, हिमांशु गोंड, धर्मेंद्र गौड़, शिवम यादव, सोनू यादव, अक्षय पासवान, हरिकेश प्रसाद, विनय वर्मा, राहुल वर्मा ने दिवंगत पत्रकारों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

संक्षेप

## पुलिस कर्मियों को चकमा देकर चोर फरार

बांदा। चोरी का आरोपी बाथरूम का बहाना बना दीवार फांदकर फरार हो गया। अतर्रा कोतवाली में कस्बा के गांधी नगर मोहल्ला निवासी चुन्नू कोरी पुत्र रामनाथ कोरी पर मुकदमा दर्ज किया गया था। चोरी का माल बरामद होने के बाद उसे जेल भेज दिया गया था। सोमवार को उसे मंडल कारागार से सीजेएम न्यायालय अतर्रा में पेशी में ले जाया गया था। न्यायालय बंद होने से पहले उसने बाथरूम का बहाना बनाया। उसे एक दरोगा व सिपाही पुलिसकर्मी बाथरूम कराने लेकर गए। इसी दौरान वह सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। जिससे पुलिस महकमें हड़कंप मच गया। भागे हुए बंदी की तलाश में पुलिस टीमें लगाई गई हैं। एसपी पलाश बंसल का कहना कि करीब 45 वर्षीय बंदी चुन्नू कोरी को पेशी पर अतर्रा न्यायालय ले जाया गया था। इसी दौरान न्यायालय बंद से पहले 6 से 6:30 बजे के बीच वह बाथरूम का बहाना बनाकर भाग निकला। सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों ने कोतवाली में भागे हुए बंदी के खिलाफ तहरीर दी है। जिसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। बंदी न मिलने पर दरोगा व सिपाही पर कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रक लेकर ठग फरार, रिपोर्ट दर्ज

बांदा। ट्रक खरीदने के नाम पर ठग डेढ़ लाख रुपये बयाना देकर दो ट्रक लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है। देहात कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है। महोबा जिले के कबरई थाना क्षेत्र के पहरा गांव निवासी राममिलन सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसके पास 14 चक्का ट्रक है। यशवंत सिंह निवासी बनिया खोड़ मटौंध के पास भी एक ट्रक है, दोनों ट्रको का संचालन यशवंत सिंह करवाता है।

## जमीन विवाद में मारपीट, जान से मारने की धमकी

ललितपुर। जिले के सौजना थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर मारपीट और धमकी का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम उल्दना कला निवासी मुलायम (उम्र करीब 27 वर्ष) ने थाना सौजना में शिकायत दर्ज कराई कि 14 मार्च 2026 को करीब 11 बजे दिन में गांव के ही राजाराम ने उसके मकान के सामने आकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने मुलायम के साथ लात-घूंसों से मारपीट की। शिकायत में यह भी बताया गया है कि बीच-बचाव करने आई पीड़ित की पत्नी पुष्पा के साथ भी आरोपी ने मारपीट की। आरोपी ने जमीन अपने नाम कराने का दबाव बनाते हुए हाथ-पैर तोड ? और जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के दौरान आसपास के लोग इक-ा हो गए, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक अरविंद कुमार को सौंपी गई है।

# फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

## मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण प्राप्त कर गणना कार्य में लगे प्रगणक और सुपरवाइजरों को देंगे प्रशिक्षण

जिला संवाददाता

ललितपुर। जनगणना 2027 प्रथम चरण मकानों की गणना व स्वगणना के लिए एडीएम अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय तीन दिवसीय फील्ड ट्रेनर के प्रथम बैच का प्रशिक्षण शुरू हुआ। बताया गया कि यह प्रशिक्षण 18 मार्च तक चलेगा, इसके लिए जिले में दो मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार और प्रत्यूष पंचैरी और जनगणना प्रभारी प्रत्यूष यादव को नियुक्त किया है, जिनके द्वारा आज कुल 18 फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया। यह फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रगणक और सुपरवाइजर को प्रशिक्षित करेंगे। बताया कि वर्ष 2011 के बाद वर्ष




2027 हेतु जनगणना कार्य प्रस्तावित है, जो फरवरी 2027 तक पूर्ण किया जाना है। जनगणना कार्य 2 चरणों में किया जाएगा, प्रथम चरण में मई से जून 2026 तक प्रगणकों द्वारा हाउस लिस्टिंग की जाएगी और दूसरे चरण में फरवरी 2027 तक लिस्टेड हाउसेस की जनगणना की जाएगी। बताया गया कि इस बार जनगणना ऑनलाइन सीएमएम पोर्टल पर की जाएगी, जिसमें 34 बिंदुओं पर सूचनाएं भरी जानी है। इसके लिए 2878 प्रगणक, 488 सुपरवाईजर, 42 फील्ड ट्रेनर व 2 मास्टर ट्रेनर नियुक्त किये जायेंगे। मास्टर ट्रेनरों को लखनऊ में प्रशिक्षण दिया जाएगा, ये मास्टर ट्रेनर जनपद स्तर पर फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षित करेंगे और फील्ड ट्रेनर्स सुरपरवाईजर व प्रगणकों को प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने बताया कि जनगणना के लिए जनपद में ग्राम रजिस्टर व नगर रजिस्टर एवं मलिन बस्तियों का डाटा तैयार कर लिया गया है और पाली व मड़ावरा तहसील के सम्भाजन ग्रामों को भी अद्यतन कर लिया गया है। इसके आधार पर जनगणना हेतु जनपद का मैप भी तैयार हो गया है। डाटा के अनुसार तहसील सदर में 198 ग्राम, महरौनी में 145 ग्राम, तालबेहट में 168 ग्राम, पाली में 106 तथा मड़ावरा में 133 ग्रामी शामिल है। उन्होंने बताया कि जनगणना के लिए प्रत्येक ग्राम और वार्ड को ब्लॉक के रुप में बांटा गया है, जिनकी संख्या 2618 है, जिसमें अधिक से अधिक 800 की आबादी को शामिल करके गणना कार्य किया जाएगा और मलिन बस्तियों की जनगणना अलग से की जाएगी। इस अवसर पर जनगणना प्रभारी, मास्टर ट्रेनर्स, प्रगणक, सुरपरवाईजर व अन्य सम्बंधित कार्मिक उपस्थित रहे।

# हनुमान जयंती महोत्सव को लेकर प्रशासन को सौंपा गया ज्ञापन



ललितपुर। श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति द्वारा अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में जिला प्रशासन को हनुमान जयंती पर्व के सफल आयोजन हेतु ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन जिला अधिकारी, उप जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अधिशाषी अधिकारी एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष को संबोधित किया गया। ज्ञापन में बताया गया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नगर ललितपुर में हनुमान जयंती का पर्व 2 अप्रैल (गुरुवार) को धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत 1 अप्रैल (बुधवार) की रात्रि में श्रृंगार, सुंदरकांड पाठ आदि कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं 2 अप्रैल को सुबह हवन एवं सायंकाल 5 बजे से श्री तुवन मंदिर प्रांगण से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो तुवन चैराहा, सदर काटा, पानी की टंकी, महावीरपुरा, रावरपुरा, चैबयाना, नदीपुरा, आजाद चैक, वीर सावरकर चैक होते हुए पुनरू तुवन मंदिर पर समाप्त होगी। समिति ने अवगत कराया कि 3 अप्रैल से 8 अप्रैल तक अखंड रामायण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कवि सम्मेलन एवं भजन संध्या जैसे विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हनुमान जयंती महोत्सव नगर का सबसे बड़ा आयोजन होने के कारण इन दिनों तुवन मंदिर में भारी जनसमुदाय एकत्रित होता है। इसलिए समिति ने 1 अप्रैल से 8 अप्रैल तक तुवन ग्राउंड पर अन्य किसी भी आयोजन या मेले की अनुमति न देने का अनुरोध किया है। साथ ही प्रशासन से तुवन मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई, शोभायात्रा मार्ग का समतलीकरण, स्वच्छता व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने की मांग की गई है। पुलिस अधीक्षक से शोभायात्रा एवं मंदिर परिसर में पर्याप्त पुलिस बल एवं ट्रैफिक व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष पं. बृजेश चतुर्वेदी, रमेश कुमार रावत, महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामांकांत चैबे, उपाध्यक्ष राजेश दुबे, प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, मंत्री राकेश तामिया, भरत रिछारिया, चंद्रशेखर राठौर, शिव कुमार शर्मा, जगदीश पाठक, अवधेश कौशिक, धर्मेंद्र चैबे, शुभम कौशिक, के.के.साहू, मुन्नालाल त्यागी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# ललितपुर में 18 अभियुक्त गिरफ्तार

ललितपुर। जिले की पुलिस द्वारा वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत 18 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता प्राप्त की गई। सभी अभियुक्तों को नियमानुसार संबंधित न्यायालय में पेश किया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा समस्त क्षेत्राधिकारीगण के पर्यवेक्षण में की गई। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर इन वारंटियों को पकड़ा गया। पकड़े गये वारण्टियों में मोहल्ला घुसयाना निवासी मुन्नी देवी पत्नी नसीम खां, यादव, ग्राम कुसमाड़ निवासी कृष्णा ठाकुर पुत्र हरदेव सिंह, थाना नाराहट के ग्राम अर्जुन खिरिया निवासी सुन्दर पुत्र नन्दे, थाना पूराकलां के ग्राम नत्थीखेड़ निवासी पुष्पेन्द्र झां पुत्र ध्यान झां, तालबेहट के ग्राम बड़ाहार निवासी मलखान पुत्र हरपाल, ग्राम उदगुवां के मजरा जबराताल निवासी जयदेव लोधी पुत्र बलदेव, थाना जखौरा के निवासी रगवर उर्फ रग्गा पुत्र झुन्ना, अशोक पुत्र रज्जूलाल, महरौनी के अंकुर पुत्र हरगोविन्द अहिरवार, ग्राम सैदपुर निवासी जगदीश पुत्र नन्नू, सौरभ पुत्र सोबरन सिंह बताये गये हैं। पुलिस के अनुसार, सभी



जेल चैराहा निवासी शोभारानी पत्नी जगदीश प्रसाद, ग्राम मिर्चवारा निवासी अशोक पुत्र खरग, खिरकापुरा निवासी हन्नू पुत्र भगवान, ग्राम महर्रा निवासी जयपाल पुत्र राम प्रसाद, मोहल्ला गोविन्दनगर निवासी शिवराज पुत्र चन्दन सिंह यादव, ग्राम सिलगन निवासी बसन्ता पुत्र परम, थाना सौजना के ग्राम नैकोरा चिम्मनलाल यादव पुत्र लाडले अभियुक्त विभिन्न धाराओं में वांछित थे। अभियान के तहत जनपद के कोतवाली, सौजना, नाराहट, पूराकलां, तालबेहट, जखौरा व महरौनी थाना क्षेत्रों में दबिश देकर इनकी गिरफ्तारी की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सके।

# बसों की भिड़ंत में छह यात्री घायल



बकेवर, इटावा। कानपुर आगरा नेशनल हाइवे महेवा ओवरब्रिज पर सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे रोडवेज की दो बसे आगे पीछे से भिड़ गयी। आगे जा रही फजलगंज डिपो की बस में पीछे से औरैया रोडवेज की बस जा भिड़ी।

टक्कर के बाद फजलगंज डिपो की बस करीब तीन सौ मीटर तक लेजाकर चालक बस को खड़ी कर भाग गया। औरैया रोडवेज की बस चालक सहित करीब 6 सवारी घायल हो गयी। सूचना पर थानाध्यक्ष बकेवर विपिन कुमार मलिक लखना चैकी इंचार्ज अंकित पटेल मय फोर्स थाना पुलिस व एनएचएआई की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुँची। घायलों को उपचार के लिए एम्बूलेंस से महेवा सीएचसी भिजवाया। सीएसची पर अधीक्षक डॉ अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में चिकिस्तक ने उपचार कर रहे थे। घायलों में अमित कुमार पुत्र संतोष कुमार 22 वर्ष निवासी ग्राम जिग्नाइया थाना मंगलपुर कानपुर देहात राज सिंह पुत्र शुगर सिंह 55 वर्ष निवासी फूटा ताल थाना चकरनगर जनपद इटावा सुनीता भदोरिया पत्नी अनिल कुमार 50 वर्ष निवासी महिला चुंगी थाना फ्रेंड्स कॉलोनी इटावा इन घायलों को गंभीर स्थिति होने के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया इसके अलावाअंबिका पुत्री राम प्रकाश 30 वर्ष निवासी कटरा फतेह महमूद खां थाना कोतवाली इटावा, देश दीपक पुत्र रामगोपाल उम्र 36 वर्ष निवासी महेवा थाना बकेवर अनिल कुमार पुत्र रामबहादुर उम्र 54 वर्ष निवासी महिला चुंगी थाना फ्रेंड्स कॉलोनी इटावा सचिन कुमार कौशल कुमार उम्र 25 वर्ष निवासी अतनोल थाना अयाना जनपद औरैया भी घायल हुए इसके अलावा और यह डिपो की बस का चालक सत्यम भी मामूली रूप से घायल हुआ। इन सभी को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

# ब्रह्माणी देवी मेले की तैयारियों का सीओ ने लिया जायजा

जसवंतनगर, इटावा। यमुना नदी की तलहटी के बीहड़ी क्षेत्र स्थित नगला तौर पंचायत के प्राचीन ब्रह्माणी देवी मंदिर पर गुरुवार से शुरू हो रही चैत्र नवरात्रि के अवसर पर लगने वाले 15 दिवसीय लख्खी मेले की तैयारियों को लेकर मंगलवार को पुलिस प्रशासन ने बैठक आयोजित की। क्षेत्राधिकारी आयुषी सिंह ने मंदिर पुजारी व क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक कर मेले की व्यवस्थाओं और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की।

बैठक के दौरान सीओ आयुषी सिंह ने मेला परिसर का निरीक्षण करते हुए दुकानदारों से बातचीत की और सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वाहन स्टैंड, जनाना मार्केट तथा मेले में लगाए जाने वाले चार बैरियर के स्थानों को चिन्हित किया। सीओ ने बताया कि मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए पुलिस और प्रशासन द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। मेला क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी बलरई थाना निरीक्षक दिवाकर सरोज को सौंपी गई है। वहीं मेले की व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह तोमर और शेर सिंह तोमर को लगातार निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। इस अवसर पर बीजेपी के मंडल अध्यक्ष प्रथम संजय मिश्रा, पिंटू राजपूत, नंदकिशोर, गुड्डू यादव जोनई, लल्लू तोमर, प्रवीन, धर्मवीर, गणेश, पप्पू सहित क्षेत्र के कई लोग मौजूद रहे।

## नहीं मिल रही गैस, स्ट्रीट फूड कारोबारी परेशान

बांदा। गैस एजेंसी, रेस्टोरेंट तथा फूड कॉर्नर संचालकों की मनमानी की वजह से आम उपभोक्ताओं को किल्लत झेलनी पड़ रही है। दुकानदारों के घर परिवार में तीन से चार घरेलू गैस कनेक्शन हैं। दुकानदारी प्रभावित न हो इसके लिए कारोबारी सभी कंपियों में ज्यादा से ज्यादा सिलेंडर लेकर रेस्टोरेंट व दुकानों में जमा कर रहे हैं। शहर में करीब दो सैकड़ा से ज्यादा स्ट्रीट फूड दुकानदार हैं। व्यवसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति बंद होने और घरेलू गैस सिलेंडरों की किल्लत की वजह से कारोबारी परेशान हैं। पूड़ी-सब्जी व चाय दुकानदारों ने तो कोयले की भट्ठी लगा रखी है, लेकिन फास्ट फूड कार्नर वालों का काम भट्ठी से नहीं चल पा रहा है। मोमोज के दुकानदार अवधेश गुप्ता ने बताया कि वह अलीगंज में ठेला लगाते हैं और उन्हें तीन दिन से सिलेंडर नहीं मिला है। गैस संचालक ज्यादा भुगतान करने की वजह से इन कारोबारियों को बुकिंग के तुरंत बाद सिलेंडर पकड़ा देते हैं। जबकि आम उपभोक्ताओं को बुकिंग के पांच दिन बाद भी गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। मंगलवार को गैस एजेंसियों व अन्य जगहों पर पड़ताल की तो ऐसी ही स्थिति सामने आई। एजेंसियों में घरेलू उपभोक्ता कम, फास्टफूड कार्नर, रेस्टोरेंट और दूध डेयरी से जुड़े दुकानदार व कर्मचारी ज्यादा नजर आए। बुकिंग के बाद गैस सिलेंडर लेने आए आम उपभोक्ताओं ने बताया कि ये दुकानदार हॉकरों व एजेंसी से जुड़े लोगों को निर्धारित दाम से ज्यादा भुगतान करते हैं तो बुकिंग के तुरंत बाद इन्हें सिलेंडर मिल जाता है। जबकि आम उपभोक्ता गैस सिलेंडर के लिए चक्कर लगाते हैं।

## रेस्टोरेंट में छापेमारी, 12 सिलेंडर जब्त, रिपोर्ट दर्ज

बांदा। डीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार हेमंत सिंह पटेल, वीरेंद्र कुमार व पूर्ति निरीक्षक सदर विशाल कुमड़िया की टीम ने साईं दरबार रेस्टोरेंट में छापेमारी की। घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक प्रयोग और अवैध भंडारण करने पर साईं दरबार रेस्टोरेंट संचालक दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जब्त किए गए खाली व भरे 12 सिलेंडरों को गैस एजेंसी संचालक के सुपुर्द किया गया है। अपने परिचितों से पासबुक लेकर संचालक घरेलू सिलेंडरों का उपयोग रेस्टोरेंट में करते थे। सोमवार को नगर कोतवाली में दी तहरीर में पूर्ति निरीक्षक विशाल ने बताया कि रेस्टोरेंट में घरेलू गैस का व्यवसायिक उपयोग करते पाया गया। संचालक ने तीन घरेलू गैस की पासबुक दिखाईं। ये पासबुक नोनिया मोहल्ला कटरा निवासी शोभादेवी पत्नी बल्लू, दूसरी पासबुक शंभूनगर निवासी लक्ष्मी देवी पत्नी लखनलाल और तीसरी पासपुक धाधूराम का डेरा कनवारा निवासी प्रभा देवी पत्नी अशोक के नाम की थीं। संचालक अमन व आशीष ने स्वीकार किया कि रेस्टोरेंट में तीन व्यवसायिक गैस सलेंडर खाली, पांच घरेलू खाली सिलेंडर तथा तीन भरे हुए घरेलू सिलेंडर व एक आधा घरेलू सिलेंडर मिले हैं।

## अवैध खनन से खराब हो रही फसल, डीएम से शिकायत

बांदा। मानक के विरुद्ध खनन कर चार इंची होल ब्लास्टिंग से बेशुमार पत्थरों, धूल व जहरीली गैसों से खेतों में बोई गई फसल नष्ट होने की शिकायत किसानो ने डीएम से की है। चुकी है। नरैनी तहसील व थाना गिरवां के ग्राम पिथौराबाद निवासी रनिया पत्नी मुन्नीलाल, कुसुम पत्नी रामकेश, फुलमतिया पत्नी सीताराम, किशोरी पत्नी चुनवा, छोटेलाल पुत्र बाबूलाल, बलराम पुत्र चुनबाद, उमाकांत पुत्र सीताराम आदि ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह गरीब किसान हैं। खेती कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनकी पैतृक भूमि ग्राम खोही परगना व तहसील नरैनी में है। इसी खेत की सीमा से लगा पहाड़ है जो ग्राम जरर तहसील नरैनी में स्थित है। पहाड़ पर निरंतर अवैध खनन संचालित है। अवैध ब्लास्टिंग से खेतों में कृषि कार्य के दौरान पत्थरों की बारिश से कई बार वह लोग चोटहिल हो चुके हैं। ब्लास्टिंग से उछले पत्थर से पीड़ितों के मवेशियों की मृत्यु होने का खतरा है। ब्लास्टिंग व उत्खनन से जल भराव हो रहा है। इससे फसलें नष्ट हो रही हैं। पहाड़ में नियम विरुद्ध खनन होने की बात कहने पर खनन माफियाओं के गुर्गे जो बंदूकों से लैस रहते हैं उनके साथ गाली गलौज मारपीट की धमकी देते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ट्रक से कुचलवाकर शव गायब करवा देंगे। किसानो ने जिलाधिकारी से अनियमित व गैरकानूनी हो रहे खनिज कार्य की कमेटी गठित कर जांच करने व फसल सुरक्षित करने की मांग की है। कहा कि गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने वाले खनन माफियाओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जाए। इस दौरान प्रेमनारायण पुत्र छोटेलाल, बेटाराम पुत्र मुन्नीलाल व अन्य किसान मौजूद रहे।

## जमीन गिरवी रखने के नाम पर धोखाधड़ी, पांच के खिलाफ मामला दर्ज

ललितपुर। तालबेहट के ग्राम बरीखुर्द में एक गरीब व्यक्ति की जमीन को गिरवी रखने के बहाने जालसाजी कर फर्जी तरीके से बैनामा कराने का मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर तालबेहट पुलिस ने गांव के ही पांच रसूखदार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित प्रकाश वंशकार ने बताया कि उसने कुंआ खोदने के लिए बैंक से 10 हजार रुपये का ऋण लिया था। कर्ज न चुका पाने की स्थिति में गांव के ही हज्जू, हरीराम, कैलाश, गोपीलाल और सुरेश (पुत्रगण किशोरीलाल) ने उससे संपर्क किया। आरोपियों ने उसकी पट्टे वाली आराजी (संख्या 63 व 64, रकबा 1.672 हेक्टेयर) को गिरवी रखकर 34,000 रुपये देने का वादा किया ताकि वह बैंक का कर्ज चुका सके। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने उसे केवल 14,000 रुपये दिए और इकरारनामा (गिरवी) के नाम पर छल-कपट से जमीन का रजिस्टर्ड बैनामा अपने पक्ष में करा लिया। पीड़ित को इस धोखाधड़ी का पता तब चला जब उसने 16 दिसंबर 2025 को रजिस्ट्रार कार्यालय में जांच कराई। रिपोर्ट के अनुसार, इस जमीन को बेचने के लिए जिलाधिकारी से अनुमति भी नहीं ली गई थी, जो कि पट्टे की भूमि होने के कारण अनिवार्य थी। घटना के अनुसार, 7 दिसंबर 2025 को जब पीड़ित अपने खेत पर था, तब पांचों आरोपियों ने वहां आकर गाली-गलौज की और जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। स्थानीय पुलिस और पुलिस अधीक्षक से शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं 352, 131, 351(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2) और 61(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक बलराम शर्मा को सौंपी गई है।

## पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो शातिर चोरों को दबोचा

ललितपुर। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत तालबेहट पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान चोरी की एक मोटरसाइकिल के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। घटना 16 मार्च 2026 की है, जब उपनिरीक्षक अमित कुमार अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। पुलिस टीम जब कड़ेसरा कलां तिराहे के पास चेकिंग कर रही थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल के साथ झांसी की ओर से ललितपुर जाने की फिराक में हैं। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने घेराबंदी कर करमई ओवरब्रिज के पास से बिना नंबर की एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका। मोटरसाइटिल पर सवार व्यक्तियों ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि यह मोटरसाइकिल उन्होंने करीब एक माह पहले ललितपुर स्टेशन के पास से चोरी की थी। पकड़े गए आरोपियों की पहचान इमरान खान पुत्र रज्जाक खान और आकाश पुत्र किशोरी लाल, दोनों निवासी ग्राम पूराकलां रूप में हुई है। जब पुलिस ने उनसे वाहन के कागज मांगे, तो वे कोई दस्तावेज नहीं दिखा सके। जांच में पता चला कि आरोपियों ने पुलिस से बचने के लिए मोटरसाइकिल की असली नंबर प्लेट हटा दी थी। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल (हीरो डीलक्स) बरामद कर ली है।

## सोते समय महिला का पर्स पार, दो मोबाइल और नकदी गायब

ललितपुर। चलती ट्रेनों में यात्रियों के सामान पर हाथ साफ करने वाले गिरोह सक्रिय हैं। ताजा मामला दक्षिण एक्सप्रेस (ट्रेन नं. 12722) का है, जहां फरीदाबाद से भोपाल की यात्रा कर रहे एक दंपत्ति की नींद का फायदा उठाकर अज्ञात चोर ने महिला का पर्स चोरी कर लिया। घटना उस समय हुई जब ट्रेन ललितपुर स्टेशन से गुजर रही थी। शिकायतकर्ता पांडे अमन आनन्द, निवासी फरीदाबाद (हरियाणा), अपनी पत्नी पूजा सिन्हा के साथ कोच ए-1 की सीट संख्या 43 और 51 पर यात्रा कर रहे थे। पीड़ित ने बताया कि उनकी पत्नी ने अपना डार्क पर्पल रंग का लेडीज पर्स सिरहाने रखकर सो गई थीं। जब ललितपुर स्टेशन के पास उनकी आंख खुली, तो पर्स गायब था। चोरी गए पर्स में लगभग 37 हजार रुपये मूल्य का सामान था। इसमें एक रेडमी नोट 8 प्रो (कीमत 20 हजार रुपये), एक विवो प्लस (कीमत 12 हजार रुपये), 5 हजार रुपये नकद और जरूरी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड और वोटर आईडी शामिल थे।

## रेल सुविधाओं पर संसद में उठी आवाज

# सपा सांसद जितेंद्र दोहरे ने वरिष्ठ नागरिक छूट बंद ट्रेनें बहाल करने की मांग की

इटावा। लोकसभा क्षेत्र के सांसद जितेंद्र कुमार दोहरे ने संसद में रेल मंत्रालय का ध्यान क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं की ओर आकर्षित किया। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान, वरिष्ठ नागरिकों को राहत, बंद ट्रेनों के संचालन, अंडरब्रिज की समस्या और रेलवे में रोजगार जैसे मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया। खास तौर पर कोविड काल में बंद हुई सुविधाओं को अब तक बहाल न किए जाने पर उन्होंने सवाल खड़े किए। सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों और उनके परिजनों को पहले की तरह रेलवे में सीट आरक्षण की सुविधा फिर से दी जानी चाहिए। इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली 50 प्रतिशत छूट को बहाल करने और महिलाओं व छात्रों को भी यात्रा में रियायत देने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि इन सुविधाओं के बंद होने से आम लोगों को आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कोरोना काल से बंद पड़ी ट्रेनों को दोबारा शुरू करने की जरूरत बताई और इटावा में राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग रखी, ताकि दिल्ली तक आवागमन आसान हो सके। इसके अलावा इटावा, अछल्दा, फफूंद और भरथना रेलवे स्टेशनों पर जम्मू तवी, अजमेर, वंदे भारत और मरुधर जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की भी मांग की गई, जिससे क्षेत्र के यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके। इटावा-मैनपुरी रोड पर बने अंडरब्रिज में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या को गंभीर बताते हुए सांसद ने वहां ओवरब्रिज बनाने का प्रस्ताव रखा।

# शासन ने नगर पालिकाओं में सदस्य नामित किये

जिला संवाददाता

**इटावा।** नगर निकाय निर्वाचन सम्पन्न होने के करीब तीन वर्ष लम्बी समयावधि गुजरने के उपरान्त उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नगर पालिका परिषद इटावा हेतु पाँच नामित सदस्यों को मनोनीत किया है। अब नगर पालिका परिषद में 40 निर्वाचित व 5 मनोनीत सहित कुल 45 सभासदों की संख्या हो गयी है। मनोनीत सदस्यों में ललित कुमार बाल्मीक निवासी कटरा फतेह मेहमूद खां थाना कोतवाली, तेजपाल राजपूत पुत्र अहिरन सिंह निवासी सराय दयान थाना सिविल लाइन, प्रीति जैन पुत्री जितेन्द्र जैन निवासी फूलनदेवी डंडा थाना कोतवाली, सतेन्द्र मिश्रा पुत्र सुरेश मिश्रा निवासी फ्रेंडस कालोनी, शिवम प्रताप सिंह पुत्र अजय प्रताप सिंह निवासी आवास विकास कालोनी आदि है। वहीं भरथना में 25 निर्वाचित व 5 मनोनीत सहित कुल 30 सभासदों की संख्या हो गयी है। बीते दिन जारी



सूची के अनुसार उत्तर प्रदेश शासन के तत्वाधान में राज्यपाल द्वारा नगर पालिका परिषद भरथना हेतु ममता गुप्ता नि. महावीर नगर, श्यामजी पोरवाल नेक्से नि. मोतीगंज, चरन सिंह चक नि. पुराना भरथना, चन्दन दुबे नि. जवाहर रोड, मंगल सिंह भदौरिया नि. बालूगंज भरथना को सभासद नामित किया गया है। भारतीय जनता पार्टी के उक्त पदाधिकारियों के सभासद मनोनीत होने की खबर मिलते ही स्थानीय भाजपाईयों व उनके शुभचिन्तकों ने उन्हें बधाई दी। वहीं शासन द्वारा नगर पालिका परिषद जसवंतनगर में जयशिव बाल्मीकि, भावना अग्निहोत्री, सुदीप प्रजापति, उमेश शाक्य और राजवीर सिंह को नामित सभासद बनाए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने नव-नामित सभासदों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। कार्यकताओं ने कहा कि सभी सभासद नगर के विकास, स्वच्छता और जनसमस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष संजय मिश्रा, अजय विंदु यादव, महेश गुप्ता सहित कई कार्यकताओं ने शुभकामनाएं दीं।

# राज्यों में सत्तारूढ़ दलों की होगी अग्नि परीक्षा

नरेन्द्र शर्मा

**दो साल बाद सही मायनों में मोदी सरकार की लोकप्रियता और मतदाताओं के मन में उसके प्रति विश्वास बचा है, उसका एक छोटे से सैंपल से अगर टेस्ट हो सकता है तो ये 2026 के पहले पांच राज्यों की विधानसभा चुनाव होंगे। मगर इसके साथ यह भी ध्यान देने की बात है कि इन चुनावों में सभी सत्तारूढ़ पार्टियों की शाख और लोकप्रियता दांव पर है, चाहे वह विपक्षी राजनीतिक पार्टियों हो या केंद्र की सत्ता में मौजूद गठबंधन से रिश्ता रखती हों।**

एक ऐसे समय पर जब समूचा विपक्ष एकजुट होकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरुद्ध महाभियोग लाने की तैयारी कर रहा है। ठीक उसी समय ज्ञानेश कुमार ने बीती 15 मार्च 2026 को देश की राजधानी नई दिल्ली में पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और केंद्रशासित प्रदेश पुड्डुचेरी के विधानसभा चुनावों की घोषणा की। इनमें से पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग होगी, तमिलनाडु में एक ही बार 23 अप्रैल को, केरल और असम में भी एक ही बार 9 अप्रैल को और इन्हीं के साथ केंद्रशासित प्रदेश पुड्डुचेरी में भी 9 अप्रैल 2026 को ही वोटिंग होगी। सभी प्रदेशों की चुनावों मतगणना आगामी 4 मई 2026 को होगी। पश्चिम बंगाल में नामांकन के लिए 2 और 9 अप्रैल तथा नामांकन वापसी के लिए 13 अप्रैल की तारीख निश्चित है, जबकि तमिलनाडु में नामांकन 30 मार्च से 6 अप्रैल के बीच तथा नामांकन वापसी के लिए 9 अप्रैल तथा केरल, असम और केंद्रशासित प्रदेश पुड्डुचेरी के लिए नामांकन 16 से 23 मार्च, नाम वापसी 26 मार्च तक होगी।

इन सभी राज्यों में ये अब तक के सबसे तेज रफ्तार चुनाव हैं। क्योंकि यहां साल 2021 में 34 दिनों में, साल 2016 में 43 दिनों में, साल 2011 में 36 दिनों और साल 2006 में 35 दिनों में वोटिंग हुई थी। जबकि इस बार वोटिंग के लिए कुल 21 दिन हैं। इसलिए पहले तो ये इस मायने में अब तक के अलग विधानसभा चुनाव होंगे कि पिछले 20 सालों में इससे तेज चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न नहीं हुई। दूसरी बात यह है कि इस बार के ये विधानसभा चुनाव इसलिए खास हैं, क्योंकि तमिलनाडु को छोड़कर सभी चार राज्यों में जो सरकारें हैं, वह एक से ज्यादा बार लगातार सत्ता में काबिज सरकारें हैं। पश्चिम बंगाल में ममता सरकार लगातार तीन बार सत्ता में रहने का कार्यकाल पूरा करके अगर जीतेगी, तो चौथी बार सत्ता में प्रवेश करेगी। जबकि केरल में मौजूदा लेफ्ट गठबंधन सरकार अगर जीती तो तीसरी बार सरकार बनाने के लिए उतरेगी। जबकि असम और पुड्डुचेरी में से असम में एनडीए लगातार तीसरी और पुड्डुचेरी में दूसरी बार सरकार बनाने की कोशिश करेगी। अकेला तमिलनाडु ही ऐसा राज्य है, जहां मौजूदा डीएमके (द्रविड़ मुनेत्र कषगम) दूसरी बार सत्ता में आने का सपना देख रही है। इन पांच राज्यों के अलावा इसी समय छह राज्यों यानी गोवा, गुजरात, कनार्टक, महाराष्ट्र और त्रिपुरा की 8 विधानसभा सीटों पर दो चरणों में उपचुनाव होंगे। सवाल यह है कि जब विधानसभा चुनाव बिल्कुल सर पर हैं और हम सब ये भी जानते हैं कि देश के निर्वाचन आयुक्त को आनन-फानन में महाभियोग नहीं लगाया जा सकता, तब फिर तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व में समूचा विपक्ष मिलकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरुद्ध महाभियोग प्रस्ताव पारित करने की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करते हुए क्यों दिखना चाहता है?



**विधानसभा चुनाव**

दरअसल विपक्ष को पता है कि न तो आनन-फानन में चुनाव आयुक्त पर महाभियोग लगाया जा सकता है और न ही उसके पास तकनीकी रूप से वह संख्या बल है, जिसकी बदौलत यह महाभियोग संभव हो सके। बावजूद इसके अगर विपक्ष इस काम को करते हुए मतदाताओं के सामने तन्मयता से दिखना चाहता है, तो इसकी वजह यह है कि विपक्ष चाहता है कि देश के मतदाताओं को यह संदेश दिया जा सके कि चुनाव आयोग यह जो एसआईआर की कवायद कर रहा है, वह वास्तव में उनके साथ किया जा रहा वोटिंग घोटाला है। क्योंकि पिछले 10-15 सालों में इन सभी राज्यों में जहां चुनाव होने जा रहे हैं, वहां मतदाताओं की संख्या में कमी आयी है। भले ही यह कमी बिल्कुल वाजिब तरीकों से हुई हो। लेकिन विपक्ष यह संदेश देने की कोशिश कर रहा है कि उसे सत्ता से बेदखल करने के लिए केंद्र सरकार के इशारे पर राष्ट्रीय चुनाव आयोग एसआईआर के माध्यम से इसे अंजाम दे रहा है। विपक्ष ऐसा इसलिए कह पाने का मौका पा रहा है, क्योंकि एसआईआर के बाद सभी राज्यों में मतदाताओं की संख्या में काफी कमी आयी है। एसआईआर (स्पेशल इंटेसिव रिविजन) यानी मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया है। जिन राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं, वहां मतदाताओं की संख्या में काफी कमी आयी है। जैसे 2021 में जब विधानसभा चुनाव हुए थे, पश्चिम बंगाल में मतदाताओं की संख्या 7.34 करोड़ थी। मगर एसआईआर के बाद पश्चिम बंगाल में अब कुल रजिस्टर्ड मतदाता 6.44 करोड़ रह गये हैं। जबकि इनमें 5.2 लाख मतदाता ऐसे हैं जो साल 2021 में नहीं थे। कहने का मतलब यह कि एसआईआर के बाद पश्चिम बंगाल में तकरीबन 1 करोड़ मतदाता घट गये हैं। ममता बनर्जी जिनके नेतृत्व में समूचा विपक्ष मिलकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरुद्ध महाभियोग लाने की कोशिश कर रहा है, वह विशेष रूप से पश्चिम बंगाल और देश के सभी बाकी प्रदेशों के जहां चुनाव हो रहे हैं, मतदाताओं को यह संदेश देने की कोशिश कर रही हैं कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार उन विधानसभा चुनावों में एसआईआर का सहारा लेकर विपक्षी पार्टियों की सरकारों को उखाड़ फेंकने की कोशिश कर रही है। पश्चिम बंगाल की ही तरह तमिलनाडु में भी एसआईआर के जरिये प्रदेश सरकार को बदलने की कोशिश की बात हो रही है। क्योंकि तमिलनाडु में भी 2021 में जब चुनाव हुए थे, तो कुल मतदाताओं की संख्या लगभग 6.28 करोड़ थी, जबकि एसआईआर के बाद 60 लाख रजिस्टर्ड मतदाता कम हो गये हैं। अब कुल मतदाता 5.67 करोड़ बचे हैं। जबकि इसमें भी 12.51 लाख ऐसे मतदाता हैं जो 2021 में नहीं थे। इस तरह देखा जाए तो तमिलनाडु में भी बड़ी संख्या में मतदाताओं की कमी हुई है। डीएमके सरकार का आरोप है कि यह उसके पारंपरिक समर्थक मतदाताओं का वोटिंग लिस्ट से नाम काट करके उसके विरुद्ध उसको हराने की कोशिश कर रही है। ऐसे ही आरोप केरल में भी लगाये जाने की कोशिश हो रही है।

असम में क्योंकि एसआईआर नहीं हुआ, इसलिए वहां यह बात नहीं है। जबकि 9.44 लाख मतदाताओं वाले केंद्रशासित प्रदेश पुड्डुचेरी में भी एसआईआर के बाद से 60 हजार मतदाताओं की संख्या घटी है। विशेषकर यह बात तब मायने रखती है, जबकि कुल मतदाताओं में से 23 हजार मतदाता पहली बार चुनाव में हिस्सा लेंगे। लेकिन 2021 में जहां कुल मतदाताओं की संख्या 10.04 लाख थी, वहीं पिछले पांच सालों में 23 हजार नये मतदाताओं के आने के बाद भी इस बार पुड्डुचेरी में कुल 9.44 लाख रजिस्टर्ड मतदाता ही बचे हैं, जो वोट डाल सकेंगे। जिन राज्यों में विपक्षी पार्टियां सत्तारूढ़ हैं, वह इस तरह का संदेश देने की कोशिश कर रही हैं कि एसआईआर के जरिये केंद्र सरकार इन्हें सत्ता से बेदखल करना चाहती है।

इस तरह देखा जाए तो जिन पांच राज्यों में 17.4 करोड़ मतदाता आने वाले दिनों में 824 विधानसभा सीटों में चुनाव करेंगे, उनकी पसंद-नापसंद से पहले ही यह हवा बनाने की कोशिश हो रही है कि ऐसे रिजल्ट आ सकते हैं और उसका कारण 'ये' हो सकता है, 'वो' हो सकता है। लेकिन असली बात ये है कि साल 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद सही मायनों में ये पांच राज्य विधानसभा चुनाव होने जा रहे, ऐसे चुनाव हैं जिनसे वास्तव में पता चलेगा कि देश में समर्थन की बयार सत्ता पक्ष के हित में बह रही है या उसके विरुद्ध। क्योंकि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद होने जा रहे इन पांच विधानसभा चुनाव में से तीन में विपक्षी पार्टियों की सरकारें हैं और उन्होंने न केवल पिछले विधानसभा चुनाव में बेहतर नतीजा हासिल किया था बल्कि साल 2024 के लोकसभा चुनाव में भी शानदार प्रदर्शन किया था।

## अर्थव्यवस्था पर संकट

अब तक मिडिल ईस्ट में युद्ध को 18 दिन हो गये हैं और व्यापक स्तर पर तबाही के साथ ही वैश्विक स्तर पर तेल एवं गैस का संकट खड़ा हो गया है। इसके बावजूद अब भी यह स्पष्ट नहीं है कि ईरान युद्ध कब समाप्त होगा। अनिश्चितता की सबसे बड़ी वजह है युद्ध के लक्ष्यों को लेकर अस्पष्टता। ईरान इस युद्ध की लागत बढ़ा रहा है। न केवल अमेरिका बल्कि इस क्षेत्र में अमेरिका के साझेदारों सहित पूरे विश्व को यह युद्ध भारी पड़ रहा है। होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से तेल एवं गैस की कमी हो गई है और कीमतों में इजाफा हो रहा है। ब्रेंट क्रूड तेल की कीमतें गत सप्ताह 120 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंचने के बाद अब 100 डॉलर प्रति बैरल के आसपास है। चूंकि भारत अपनी जरूरत का 85 फीसदी से अधिक कच्चा तेल आयात करता है और इसका बड़ा हिस्सा पश्चिम एशिया से आता है इसलिए भारत के लिए हालात विकट हैं। निरंतर ऊंची तेल कीमतें वैश्विक वित्तीय तंत्र में जोखिम से परहेज को जन्म देती हैं और वे अन्य कमजोरियों को भी सामने ला सकती हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत को पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में सक्षम



बनाने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का आर्थिक स्थिरीकरण कोष बनाने की घोषणा की थी। इसके लिए आवश्यक धन मौजूदा विनियोग और अतिरिक्त आवंटन से आएगा। हालांकि सरकार से उम्मीद है कि वह चालू वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.4 फीसदी के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य पूरा करेगी, किंतु संकट में संसाधनों का नये सिरे से नियोजन एक समझदारी भरा नीतिगत विकल्प है। हालांकि इस संदर्भ में कुछ बिंदु उल्लेखनीय हैं। कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि के बावजूद, सरकार पंप कीमतों को समायोजित करने में अनिच्छुक हो सकती है, जिससे राजकोषीय दबाव उत्पन्न होगा। इसका कारण यह है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतें भले ही विनियमित न हों, लेकिन उन्हें नियमित रूप से बाजार की वास्तविकताओं के अनुरूप समायोजित नहीं किया जाता। अधिक उर्वरक सब्सिडी व्यय भी अतिरिक्त खर्च का कारण बनेगा। सरकार उन निर्यातकों का भी सहयोग करना चाह सकती है जो चल रहे युद्ध से प्रभावित हुए हैं। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि स्थिरीकरण कोष कैसे काम करेगा। यह भी अस्पष्ट है कि क्या यह एक स्थायी तंत्र होगा जिसमें हर वर्ष धन आवंटित किया जाएगा। यदि हां, तो सामान्य वर्ष में इस कोष का क्या होगा? इसलिए, अधिक परिचालन स्पष्टता की आवश्यकता है। भारत के नीति प्रबंधन की एक बुनियादी समस्या यह है कि उच्च राजकोषीय घाटे के कारण अनिश्चितता से निपटने के लिए नीतिगत गुंजाइश का अभाव रहता है। सरकार ने कोविड महामारी वर्ष में तेज वृद्धि के बाद राजकोषीय घाटे को काफी कम किया है, लेकिन यह अभी भी ऊंचा है। खासतौर पर तब जब इसे अर्थव्यवस्था की वित्तीय क्षमता के संदर्भ में देखा जाए। राजकोषीय प्रबंधन में कठिनाई के अलावा युद्ध बाहरी खाते पर भी असर डालेगा। रुपया दबाव में है। तेल और गैस की ऊंची कीमतें आयात बिल बढ़ाएंगी और चालू खाते का घाटा यानी सीएडी बढ़ेगा। अर्थशास्त्री अनुमान लगा रहे हैं कि चालू खाता घाटा जीडीपी का करीब 1.5 फीसदी होगा, जबकि वर्तमान वर्ष में यह लगभग 1 फीसदी है। यद्यपि यह काफी हद तक इस पर निर्भर करेगा कि युद्ध कब समाप्त होता है और आने वाले महीनों में तेल की कीमतें किस दिशा में जाती हैं। वैश्विक वित्तीय बाजारों में अनिश्चितता इस घाटे की भरपाई को कठिन बना सकती है। भारत पूंजी बहिर्गमन का सामना कर रहा है। संकट लंबा खिंचने पर ये हालात जल्दी उलट नहीं सकते। उदाहरण के लिए, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने जनवरी 2025 से अब तक भारत के शेयरों में 25 अरब डॉलर से अधिक की बिक्री की है। अनिवासी भारतीयों से जमा राशि को प्रोत्साहित करने के सुझाव भी दिए जा रहे हैं। बाहरी मोर्चे पर दबाव होने के बावजूद, भारत के पास विदेशी मुद्रा भंडार पर्याप्त है। लेकिन इसे बनाये रखना जरूरी ताकि करेंसी अत्यधिक अवमूल्यन का खतरा न पैदा होने पाये। बहरहाल युद्ध पूरी दुनिया के संकट हैं और इससे निपटने के लिए सरकार को बहुत ही सावधानी से आगे बढ़ना होगा।

**विचार**

असफलता के विचार से सफलता का उत्पन्न होना उतनी ही असंभव है जितना बबूल के पेड़ से गुलाब के फूल का निकलना।
-स्वेट मॉर्डेन.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।
-जैन धर्मग्रंथ.

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।
-फ्रैंकलिन.

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।
-ज्ञानेश्वरी.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।
-संत कबीर.

**सोशल मीडिया**

मैं साहित्य आलोचक तो नहीं हूं, लेकिन कम से कम मेरी राय में इस वक्त 'अदनान कफील दरवेश' जो लिख रहे हैं, वो आज के वक्त की महत्वपूर्ण कविताओं में से एक है। योगेन्द्र यादव.



पूर्ण ब्रह्म पूर्णावतार श्री श्री हरिचांद ठाकुर के 215वें पावन प्राकट्य के मौके पर आयोजित पवित्र मतुआ धर्म मेला व पवित्र स्नान के पर मतुआ भाई-बहनों को शुभकामनाएं। अमित शाह.



नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव के साथ अच्छी, फायदेमंद बातचीत हुई और यूपी में एडवांस मटेरियल रिसर्च सेंटर और इनोवेशन मजबूत करने पर चर्चा हुई। सीएम योगी.



## विचारों का प्रभाव

**अंतर्दृष्टि**

विचारधारा कालजयी होती है। मजबूत एवं स्पष्ट विचारों का दूसरों पर असर जरूर पड़ता है। अगर आप अपृ हों और आरम्भिक अभ्यास हों तो बुरे चरित्र और दुष्ट विचार वालों से दूर रहिए। उनके कार्यों में कोई दिलचस्पी मत लीजिए। हो सके तो अरुचि प्रकट कीजिए। इससे आप उनके संक्रामक असर से बचे रहेंगे। सत्संग की महिमा अपार है। श्रेष्ठ पुरुषों का साथ गंगा के समान है। जिसमें गोता लगाने से क्लेष कटने से श्रेष्ठ पुरुषों के साथ रहने से, उनके मौखिक या लेखबद्ध विचारों मनन करने से आत्मोत्थान होता है। यदि आप अपने को अत्यंत सुदृढ़ समझते हैं तो संसार की दृष्टि से बुरे विचार वाले को अपने साथ ले जा सकते हैं। परन्तु सावधान कहीं उसका उलटा असर आप पर न हो जाये। दूसरे के अवगुण देखना अपनी बुद्धि को दूषित करना है। फोटो खींचने के कैमरे के सामने जो चीज रखी जाती है उसी का अक्स भीतर प्लेट पर खिंच जाता है। यदि आप दूसरों की बुराइयां देखेंगे तो उनके चित्र अपने अंदर अंकित करके उन्हें खुद भी ग्रहण कर लेंगे। इसलिए दूसरों के सद्गुणों पर ही दृष्टि रखिये। सबमें परमात्मा का स्वरूप देखिये और उन्हें प्रेम की दृष्टि से देखिये, आपका हृदय प्रसन्न रहेगा। यदि किसी में बुराई दिखाई पड़े तो उससे घृणा मत कीजिए और जहां तक हो सके, सुधारने का प्रयत्न कीजिए। परदोष दर्शन के कारण जो घृणा और द्वैष मन में उत्पन्न होते हैं, वह भीतर ही भीतर अशान्ति उत्पन्न करके मन को निश्चित पथ से ढिगा देते हैं। साधना को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है कि किसी की गंदगी टटोल कर अपनी नाक को दुर्गंधित न किया जाये। अपने मजहब, विचार, या विश्वासों पर दृढ़ रहना उचित है। परन्तु दूसरों के विश्वासों को घृणा की दृष्टि से देखना या झूठा समझना अनुचित है। हम सब सत्य के आसपास चक्कर काट रहे हैं। किन्तु कोई पूर्ण सत्य तक नहीं पहुंच सका है। इसलिए हमें एक दूसरे के प्रति उदार होना चाहिए। दूसरों के दृष्टिकोण को ध्यान पूर्वक देखना चाहिए और सत्य को स्वीकार करने को उद्यत रहना चाहिए। कट्टरता ऐसा दुर्गण है जिसके कारण आदमी न तो अपनी बुराइयों को छोड़ सकता है और न अच्छाइयों को ग्रहण कर सकता है। आध्यात्मिक साधक का मार्ग अत्यंत दुर्गम है। यह मार्ग अनेक बाधाओं, समस्याओं तथा संशयात्मक भीषण अरण्यों से होकर जाता है। इसमें एक विरोधी तत्व यह है कि हमारा मन ही हमारा शत्रु है, जिसे हमारा मित्र बनना चाहिए था और सत् परामर्श देना चाहिए था।

## तरह-तरह के समाज सेवक

**व्यंग्यलोक**

शहर में कई तरह के समाज सेवक घूम रहे हैं। वे अपने-अपने नेता का चरण चूम रहे हैं। समाज सेवा को आतुर ये सज्जन अपने वाहनों पर फ्री सेवा करने का बोर्ड टांगे हुए घूम रहे हैं। गलियों में, सड़कों पर! समाज सेवा के नाम पर फ्री का लंगर और फ्री यात्रा के कामों में लगकर अखंड जागरण कर रहे हैं। इन कार्यक्रमों में मनोरंजन के लिए नाच-गान, खेलकूद और जादू के शामियाने भी सजा रहे हैं। बड़े-बड़े ढोल नगाड़े कूट रहे हैं। नक्कारखाने में तूती के स्वर फूट रहे हैं। हर किसी के मन में सेवा का कीड़ा कुलबुला रहा है। समाज सेवा, लोक सेवा, जनसेवा, दरिद्र नारायण की सेवा, वृद्ध बुजुर्गों की सेवा, आवारा जानवरों की सेवा, सेवा करने वाले की सेवा जैसे होर्डिंग, पंपलेट, बैनर आदि चारों ओर सजे हुए हैं। हर एक सेवक हाथ जोड़े, कमर दुहराते सेवा करने के लिए जमीन में गड़े जा रहे हैं। कई-कई समाज सेवकों ने पशुओं की सेवा से लेकर भूत प्रेतों की सेवा करने के लिए बड़े-बड़े एनजीओ खोल रखे हैं। ये एनजीओ कमीशन, दलाली, काले को सफेद, सफेद को काला, दूर करो अपना दिवाला जैसे मंत्र बुद-बुदाते राजधानी से लेकर गांव-गलियों तक पसारे पड़े हैं। देश सेवा को बेताब बेचारे एनजीओ को आदिवासी इलाकों से लेकर विदेशों तक हवाई यात्रा करनी पड़ रही है। मोटा माल बटोरने के बाद अपने शानदार आफिस में कागजों के घोड़े दौड़ाने में माहिर एनजीओ सर्वश्रेष्ठ समाजसेवी के रूप में प्रतिष्ठा पाता है। समाज सेवा, देश सेवा का कीड़ा इनमें कुलबुलाता हुआ, इन्हें हर बार मंत्री की सीढ़ी तक पहुंचा देता है। कर्मठ, योग्य, ईमानदार, जनसेवक, जनता के रहनुमा, दलित सेवक, पिछड़ों के दोस्त, गरीबों के मसीहा, आम आदमी के साथी निस्वार्थ जनसेवक डॉ. नागनाथ को वोट दीजिए जैसे पोस्टर दीवारों पर अटे पड़े हैं। नागनाथ की टक्कर में सांपनाथ भी अपनी टोपी लहराते हुए कुर्सी बाजार में उतर गए हैं। होली, दीपावली, नववर्ष, ईद, चौथ माता, अंतरराष्ट्रीय मूर्खता दिवस आदि की बधाइयों के पोस्टर शहर के तमाम सूचना बोर्डों पर चस्पा कर दिए हैं। शहर की दीवारें व गांव की गलियां शुभकामनाओं से लथपथ हो गई है। इस मामले में नागनाथ और सांपनाथ दोनों का बड़ा कंपटीशन है। समाज सेवा का यह खेल पोस्टर वार से यात्रा वार व रोड शो में बदल गया है। निस्वार्थ समाज सेवा का लंबा सा बिल्ला अपने गले में टांगे सांपनाथ और नागनाथ जी कुर्सी साधना करने के लिए अखाड़े बाजी कर रहे हैं। महीनों से हर त्यौहार पर बधाई, शुभकामनाएं देते पोस्टरों पर लाखों खर्च करने वाले इन भावी विधायकों, पार्षदों व पंचों ने जरूरतमंदों की सेवा पर हजारों खर्च करने का दावा किया है। चुनावी रात में इनकी सेवा चरम पर होती है। सावधान आगे खतरनाक समाज सेवक खड़े हैं।



रामविलास जॉंगिड़

## भावनाओं की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है कला



**कला जगत**

धीरज बसाक

साल 1902 में जब महान चित्रकार पाब्लो पिकासो ने अपने एक करीबी दोस्त की दुखद मृत्यु पर एक 'ब्लू न्यूड पेंटिंग' बनायी तो देखते ही देखते कला जगत में उसे मास्टर पीस का दर्जा दिया गया। यह न्यूड पीस ऑब्सट्रैक्ट या अमूर्त कला का एक शानदार उदाहरण थी। साल 2010 में न्यूयार्क में यह पेंटिंग 10,64,82,500 डॉलर में बिकी। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कला की दुनिया में इस पेंटिंग का किस स्तर का महत्व है। यह न्यूड पेंटिंग इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि आधुनिक अमूर्त कला की यह सबसे प्रतिनिधि पेंटिंग है। हालांकि अमूर्त कला, कला की दुनिया में कोई हालिया पैदा हुई शैली नहीं है, यह बहुत पुरानी है। अगर अमूर्त कला के इतिहास को खंगाले तो जो शुरूआती संस्कृतियों की कलाएं हैं, जिन्हें आमतौर पर मिट्टी के बर्तनों, कपड़ों और शिलालेखों के रूप में व्यक्त किया गया है, वो सरल ज्यामितीय और रैखिक रूपों का ही एक प्रकार है, जो कि अमूर्त कला का आधार है।

चीनी और इस्लामिक सुलेख की सुंदरता कलाओं के समरूप ही हैं, हालांकि इन्हें कला का दर्जा नहीं दिया जाता। लेकिन अगर अमूर्त कला के आईने में देखें तो ये कलाएं ही हैं। चीन में सिर्फ सुलेख तक ही अमूर्त कला सीमित नहीं है बल्कि तांग राजवंश के चित्रकार वांग मो जिनके बारे में समझा जाता है कि उन्होंने स्प्लैश्ड-इंक पेंटिंग शैली का आविष्कार किया है। बाद में यह शैली सांग वंश के चित्रों में भी साफ तौरपर दिखायी देती है। बुद्धवादी चित्रकार लियांग काई सी (1140-1210) ने अपनी इमोशनल इन स्प्लैश्ड इंक में जो चित्र बनाये हैं, वह भी अमूर्त चित्रकला की ही एक उदाहरण है। लेकिन आधुनिक अमूर्त चित्रकला 19वीं सदी में उभरकर आती है, जब कला आंदोलनों के चलते कला का विकास होता है और रोमांटिकवाद, प्रभाववाद और अभिव्यक्तिवाद कला की तीन मजबूत शैलियां उभरकर आती हैं। इनकी आपसी प्रतिस्पर्धा में भी अमूर्त कला मजबूती के साथ विकसित होती है।

आधुनिक अमूर्त चित्रकारों में निःसंदेश पाब्लो पिकासो अप्रतिम हैं। कला दुनिया में अमूर्त कला इसलिए खास है, क्योंकि बाकी कला की हर शैली की अभिव्यक्ति की एक सीमा है, लेकिन अमूर्त कलाशैली में कला अभिव्यक्ति की कोई सीमा नहीं है, इसलिए सृजनात्मकता को जो ऊंचाई अमूर्त कला में मिली है, वैसी ऊंचाई अब के पहले कभी किसी भी कलाशैली में नहीं मिली। अमूर्त कला का भारत से भी गहरा रिश्ता है। सच बात तो यह है कि अमूर्त चित्रकला को सबसे बेहतर तरीके से मूर्तिकला के माध्यम से समझा जा सकता है। भारतीय चिंतन परंपरा में अमूर्त और समूर्त रूपंकरों की गहन आध्यात्मिक और दर्शनिक मौजूदगी सदियों से है, यह मौजूदगी दार्शनिक मीमांसा और भाषिक स्वरूप के साथ साथ सौंदर्य चेतना के रूप में भी उपस्थित रही है। भारतीय चिंतन परंपरा में निराकार की कल्पना और उसके महत्व को हमेशा से तरजीह दी गई है बल्कि सच तो यह है कि भारत में निराकर परंपरा साकार परंपरा से कहीं ज्यादा गहरी, विस्तृत और बहुआयामी है।

समूचा वैदिक आध्यात्म आख्यान के स्तर पर अमूर्त ही है। वेदों में मूर्त उपासना का कहीं भी जिक्र नहीं है। भारत में जो ज्ञान मीमांसा या ज्ञान दर्शन की परंपरा रही है, वह वास्तव में अमूर्त परंपरा ही है। भारत में बहुत बाद में मूर्तियों का विकास होता है और कला के स्तर पर भी साकार अभिव्यक्तियां अपनी जगह पाती हैं। इसके पहले सारी अभिव्यक्तियां भाव तक सीमित थीं, जो कि एक अमूर्त या निराकार अभिव्यक्ति है। भारतीय नाट्यशास्त्र में भी इस कला का सैद्धांतिक सूत्र मिलता है, क्योंकि नाट्यशास्त्र मानता है कि जो घट चुका है, उसे अब सिर्फ कहा ही जा सकता है। मतलब यह कि सिर्फ भावों में ही प्रकट किया जा सकता है। सिर्फ नाटक में ही नहीं भारत के तमाम शास्त्रीय संगीत में भी भाव का रस से ही संबंध है और ये दोनों आयाम अमूर्तता के गहन परिचायक हैं। भारतीय कला पंरपरा पश्चिम की कला परंपरा से भले अलग है, लेकिन गहरे स्तर पर अमूर्त की अभिव्यक्ति में दोनो एक जैसी हैं। इसलिए अगर सैद्धांतिक और दार्शनिक दृष्टि से अमूर्त कला के इतिहास को देखें तो वह चीन या यूरोप में नहीं बल्कि उसकी सबसे गहरी जड़ें भारत में हैं।

## आप की बात

### छोटे उद्यमों में रोजगार

छोटे उद्योग रोजगार, समृद्धि और देश की तरक्की के लिहाज से बहुत अहम हैं। देश की इतनी बड़ी आबादी को नौकरी देना किसी के लिए संभव नहीं है, लेकिन अगर इतनी बड़ी आबादी सिर्फ सिर गिनने के लिए न हो बल्कि सिर से दुगुने हाथ बन जायें तो फिर रोजगार की कमी भी नहीं रहेगी। प्रदेश में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास मिशन चल रहा है लेकिन अधिकांश युवक कौशल प्रशिक्षण के बाद भी स्वरोजगार अपनाने के बजाय नौकरियों की तलाश में लगे रहते हैं। इससे बेरोजगारी की समस्या के समधान में कोई खास मदद नहीं मिलती है। प्रदेश में लाखों युवक रोजगार की तलाश में है और जब सरकारी नौकरियों में आवेदन मांगे जाते हैं तो चपरासी पद के कुछ पदों के लिए लाखों आवेदन आते हैं। लेकिन देखा जाये हैं तो ज्यादातर को रोजगार नहीं मिलता है। लेकिन इसके बावजूद भी युवक उद्यमिता के बजाय पहली प्राथमिकता सरकारी नौकरी को देते हैं। हाल के वर्षों में जिस तरह सरकारी नौकरियों में छुट्टियां बढ़ी हैं और आकर्षक वेतन हुआ है उसके कारण युवक सुरक्षित और आरामदेह नौकरी को ज्यादा तरजीह देते हैं बनिस्पत रोजगार करने के। युवाओं की यह मनःस्थिति जब तक बदलेगी नहीं तब तक यह शायद ही कौशल विकास मिशन का लाभ मिले। सरकार को हर युवक को रोजगार से जोड़ने की पहल करनी चाहिए। जो सरकारी नौकरियों में चयनित हो जाते हैं उनसे वहां बेहतर काम लेना चाहिए। लेकिन सरकारी नौकरी में प्रवेश की उम्र सीमा घटानी चाहिए। अभी सरकार ने अधिकतम उम्र सीमा चालीस वर्ष कर दी है। इसी तरह आरक्षित वर्ग को तीन से पांच साल की छूट मिलती है। ऐसे में अगर पैंतालिस साल का व्यक्ति सरकारी नौकरी में आवेदन डालेगा तो नौकरी मिल भी जाती है तो दो-तीन साल लग जायेंगे। अब पैंतालिस साल के बाद नौकरी मिल भी जाये तो भी महज दस-पन्द्रह साल में व्यक्ति रिटायर हो जायेगा। सरकारी नौकरी की उम्र सीमा बढ़ने के कारण बड़े पैमाने पर युवक नौकरी की आस में तैयारियां करते रहते हैं और जब वे चालीस पार कर जाते हैं तो फिर आगे कुछ करने का उत्साह कम हो जाता है। इसलिए सरकार को ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए कि 25 साल के अंदर ही युवक सरकारी नौकरी, प्राइवेट नौकरी या फिर कोई उद्यमिता अपना लें। ऐसा करने से राष्ट्र के निर्माण में युवाओं का अधिक योगदान हो सकेगा। युवाओं में कौशल विकसित करने से इनको रोजगार से जोड़ा जा सकता है।

**कृष्ण कुमार सिंह, हरदोई.**

### महिलाओं के खिलाफ अपराध

महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में कठोर कानून बने हैं लेकिन फिर भी अपराधी इससे डर नहीं रहे हैं। फांसी जैसी सजा का प्रावधान होने के बावजूद लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर गौर करें तो हर दिन सौ से अधिक महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं होती हैं। दहेज हत्या, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक जैसे अपराध आज इतने वीभत्स रूप में हमारे सामने आये हैं कि इनका जिक्र करने पर भी शर्मिंदगी महसूस होती है। कई बार रेप की घटना होने पर भी पुलिस न्याय के लिए दौड़ाती रहती है। कई बार तो मेधावी छात्राएं, खिलाड़ी तक इसकी शिकार हो चुकी हैं। जब राज्य का गौरव बढ़ाने वाली लड़कियां सुरक्षित नहीं होंगी तो सामान्य के साथ कैसा बर्ताव होता होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए सुरक्षा पहली शर्त है। दरअसल किसी भी सरकार का प्रथम दायित्व नागरिकों की सुरक्षा करना ही है। ऐसे में अपराध की बढ़ती घटनाएं, महिला संबंधी अपराधों का दिनोंदिन और क्रूर होते जाना न सिर्फ चिंता की बात है बल्कि इस बात पर भी सवाल उठाता है कि सरकारें महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों को रोकने लिए कितना गंभीर हैं?

**मदन मोहन श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## बसपा ने बुलायी जिला कमेटी की बैठक

**अमेठी/अयोध्या।** बहुजन समाज पार्टी ने अयोध्या मंडल के संगठन में आंशिक परिवर्तन किया है। लखनऊ के वरिष्ठ नेता अखिलेश अम्बेडकर को फिर से अयोध्या मंडल में मंडल प्रभारी बनाया गया है। पूर्व एम एल सी डा विजय प्रताप गौतम को मुख्य मंडल प्रभारी बनाया गया है। बहुजन समाज पार्टी ने 19मार्च को विभा गेस्ट हाउस में जिला कमेटी की बैठक बुलाई है।इस बैठक में जिला, विधानसभा कमेटियों के सभी पदाधिकारी और सभी सेक्टर अध्यक्ष बुलाए गए हैं। बसपा के जिला अध्यक्ष सुरेश कमल ने बताया कि बैठक 11बजे से बुलाई गई है। 15मार्च को आयोजित कार्यक्रम की समीक्षा के बाद पार्टी मुखिया की ओर से दिए गए नये दिशा निर्देशों के अनुरूप पार्टी संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

## सवामनी प्रसाद का हुआ वितरण



**अमेठी ।** बीते कई महीनो से पुरानी परंपरा के अनुसार जनपद के टीकर माफी आश्रम पर इच्छापूर्ति हनुमान जी महाराज को लगा सवामनी प्रसाद का भोग दिनेश नरायण मिश्र निवासी ग्राम गौरीगंज की तरफ से प्रसाद वितरण दिनेश नरायण मिश्र एवं उनकी पत्नी ने किया उपस्थित लोग जीतेन्द्र सिंह फतेह बहादुर सिंह दुर्गा शंकर द्विवेदी हरिप्रसाद तिवारी संजय कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## बीएसएफ हेड कांस्टेबल का सैन्य सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**फिरोजाबाद।** सिरसागंज क्षेत्र के ग्राम बलीपुर में उस समय शोक की लहर दौड़ गई, जब जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में तैनात बीएसएफ के हेड कांस्टेबल हरी बाबू (46) के आकस्मिक निधन की सूचना प्राप्त हुई। मंगलवार को शहीद वीर सैनिक का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव बलीपुर पहुँचा, जहाँ पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। स्वर्गीय रामवीर सिंह के पुत्र हरी बाबू बीएसएफ की 125वीं बटालियन में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थे। वर्तमान में उनकी तैनाती जम्मू-कश्मीर के सांबा सेक्टर में थी। ड्यूटी के दौरान अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने से उनका निधन हो गया। वह अपने पीछे दो बच्चों और भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। अंतिम विदाई के दौरान सिरसागंज विधायक सर्वेश यादव ने गांव पहुँचकर शहीद को नमन किया और परिवार को ढांढस बंधाया। संविधानवादी सैनिक समाज सेवा संगठन के पदाधिकारियों और पूर्व सैनिकों ने तिरंगा अर्पित कर और पुष्पांजलि देकर अपने साथी को भावभीनी विदाई दी। अवधेश कुमार, संविधानवादी सैनिक समाज सेवा संगठन ने बताया हेड कांस्टेबल हरी बाबू का निधन न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे सैनिक समाज और जनपद के लिए एक बड़ी क्षति है। देश की सीमाओं की रक्षा में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। संगठन इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ा है।इस अवसर पर संगठन के संरक्षक इंजीनियर रामब्रेश जिला उपाध्यक्ष महिपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# खनन को रुकवाने के लिए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

## पुलिस और राजस्व विभाग के खिलाफ की नारेबाजी



**नसीराबाद, रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र के बभनपुर गांव में सरकारी व निजी भूमि पर चल रहे खनन कार्य के विरोध में मंगलवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। दर्जनों ग्रामीण बभनपुर, मितई संपर्क मार्ग पर एकत्र होकर प्रदर्शन करने लगे और पुलिस प्रशासन व राजस्व विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि खनन कार्य पर रोक नहीं लगाई गई तो वे जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव की सरकारी भूमि के साथ ही एक भट्ठे की जमीन से बीते एक सप्ताह से लगातार रात भर डंपरों के जरिए मिट्टी ढुलाई की जा रही है। इससे गांव के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रधान प्रतिनिधि भूपेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि रात भर डंपरों के आवागमन से ग्रामीणों का सोना दुश्वार हो गया है और सड़क पर लगातार भारी वाहनों के चलने से हादसे का भी खतरा बना रहता है। उन्होंने बताया कि बीती रात एक डंपर की टक्कर से गांव निवासी हीरालाल का टीन भी टूट गया, जिससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ा। गांव के शिव श्याम ने बताया कि खड़े गेहूं की फसल के बीच से जबरन डंपरों के लिए रास्ता बना लिया गया है। जब किसानों ने इसका विरोध किया तो उन्हें मारपीट की धमकी दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि इससे किसानों की फसल को भी नुकसान हो रहा है।

ग्रामीण धीरेन्द्र, पंकज, संतराम, गंगाराम, सनी कुमार वर्मा, राजीव और विवेक पांडेय ने बताया कि करीब दो माह पहले पूरे मितई संपर्क मार्ग का लाखों रुपये की लागत से डामरीकरण कराया गया था। लेकिन भारी डंपरों के लगातार आवागमन के कारण सड़क कई स्थानों पर उखड़ने लगी है। इससे राहगीरों और ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है यदि जल्द खनन कार्य पर रोक नहीं लगाई गई और सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो वे जिला प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन के दौरान रवि द्विवेदी, सुशील कुमार, प्रेम वर्मा, राहुल पटेल सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। इस संबंध में थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि सलोन एसडीएम द्वारा खनन की अनुमति दी गई है। यदि किसी को कोई आपत्ति या शिकायत है तो वह एसडीएम से संपर्क कर सकता है। पुलिस का इस मामले में कोई हस्तक्षेप नहीं है।

## पीएम आवास योजना के तहत 7 लाभार्थियों को मिला स्वीकृति पत्र

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** प्रतापपुर कमैचा ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत कोइरीपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को पक्के मकान उपलब्ध कराने हेतु एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पंचायत कोइरीपुर कार्यालय एवं डूडा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि कासिम राइन, अधिशासी अधिकारी वीरेन्द्र प्रताप, परियोजना अधिकारी संजय सिंह, सीएलटीसी अवनीश चैहान, डीपीएम सुलतानपुर सौरभ मिश्रा, लिपिक राम कृष्ण मिश्र एवं मंडल अध्यक्ष राजेश जायसवाल की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान 7 पात्र लाभार्थियों को आवास योजना के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि कासिम राइन ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक जरूरतमंद परिवार को अपना पक्का घर मिल सके। उन्होंने लाभार्थियों से अपील की कि वे स्वीकृति पत्र प्राप्त होने के बाद शीघ्र ही अपने आवास निर्माण कार्य को प्रारंभ करें और निर्धारित समय में पूर्ण करें, ताकि योजना का पूरा लाभ मिल सके। इस पहल से नगर के कई जरूरतमंद परिवारों को सुरक्षित एवं स्थायी आवास मिलने की उम्मीद बढ़ी है।

## नशा मुक्त अमेठी अभियान में बड़ी कामयाबी एसपी के निर्देशन में पुलिस का वार

**बाजारशुकुल ,अमेठी।** जनपद में चल रहे नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसपी सरवणन टी. के निर्देशन में थाना बाजारशुकुल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 ग्राम स्मैक बरामद की है। एएसपी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान राजू उर्फ रविन्द्र कुमार उपाध्याय (30) निवासी पूरे फल्लू पांडे मजरे महोना पूरब को पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 15 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास लंबा है और उस पर विभिन्न थानों में करीब 12 केस दर्ज हैं।

## आरेडिका महिला कल्याण संगठन ने किया श्रमिक महिलाओं का सम्मान



**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा डा0 अंजना खरे ने आरेडिका में कार्य करने वाली महिलाओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया तथा शुभकामनाएँ दीं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा डा0 अंजना खरे ने महिलाओं के सशक्तिकरण के बारे में जानकारी दी एवं उनके प्रति जागरूक रहने और स्वच्छता को अपनाने की सलाह दी। इसी के साथ ही आरेडिका की महिला कल्याण संगठन की सभी सदस्याओं ने कारखाना परिसर का दौरा किया एवं कारखाने में बन रहे कोचों को देखा तथा कारखाने में कार्य करने वाली महिलाओं से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। इस अवसर पर आरेडिका की महिला कल्याण संगठन की सचिव बॉबी जिंदल, मधु मीना, संतोषी, अनुपमा कपूर, सुनीता शुक्ला, बीना तिवारी, रमा पाल सहित अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं।

## दो नगर पंचायतों में शासन ने नामित किये आधा दर्जन सभासद

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश शासन के नगर विकास विभाग की ओर से ?नगर पंचायत अमेठी और मुसाफिरखाना के पुराने भाजपा कार्यकर्ताओं को नगर पंचायत का सभासद नामित किया गया है। अमेठी में ज्ञानेंद्र भार्गव, प्रतिमा त्रिपाठी और मनोज यादव को सभ ज्ञानेन्द्र भार्गव को लोग ज्ञानेंद्र प्रजापति के नाम से जानते हैं। वार्ड नं 6, सरवनपुर, गंगागंज के निवासी ज्ञानेंद्र भाजपा की युवा टीम के एक्टिव मेम्बर हैं और भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विषुव मिश्र की किचेन कैबिनेट के सदस्य माने जाते हैं। नगर पंचायत मुसाफिर खाना में राकेश शुक्ला, आशा देवी और जय प्रकाश मौर्य को सभासद नामित किया गया है। ज्ञानेन्द्र भार्गव को सभासद नामित किए जाने पर भाजपा के जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ल और भाजयुमो जिलाध्यक्ष विषुव मिश्र ने माला पहनाकर स्वागत किया और लड्डू खिलाकर मुंह मीठा करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## 24 घण्टे में हत्या का खुलासा

**गौरीगंज,अमेठी।** एसपी सरवणन टी. के निर्देशन में व एएसपी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में अरुण कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना गौरीगंज ने एक दिन पूर्व हुई महिला रेखा की हत्या में बाइक संख्या यूपी 44 एई 9017 सवार अभियुक्त ( मृतका का पति ) मंशाराम पुत्र स्व. रामऔसान निवासी दिछौली थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक को गिरफ्तार किया गया। बाइक के कागज मांगने पर दिखा न सका। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि वह एक लड़की से बात करता था, जिसका उसकी पत्नी रेखा ( मृतका ) विरोध करती थी, जिस बात को लेकर दोनों में मनमुटाव रहता था व प्रायः कहासुनी होती रहती थी साथ ही अभियुक्त को शक था कि उसकी पत्नी का अन्य लोगों से भी सम्बन्ध था। उसकी पत्नी फोन से अन्य लोगों से बातचीत करती थी जिसके बारे में अभियुक्त द्वारा पूछने पर वह कुछ नहीं बताती थी। विगत चार मार्च को वह अपनी पत्नी के साथ होली में ससुराल आया था तभी उसने रेखा को रास्ते से हटाने की योजना बना ली थी। 15 मार्च रेखा को उसके मायके में ही खत्म करने की योजना बनाते हुये वह कूरेभार जनपद सुलतानपुर भट्ठे से 1 मोटा डण्डा लेकर मोटरसाइकिल से अपनी ससुराल रात्रि में पहुँचा तथा सुनसान जगह पर खेतों में मोटरसाइकिल खड़ी कर रेखा को फोन किया तथा जान से मारने की दुहाई देकर उसे खेतों में बुलाया। जब रेखा खेतों में आयी तो उसने लड़ना शुरू कर दिया जिसके बाद उसने अपने हाथ में लिये डण्डे से रेखा के सिर पर जोर से 4-5 बार मार दिया जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी। थोड़ी दूर पर सरपत में डण्डा को छिपाने के बाद वह मोटरसाइकिल से वापस कूरेभार जनपद सुलतानपुर भट्ठे पर चला गया। पकड़े जाने के डर से रेखा की मोबाइल व सिम जलते हुये भट्ठे में डाल दिया था। अभियुक्त की निशानदेही पर आलाकत्ल डण्डा बरामद किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

- आलाकत्ल 1 लकड़ी का डण्डा, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

# छरौली में पेयजल योजना का शुभारम्भ हर घर पहुंचेगा शुद्ध जल



**सुलतानपुर (वीओएल)।** विकासखंड दूबेपुर के अंतर्गत छरौली ग्राम सभा में हर घर नल से जल योजना के तहत ग्रामीण पाइप पेयजल योजना का शुभारम्भ किया गया। यह कार्यक्रम केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अखिलेश प्रताप सिंह उर्फ डिंपल ने फीता काटकर योजना का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार की यह योजना ग्रामीण जनता के जीवन में बड़ा परिवर्तन लाने वाली है। इससे अब गांव के लोगों को स्वच्छ पेयजल के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और हर घर तक नल के माध्यम से पानी की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि सरकार का लक्ष्य हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा और जलजनित बीमारियों पर भी नियंत्रण लगेगा। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इस योजना का सही उपयोग करें और जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और योजना के शुभारम्भ पर खुशी जाहिर की।

## शव की हुई शिनाख्त

**लालगंज रायबरेली।** क्षेत्र के धनाभाद गांव के पास रेलवे ट्रैक पर मिली लाश की शिनाख्त उसके परिजनों ने की है। मृतक सरेनी थाना क्षेत्र के हथनासा गांव का निवासी बताया गया है। उल्लेखनीय है कि लालगंज-निहस्था रेलखण्ड के धनाभाद गांव के पास रेलवे ट्रैक में एक बुजुर्ग का शव क्षत विक्षत अवस्था में पाया गया था जिसके बाद पुलिस ने उसे कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिये थे। मामले की जानकारी होने पर सरेनी थाना क्षेत्र के हथनासा गांव के लोगों ने मृतक की पहचान रामसिंह के रूप में की है।

## जिंदा व्यक्ति को कागजों में कर दिया मृत, 3 साल से न्याय के लिए भटक रहा पीड़ित

**रायबरेली।** सदर तहसील क्षेत्र में एक चैंकाने वाला मामला सामने आया है। शहर के निराला नगर निवासी एक व्यक्ति पिछले तीन वर्षों से खुद को जिंदा साबित करने के लिए जिला प्रशासन के चक्कर काट रहा है। आरोप है कि उसकी पत्नी और बेटे ने उसे कागजों में मृत दिखाकर वर्ष 2022 में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बनवा लिया। निराला नगर निवासी दिनेश कुमार मिश्रा पुत्र स्व. गुरुप्रसाद मिश्रा ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 16 मई 2019 को कुछ दिनों के लिए हरियाणा के सोनीपत चले गए थे और बीच-बीच में घर आते-जाते तथा मोबाइल से बातचीत करते रहते थे। इसी बीच उनकी अनुपस्थिति का फायदा उठाकर पत्नी नीलम मिश्रा और पुत्र आयुष मिश्रा ने उनकी कथित मृत्यु 29 अक्टूबर 2021 दर्शाते हुए फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार करा लिया। पीड़ित का आरोप है कि इसके आधार पर 25 अक्टूबर 2022 को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र भी जारी करा लिया गया और नगर पालिका के कर निर्धारण रजिस्टर में संपत्ति के स्वामित्व के स्थान पर पत्नी और पुत्र का नाम दर्ज करा दिया गया। बाद में दोनों दुकान और मकान बेचने की कोशिश करने लगे, जिसकी जानकारी होने पर वह रायबरेली लौटे। दिनेश कुमार मिश्रा का कहना है कि जब उन्होंने अपने नाम दर्ज संपत्ति को वापस कराने का प्रयास किया तो उन्हें पता चला कि उनके नाम से उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि सदर तहसील के लेखपाल अमित त्रिवेदी ने बिना समुचित जांच के रिपोर्ट लगा दी, जिसके आधार पर प्रमाण पत्र जारी हो गया। पीड़ित ने डीएम से फर्जी तरीके से जारी उत्तराधिकार प्रमाण पत्र को निरस्त करने और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# वेतन को लेकर सड़कों पर उतरे चिकित्सा कर्मी



**सुलतानपुर (वीओएल)।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के कर्मचारियों ने फरवरी माह का वेतन न मिलने से नाराज होकर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं प्रधानाचार्य कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन राज्य कर्मचारी कल्याण समिति, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सुलतानपुर के तत्वावधान में आयोजित किया गया।

कर्मचारियों का आरोप है कि फरवरी माह का वेतन अब तक नहीं दिया गया है, जबकि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा होली से पूर्व वेतन भुगतान के स्पष्ट निर्देश जारी किए गए थे। इसके बावजूद विभागीय अधिकारियों द्वारा आदेशों की अनदेखी किए जाने से कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने कहा कि वेतन न मिलने से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने यह भी चिंता जताई कि आगामी त्योहारों, विशेषकर ईद के अवसर पर भी वेतन न मिलने से परिवारों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर वेतन का भुगतान नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन शुरू करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। प्रदर्शन में राजकीय नर्सेज संघ की अध्यक्ष रेनू मिश्रा, मंत्री चंद्रिका प्रसाद, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के मंत्री राम रतन, कोषाध्यक्ष चुन्नीलाल, उपाध्यक्ष कमालुद्दीन, ऑडिटर सलीम खान, नेत्र परीक्षण अधिकारी संघ के अध्यक्ष जय भीम, लैब टेक्नीशियन संघ के अध्यक्ष विजय चैधरी, मंत्री धर्मेन्द्र यादव और एक्स-रे टेक्नीशियन संघ के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। बताया गया कि प्रदर्शन में करीब 60 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, 18 फार्मेसिस्ट, 60 स्टाफ नर्स और लगभग 100 डॉक्टर शामिल रहे। कर्मचारियों ने शीघ्र वेतन भुगतान की मांग दोहराई।

## नगर पालिका में 5 व नगर पंचायतों में नामित किये गये तीन सभासद

**सुलतानपुर (वीओएल)।** उत्तर प्रदेश में नगर निकायों को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से राज्यपाल द्वारा नगर पालिका परिषदों में पांच और नगर पंचायतों में तीन-तीन सभासदों को नामित किया गया है। मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी ने बताया कि सुलतानपुर नगर पालिका परिषद में पांच सभासदों में रणजीत सिंह संत, प्रदीप जायसवाल, रवि अग्रहरि, रेनू सिंह व मदन सोनकर को नामित किया गया है। इसी क्रम में कादीपुर नगर पंचायत में सुनील रावत, सीमा मोदनवाल व प्रदीप अग्रहरि, कोइरीपुर नगर पंचायत में लालमणि अग्रहरि, बृजेश शुक्ला व विनोद गौतम तथा दोस्तपुर में बालमुकुंद मौर्य, अजय सोनी व रवि पाठक तथा लंभुआ नगर पंचायत में मालती मिश्रा, सीताराम व सुशील कुमार सिंह को नामित किया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. एमपी सिंह, भाजपा नेता रामचन्द्र मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष सीताशरण त्रिपाठी, करूणा शंकर द्विवेदी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष आनन्द जायसवाल, मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी ने सभी नामित सभासदों को बधाई व शुभकामनाएं दी है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि सभी नामित सभासद जनहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

- भाजपा ने नगर पालिका व नगर पंचायतों में नामित सभासदों को दी बधाई

## समाधान दिवस से डीएम तक गुहार, फिर भी तालाब की जमीन नहीं हो सकी मुक्त



**शुकुल बाजार, अमेठी।** विकास खंड बाजार शुकुल की ग्राम पंचायत इक्काताजपुर में ग्राम सभा के तालाब की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। आरोप है कि कार्रवाई की मांग को लेकर ग्राम प्रधान पिछले तीन महीने से समाधान दिवस से लेकर जिलाधिकारी तक गुहार लगा रही हैं, लेकिन अब तक तालाब की जमीन कब्जामुक्त नहीं हो सकी है। ग्राम प्रधान कलावती ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि राजस्व ग्राम इक्काताजपुर की गाटा संख्या 516, क्षेत्रफल 0.2390 हेक्टेयर भूमि तालाब खाते में दर्ज है। राजस्व निरीक्षक की निगरानी में राजस्व लेखपाल और चकबंदी लेखपाल द्वारा कराई गई पैमाइश में यह सामने आया कि तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। प्रधान के अनुसार यह तालाब गांव के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। गांव के दर्जनों घरों का पानी और बरसात का पानी इसी तालाब में जमा होता है, जिससे भूमिगत जलस्तर भी बना रहता है। तालाब का अस्तित्व खत्म होने से भविष्य में गांव में जल संकट की स्थिति पैदा हो सकती है। ग्राम प्रधान ने प्रशासन से तालाब की जमीन को कब्जामुक्त कराते हुए उसका सीमांकन, खुदाई, गहरीकरण और चौड़ीकरण कराने की मांग की है, ताकि वर्षा जल का संचयन हो सके और जल संरक्षण को बढ़ावा मिले। प्रधान का कहना है कि तीन महीने से लगातार अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए जा रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से इस मामले में जल्द कार्रवाई की मांग की है।

## धूमधाम से मनायी गयी होली मिलन और सम्मान समारोह कार्यक्रम




**रायबरेली।** भाजपा क्षेत्रीय मंत्री अवधक्षेत्र दिलीप यादव ने अपने कैंप कार्यालय त्रिपुला में होली मिलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धि लाल पासी सहित जिले व मण्डल स्तर तक के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे। क्षेत्रीय मंत्री विकास सिंह ने आए हुए सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं से गले मिलकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दिया और पूर्व जिला अध्यक्ष व क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव ने भी होली मिलन व सम्मान समारोह में आए हुए सभी अतिथियों को अंग वस्त्र भेट कर सम्मान किया। आने वाले चुनाव में संगठन को कैसे मजबूती मिलेगी इस पर भी विस्तृत चर्चा किया। कार्यक्रम में राजा राकेश प्रताप सिंह, राजा राम त्यागी, सुरेन्द्र सिंह दाढ़ी, देवेंद्र सिंह, विवेक शुक्ल, शरद सिंह, जनमेजय सिंह, विजय सिंह, शिवेंद्र सिंह, अनुज मौर्य, अभिषेकवर्मा, दिगेंद्र सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा अवस्थी सहित सभी महिला मोर्चा की पदाधिकारी व जिले के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सपा का होली मिलन व पीडीए की बैठक संपन्न



**नसीराबाद,रायबरेली।** मंगलवार को विकास खण्ड छतोह के ग्राम धरई में समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में भव्य होली मिलन समारोह और पीडीए पंचायत का आयोजन युवा सपा नेता मनोज पांडेय ने किया। उन्होंने माल्यार्पण करके सभी अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सपा के सांस्कृतिक सभा के जिलाध्यक्ष लोक गायक रमेश रागी ने लोकगायन के माध्यम से समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष इं. वीरेंद्र सिंह यादव की मौजूदगी में कांग्रेस के जुबेर आलम, मो.आसिफ, मंसूर अहमद तथा राजाराम तिवारी, मातादीन कोरी पूर्व प्रधान, उमाशंकर तिवारी, उमेश पाण्डेय आदि कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी में शामिल हुए। जिलाध्यक्ष ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। सपा मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष राम नेवाज यादव ने सनातनी वर्ष और होली की शुभकामनाएं देते हुए पार्टी छोड़कर सपा में शामिल होने वाले सभी लोगों को बधाई देते हुए कहा कि पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक पूरी तरह से सपा की सरकार बनाने को कटिबद्ध है। जिला सचिव विनोद यादव ने कहा कि अखिलेश यादव ने शोषित वंचित दबे कुचले को जोड़ने के लिए पीडीए का नारा दिया। पूर्व प्रत्याशी सुरेश कुमार निर्मल ने कहा कि जनविरोधी पार्टी ने धर्म के नाम पर लोगों को आपस में लड़ाकर सरकार बना ली और हम कभी खाद के लिए, कभी बीज के लिए तो कभी पानी के लिए लाइन लगाने को मजबूर हैं। गैस की किल्लत के कारण रोजी रोटी कमाने परदेश गए लोग, पढ़ाई के लिए शहरों में रहने गए युवक घर वापसी के टिकट के लिए स्टेशनों पर लाइन में लगे हैं। अनुसूचित सभा के जिलाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश पासवान, विधान सभा अध्यक्ष पुत्तन सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मौर्य आदि ने भी सभा को संबोधित किया। इसके बाद लोगों ने एक दूसरे को होली की बधाई देते हुए फूलों की होली खेली। कार्यक्रम का संचालन सपा ब्लॉक अध्यक्ष राम किशोर यादव पुजारी ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत सदस्य बृजमोहन पासी, राजेश कुमार यादव, संजय मौर्य, अशोक पासी, गंगाराम पूर्व प्रधान, नन्हें लाल पटेल, शिव कुमार यादव, राम बरन यादव आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## कस्बे के तीन लोगों को नामित सभासद बनाये जाने से भाजपाइयों में खुशी की लहर

**महराजगंज, रायबरेली।** उप्र नगर पालिका अधिनियम 1916 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 2 सन् 1916) की धारा 9 की उपधारा (1) के खंड (घ) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल उप्र ने नगर पंचायत महराजगंज के लिए तीन सदस्यों को सभासद के लिए नामित किया है। तीन सभासदों के नामित होने पर भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है। महराजगंज नगर पंचायत के आर्य नगर वार्ड के लिए अनुपमा पाण्डेय, शांति नगर के लिए विजय कुमार धीमान व पैगम्बर नगर वार्ड के लिए सूर्य प्रकाश वर्मा को सभासद के लिए नामित किया गया है। राज्यपाल द्वारा नामित सभासदों की सूची आने के पश्चात क्षेत्र में खुशी का माहौल है और क्षेत्रीय लोग उक्त सदस्यों की इस सफलता पर उनके द्वारा लगातार संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार किये जा रहे प्रयासों का परिणाम बता रहे हैं। वहीं बधाई देने वालों में पूर्व विधायक रामलाल अकेला, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिंह राठौर, वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मी शंकर श्रीवास्तव, पूर्व मंडल अध्यक्ष सरदार फत्तेह सिंह, मंडल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह, शिव रमन सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता विद्यासागर अवस्थी, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास्तव, युवा भाजपा नेता सरोज गौतम, भाजपा नेता पवन साहू, भाजपा नेत्री सुधा अवस्थी, व्यापारी नेता सुधीर साहू, दिनेश कुमार उर्फ भल्लू ठेकेदार, पूर्व सभासद शिवम तिवारी, सुमित चैरसिया एडवोकेट सहित अनेक लोगों ने बधाई दी।

## हिंदू नववर्ष मेला आज

**मथुरा।** नववर्ष मेला समिति के तत्वावधान में नवसंवतसर की पूर्व संध्या पर विशाल नववर्ष मेला 18 मार्च बुधवार को दोपहर एक बजे से सेठ बी०एन० पोद्दार इण्टर कॉलेज के मैदान पर भूमि पूजन और हवन के साथ शुरू होगा। नववर्ष समारोह के लिए मेला स्थल को सजाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। समिति द्वारा नवसंवत्सर 2083 के स्वागत की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सांस्कृतिक संध्या में सायं 6:30 बजे आयोजित नववर्ष समारोह के मुख्य अतिथि शैलेष कुमार पाण्डेय पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा जोन होंगे। मेला का मुख्य आकर्षण अन्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि, चित्रकार, गायक, प्रखर वक्ता एवं राष्ट्रप्रेमी कलाकार बाबा सत्यनारायण मौर्य की अद्भुत मंचीय प्रस्तुति ह्यएक शाम राष्ट्र के नाम होगा। महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया है कि मेला की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा ने बताया है कि मेला स्थल पर सायं 4:30 बजे से रंगोली, रूप सज्जा, सामूहिक एवं एकल नृत्य प्रतियोगिता होंगी। मेला रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में नववर्ष मेला समिति की स्मारिका नव-प्रवाह का विमोचन भी किया जायेगा। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार मंच पर रात्रि में दिया जायेगा। आज जूनियर और सीनियर वर्ग में कृष्ण चन्द गांधी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सामान्य ज्ञान और निबंध प्रतियोगिताएं कराई गई, जिसमें सैंकड़ों बच्चों ने भाग लिया।

## पुष्पक विमान में विराजमान होकर निकले भगवान गोदारंगमन्नार

**मथुरा (मधुसूदन शर्मा)।** वृन्दावन श्री रंगनाथ मंदिर के दस दिवसीय ब्रह्मोत्सव का सोमवार की देर रात को विधिवत समापन हो गया। लोक कल्याण की कामना को लेकर आयोजित वैदिक उत्सव के अंतिम दिवस ठाकुर गोदा रंगनाथ भगवान देशी विदेशी पुष्पों और केले के तने से सुसज्जित भव्याकर्षक पुष्पक विमान पर विराजित होकर भक्तो को कृतार्थ करने निकले। ठाकुर जी की इस अलौकिक छवि को निहारने के लिए भक्तो का सैलाब उमड़ पड़ा। भगवान की सवारी विविध प्रकार के देशी विदेशी पुष्पों और केले के तनों पर की गई आकर्षक कलाकारी से सुसज्जित पुष्पक विमान में विराजमान होकर निकली। इस पुष्पक विमान को वृंदावन के दो दर्जन से ज्यादा कारीगरों ने 24 घंटे से ज्यादा मेहनत कर तैयार किया। पुष्पक विमान में विराजमान भगवान रंगनाथ और माता गोदा जी के दर्शन बेहद ही मनोहारी थे।

# संस्कृति स्पोर्ट्स फिएस्टा 2026 का हुआ शुभारंभ




**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के तीन दिवसीय स्पोर्ट्स फिएस्टा 2026 का मंगलवार को रंगारंग शुभारंभ हुआ। विद्यार्थियों में बहुप्रतीक्षित इस वार्षिक आयोजन के लिए विद्यार्थी कई दिन से तैयारियों में जुटे थे। अब मौका था अपनी क्षमता, दक्षता और तैयारियों के प्रदर्शन का। प्रातः 11 बजे स्टूडेंट स्पोर्ट्स क्लब के पदाधिकारी मशाल लेकर मुख्य मैदान पर बने मंच पर पहुंचे और उन्होंने मशाल मुख्य अतिथि को दी जिन्होंने इस मशाल से स्पोर्ट्स फिएस्टा 2026 की शुरूआत अग्नि प्रज्वलित कर की। मैदान पर मौजूद हजारों की संख्या में मौजूद संस्कृति के विभिन्न खेलों के प्रतिभागियों ने गगनभेदी आवाजों से अपनी प्रफुल्लता का इजहार किया।

संस्कृति विवि के स्पोर्ट्स फिएस्टा के मुख्य अतिथि कार्यकारी अध्यक्ष भारतीय शिक्षण मंडल, मुंबई विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो.सुहास पांडेकर, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय महासचिव भारतीय शिक्षण मंडल प्रो. भरत सहारन सिंह, संस्कृति विवि की सीईओ डा. श्रीमती मीनाक्षी शर्मा व संस्कृति विवि के कुलपति प्रो. एमबी चेट्टी ने मंच से खेलों के शुभारंभ की घोषणा की। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रो. पांडेकर ने विद्यार्थियों को अनुशासन, निष्ठा के बारे में बोलते हुए कहा कि सफलता के लिए इन गुणों का होना बहुत जरूरी है। साथ ही उन्होंने भारत की नई शिक्षा नीति का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें खेलों को विशेष महत्व दिया गया है। प्रो. भरत ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक सौष्ठव बनाए रखना भी जरूरी होता है और इसके लिए खेलों की जरूरत है। उन्होंने इस शानदार आयोजन के लिए आयोजन से जुड़े सभी सहयोगियों की सराहना की। इससे पूर्व संस्कृति विवि के कुलपति प्रो. एमबी चेट्टी ने मुख्य अतिथि का परिचय देते हुए कहा कि खेलों में हार-जीत से ज्यादा खेल की भावना का महत्व होता है। स्पोर्ट्स फिएस्टा 2026 के इस शुभारंभ के अवसर पर छात्रा नंदनी चतुर्वेदी ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना को उच्च मानकों की शपथ दिलाई गई। इसी के साथ मंच पर पिछले वर्ष के विजेताओं को उनकी ट्राफियों के साथ मंच पर आमंत्रित किया। इसी दौरान रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर विद्यार्थियों ने पूरे माहौल में रंग भर दिया। मंच पर मौजूद स्टूडेंट वेलफेयर विभाग के डीन डा. डीएस तोमर ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पहले दिन ही कम पड़ गये प्रश्न-पत्र, व्हाट्सप पर मंगाकर ब्लैकबोर्ड पर लिखा

**आगरा।** परिषदीय विद्यालयों की परीक्षा में पहले दिन ही अव्यवस्था से जूझना पड़ा। प्रथम पाली में हुए पेपर के प्रश्नपत्र कम पड़ गए। ऐसे में व्हाट्सएप के माध्यम से प्रश्नपत्र मंगाकर ब्लैकबोर्ड पर लिखवाया और छात्रों से उत्तर लिखवाए। आगरा के परिषदीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक की वार्षिक परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो गईं। पहले दिन शहर के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों की मौखिक व विषयवार परीक्षाएं कराई गईं। कक्षा 5 और 8 की कुछ परीक्षाएं निरस्त होने के बाद अब उन्हें 24 मार्च को कराया जाएगा।

**परिषदीय विद्यालयों की परीक्षा**

जिसके चलते परीक्षाएं 20 मार्च के बजाय 24 मार्च तक चलेंगी। परीक्षाएं दो पालियों में हो रही हैं। पहली पाली सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 12:30 से 2:30 बजे तक आयोजित की जा रही है। पहले दिन कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों की सभी विषयों की मौखिक परीक्षा हुई, जबकि कक्षा 6 से 8 तक प्रथम पाली में कृषि विज्ञान व गृह शिल्प तथा दूसरी पाली में खेल एवं स्वास्थ्य की परीक्षा कराई गई। कुछ विद्यालयों में प्रश्नपत्र की कमी के कारण अव्यवस्था भी सामने आई। तो व्हाट्सएप उनका सहारा बना। नगला रामबल कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजीव कुमार वर्मा ने बताया कि प्रथम पाली में हुए पेपर के प्रश्नपत्र कम थे। ऐसे में व्हाट्सएप के माध्यम से प्रश्नपत्र मंगाकर ब्लैकबोर्ड पर लिखवाया और छात्रों से उत्तर लिखवाए। यूटा के महामंत्री राजीव वर्मा ने बताया कि कुछ विद्यालयों में प्रश्नपत्र पर्याप्त संख्या में नहीं पहुंचे थे, इसलिए शिक्षकों को वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ी। बीएसए जितेंद्र गोंड ने बताया कि प्रश्नपत्र पहले ही भेज दिए गए थे और अतिरिक्त प्रश्नपत्र बीआरसी पर भी उपलब्ध थे। उन्होंने बताया कि कक्षा 5 और 8 की कुछ परीक्षाएं निरस्त कर दी गई हैं, जिन्हें अब 24 मार्च को कराया जाएगा। नगर शिक्षाधिकारी सुमित सिंह ने बताया कि 17 मार्च को कक्षा पांच की द्वितीय पाली की संस्कृत की परीक्षा होगी। और कक्षा 8 की संस्कृत की परीक्षा होगी। 18 मार्च को कक्षा पांच की द्वितीय पाली में अंग्रेजी की परीक्षा होगी। 19 मार्च को पहली पाली में हिंदी तथा दूसरी पाली में कला व संगीत की परीक्षा कराई जाएगी। 20 मार्च को पर्यावरण अध्ययन और कार्य अनुभव विषय की परीक्षा होगी। 24 मार्च को कक्षा 5 की गणित और सामाजिक विज्ञान तथा कक्षा 8 की गणित और विज्ञान की परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके बाद मूल्यांकन कार्य शुरू होगा और परिणाम 30 मार्च तक घोषित किए जाएंगे।

# बीएसए ने किया कंपोजिट विद्यालयों का निरीक्षण



**फिरोजाबाद।** मंगलवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी फिरोजाबाद आशीष पांडेय द्वारा विकास खण्ड खैरगढ़ के पी0एम0श्री कम्पोजिट विद्यालय भामई एवं विकास खण्ड शिकोहाबाद के कम्पोजिट विद्यालय जिजौली मक्खनपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय विद्यालय में वार्षिक परीक्षा विधिवत रूप से संचालित पायी गयी। निरीक्षण में समस्त स्टाफ उपस्थित पाया गया। विद्यालय परिसर में साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये। आगामी शैक्षिक सत्र 2026-27 हेतु स्कूल चलो अभियान एवं डोर-टू डोर सर्वे कराये जाने के निर्देश दिये गये।

## विज्ञापन में राजस्व की चोरी पर महापौर ने नगर आयुक्त से मांगा जवाब, नये टेंडर पर लगायी रोक

**आगरा।** यूनिपोल विज्ञापन से मिलने वाले कर में गड़बड़ी की आशंका पर महापौर हेमलता दिवाकर ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने नगर आयुक्त से रिपोर्ट मांगी है और नए यूनिपोल टेंडर को फिलहाल स्थगित करने के आदेश दिए हैं। शहर में यूनिपोल लगाने के लिए विभिन्न कंपनियों को दी जा रही अनुमति और विज्ञापन कर में हो रहे कथित खेल पर महापौर हेमलता दिवाकर ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर शहर में लगे यूनिपोल की तुलना में विज्ञापन कर कम आने पर जवाब-तलब किया है। साथ ही 27 फरवरी को पोल लगाने के लिए जारी किए गए अनुबंध के टेंडर को तत्काल स्थगित करने के आदेश जारी कर दिए हैं। नगर आयुक्त को लिखे पत्र में महापौर ने पूछा है कि जितने शहर में यूनिपोल लगे हैं, उतना राजस्व नहीं आ रहा है। पत्र में महापौर ने कहा कि नगर निगम ने विभिन्न विज्ञापन एजेंसियों को यूनीपोल विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए आवंटित करने का अनुबंध किया है। 350 पोल लगाए जाने की अनुमति देने के बावजूद संख्या के आधार पर विज्ञापन कर जमा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि टैक्स कम जमा होने के बावजूद फर्मों पर कार्रवाई न होना नगर निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों की मिलीभगत दिखा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने एलेक्स एडवटाईजर्स, फ्रेंक एडवरटाइजर एवं प्राइम्स एड को यूनीपोल लगाने के लिए दी गई अनुमति और लगाए गए पोल की संख्या व मिले विज्ञापन कर की जानकारी मांगी है। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी देने तक नए टेंडर को स्थगित करने के आदेश जारी कर दिए।

## अभिनेत्री कंगना रनौत पर 500 रुपये जुर्माना

**आगरा।** हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद और फिल्म अभिनेत्री कंगना रणौत के खिलाफ दायर वाद में सोमवार को एमपी-एमएलए अनुज कुमार सिंह कोर्ट में सुनवाई हुई। उनकी अधिवक्ता बहस के लिए कोर्ट में हाजिर नहीं हुईं, और जूनियर अधिवक्ताओं ने समय की मांग की। अदालत ने 500 रुपये का जुमार्ना लगाकर बहस के लिए अंतिम अवसर दे दिया। 3 अप्रैल को अगली सुनवाई होगी। राजीव गांधी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने 11 सितंबर 2024 को सांसद कंगना रणौत के खिलाफ अदालत में वाद दायर किया था। कहा गया था कि सांसद ने 26 अगस्त 2024 को अपने बयान में किसानों पर अपमानजनक टिप्पणी की। महात्मा गांधी पर भी अभद्र टिप्पणी की। अधीनस्थ न्यायालय में परिवाद खारिज होने पर वादी अधिवक्ता ने सत्र न्यायालय में रिवीजन किया था। सोमवार को सुनवाई के दौरान कंगना के स्थानीय और सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता की जूनियर ने अदालत में प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया। जिसमें लिखा कि उनकी वरिष्ठ अधिवक्ता की तबीयत ठीक नहीं हैं। इस वजह से वह अदालत में हाजिर होकर बहस नहीं कर सकती हैं। बहस के लिए अन्य तारीख की मांग की। वादी के अधिवक्ताओं ने कहा था कि बहस से बचकर मामले को टालने की कोशिश की जा रही है। अदालत ने 500 रुपये का जुमार्ना लगाकर बहस के लिए अंतिम अवसर दे दिया। 3 अप्रैल को अगली सुनवाई होगी।

## गैस की कालाबाजारी मिली तो रद्द होगा लाइसेंस : जिलाधिकारी



**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन ने जनपद में घरेलू गैस की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कलैक्ट्रेट पर गैस एजेंसी स्वामियों के साथ एक महत्वपूर्ण आपात बैठक की। बैठक में डीएम ने कड़े तेवर अपनाते हुए स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं को गैस के लिए कतारों में खड़ा करना स्वीकार्य नहीं होगा। डीएम ने निर्देश दिए कि गैस एजेंसियों के बाहर आम नागरिकों की लंबी लाइनें किसी भी कीमत पर नहीं लगनी चाहिए। उपभोक्ताओं को समयबद्ध तरीके से सिलेंडर उपलब्ध कराना एजेंसी मालिकों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। आपूर्ति व्यवस्था में किसी भी प्रकार की शिथिलता बरतने पर संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए जिलाधिकारी ने एक अनूठी पहल का निर्देश दिया है। अब जिला प्रशासन वितरण रजिस्टर से प्रतिदिन 50 उपभोक्ताओं का रैंडम चुनाव करेगा और उनसे फोन पर फीडबैक लेगा। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सिलेंडर सही व्यक्ति तक पहुँच रहा है या नहीं और वितरण में कोई अवैध वसूली तो नहीं हो रही है। बैठक में डीएम ने पीएनजी पाइप्ड नेचुरल गैस कनेक्शन धारकों की सघन जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि पीएनजी धारक अवैध रूप से एलपीजी सिलेंडर का उपयोग न कर रहे हों। यदि कोई पीएनजी उपभोक्ता अवैध एलपीजी का उपयोग करता पाया गया, तो उस पर सख्त विधिक कार्रवाई होगी। डीएम ने कहा कि जिले में कालाबाजारी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी एजेंसी मालिक की संलिप्तता पाई गई, तो तत्काल प्रभाव से लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि वे इन निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन कराएं और समय समय पर गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण करें। बैठक के दौरान एडीएम वि./रा.विशु राजा समेत विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# मनरेगा भुगतान को लेकर कांग्रेस का हल्ला बोल




- विकास भवन का घेराव कर दी आंदोलन की चेतावनी

**फिरोजाबाद।** जिले में मनरेगा मजदूरों के पिछले 7 महीनों से लंबित भुगतान और विकास कार्यों की बदहाली को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आक्रोश व्यक्त किया। मंगलवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव और महानगर अध्यक्ष शफात खान राजू' के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने विकास भवन का घेराव किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए जल्द से जल्द भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की।

विकास भवन के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसियों ने गगनभेदी नारे लगाए। कार्यकताओं ने मनरेगा का भुगतान मांग रहा है हिंदुस्तान, सरकार कर रही है चोरी इसीलिए भुगतान में हो रही है देरी और जो सरकार निकम्मी है, वो सरकार बदलनी है जैसे नारों के साथ अपना विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव और महानगर अध्यक्ष शफात खान राजू ने संयुक्त रूप से कहा कि मनरेगा मजदूरों का पिछले सात महीनों से भुगतान रुका हुआ है, जिससे उनके सामने दो वक्त की रोटी का संकट खड़ा हो गया है। न केवल मजदूरी, बल्कि मनरेगा के तहत होने वाले कच्चे पक्के निर्माण कार्य भी अधूरे पड़े हैं। अगर शीघ्र भुगतान नहीं हुआ, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन को मजबूर होगी। जिलाध्यक्ष ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार ने गरीबों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए इस ऐतिहासिक अधिनियम को लागू किया था, लेकिन वर्तमान सरकार इसके प्रावधानों को बदलकर इसे खत्म करने की साजिश रच रही है। इस घेराव कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राजवीर सिंह यादव, जितेंद्र तिवारी, प्रदीप शर्मा एडवोकेट अजीत सिंह यादव, पीसीसी सदस्य हाजी नसीर अहमद किसान कांग्रेस अध्यक्ष अजय यादव सेवादल अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव मीडिया प्रभारी अजय शर्मा पार्षद लाला राइन महासचिव शैलेन्द्र शुक्ला, शांतिदास शंखवार अनिल यादव मो.उमर फारुक जगदीश वाल्मीकि, नगर अध्यक्ष शिकोहाबाद रामसेवक वेद्द टूंडला अध्यक्ष जमील खान ब्लॉक अध्यक्ष गिरन्द सिंह डॉ.बी.एस. गौतम आदि जिले के तमाम दिग्गज कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।

# समाज कल्याण विभाग ने लगाया एक पेड़ मां के नाम



**फिरोजाबाद।** समाज कल्याण विभाग द्वारा चर्चित फाउंडेशन के सहयोग से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित अटल वयो अभ्युदय योजना के जागरूकता एवं सामुदायिक जुड़ाव के तहत छह दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें पुलिस लाइन दबरई स्थित नवीन यातायात कार्यालय पुलिस कैम्पस में आयोजित कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम से लगाते हुए ज्वाइंट पुलिस अधीक्षक एएसपी आईपीएस राजेश गुनावत एवं यातायात प्रभारी निरीक्षक महेश चन्द हैड कॉस्टेबल सुनील कुमार व जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी कृष्ण मोहन सिंह क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ सुनीता पाल पूर्व प्रधानाध्यापक सियाराम शरण और प्रेम प्रकाश कुशवाहा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों व पुलिस कर्मियों ने पौध रोपण व रेड टेप मूवमेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और सीएलसीएल जुनियर हाई स्कूल सैलई में चित्रकला प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एक छात्र और एक वरिष्ठ नागरिक की टीम बनाकर सामान्य ज्ञान व धार्मिक प्रश्न पूछे गए। जिसके, वरिष्ठ नागरिकों ने भी कई प्रश्नों के उत्तर दिए। सही जवाब देने वाली टीम को संस्था द्वारा पुरस्कृत किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी राजमती ने कहा कि, सरकार द्वारा यह कार्यक्रम चलाया गया है। जिसका उद्देश्य विभिन्न पीढ़ियों के बीच भावनात्मक संबंध मजबूत करने और सक्रिय बुढ़ापे को बढ़ावा देना है। वरिष्ठ नागरिक अनुभव परंपरा और मूल्यों के संरक्षक के साथ ही राष्ट्र की अमूल्य शक्ति हैं। विभाग का उद्देश्य समाज के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इस प्रकार के कार्यक्रम पीढ़ियों के बीच न सिर्फ स्नेह संवाद सहयोग और परस्पर सम्मान की भावना को प्रगाढ़ बनाते हैं। बल्कि समाज को जोड़ने मूल्यों और परंपराओं को आगे बढ़ाने और सामूहिक सामाजिक चेतना मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के मोतियाबिंद के निःशुल्क ऑपरेशन इसी माह कराए जाएंगे तथा ब्लड प्रेशर शुगर, ऑर्थराइटिस डिमेंशिया जैसी बीमारियों के उपचार और दवाइयों का भी प्रबंध किया जाएगा। इसके लिए इच्छुक वरिष्ठ नागरिक विभाग में अपना पंजीकरण करा सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला समाज कल्याण अधिकारी राजमती सिंह क्षेत्रीय पार्षद फौरन सिंह, विद्यालय के प्रबंधक ए.के. संह एवं प्रधानाचार्य शिव कुमार सहित महिला परामर्श केंद्र प्रभारी प्रीति राय जेपी गौतम डोरी लाल, शारदा देवी, सुमित कुमार, राजीव कुमार सहित विद्यालय का समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं स्टॉफ व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि के गर्भ गृह स्थल की सच्चाई को लायेंगे जनता के सामने: महेंद्र प्रताप

**मथुरा।** प्रज्ञान मिशन के तत्वावधान में वृंदावन स्थित फोगला आश्रम में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के दौरान एच.एच. परमहंस प्रज्ञानंद जी महाराज के सानिध्य में श्रीकृष्ण जन्मभूमि प्रकरण को लेकर महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण जन्मभूमि का वास्तविक गर्भगृह स्थल अपने मूल स्वरूप में वापस आएगा और वहां भगवान का भव्य मंदिर स्थापित होगा। अपने संबोधन में महेंद्र प्रताप सिंह ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी प्रकार के टकराव का नहीं, बल्कि संवैधानिक और कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से सत्य की स्थापना का प्रयास है। उन्होंने कहा कि वर्षों से चल रहे इस प्रकरण में न्यायालय के माध्यम से समाधान निकालने की दिशा में कार्य किया जा रहा है और यह संघर्ष पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगा। उन्होंने कहा कि यह केवल एक धार्मिक स्थल का विषय नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक चेतना और आस्था से जुड़ा प्रश्न है। समाज के प्रत्येक वर्ग तक इस विषय को पहुंचाने के लिए जनजागरण आवश्यक है। इसी उद्देश्य से ह्लचलो गांव की ओरह्व और ह्लश्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति ज्योति यात्राह्व जैसे अभियानों के माध्यम से व्यापक स्तर पर लोगों को जोड़ा जा रहा है, जिसका विस्तार विदेशों तक भी हो चुका है। महेंद्र प्रताप सिंह ने ऐतिहासिक संदर्भों का उल्लेख करते हुए कहा कि अतीत के कई प्रमाण इस स्थल की वास्तविकता को दशार्ते हैं। उन्होंने वैज्ञानिक एवं पुरातात्विक जांच की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे तथ्य और अधिक स्पष्ट हो सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण जन्मभूमि के वास्तविक गर्भगृह स्थल पर मंदिर निर्माण के समर्थन में संकल्प दिलाया और शांतिपूर्ण तरीके से इस अभियान को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। वहीं संत प्रज्ञानंद जी महाराज ने महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि इस संघर्ष में वह उनके साथ में है।

## जैतपुर के गढ़वार ठार में चारा काटने से रोकने पर महिला को पीटा, प्राथमिकी दर्ज

**बाह।** जैतपुर के गढ़वार ठार गांव में शनिवार को गेहूं के खेत से चारा काटने से रोकने पर विवाद हो गया। मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दंपति समेत तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पीड़िता रीना देवी ने बताया कि पुरा चतुर्भुज गांव निवासी रितु और संगीता 14 मार्च को उनके खेत से चारा काट रही थीं। उन्होंने जब चारा काटने से मना किया तो दोनों ने उनसे मारपीट और गाली-गलौज की। रितु के पति मंगल सिंह ने उनका ऑटो क्षतिग्रस्त कर दिया। चीख-पुकार सुनकर लोग आए तो हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने घायल रीना देवी का मेडिकल कराया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट से सब्जी मंडी में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान



**मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्र में आगरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित फल एवं गल्ला मंडी समिति की सब्जी मंडी में मंगलवार को भीषण आग लग गई। शॉर्ट सर्किट को आग लगने का प्रारंभिक कारण बताया जा रहा है। इस घटना से मंडी परिसर में अफरा-तफरी मच गई और व्यापारियों में हड़कंप फैल गया। सूचना मिलते ही हाईवे थाना प्रभारी और पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग सबसे पहले एक दुकान में लगी और तेजी से आसपास की कई दुकानों में फैल गई। आग की लपटें इतनी भीषण थीं कि स्थानीय व्यापारियों के शुरूआती प्रयास आग बुझाने में विफल रहे। इसके बाद तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही मंडी सचिव रेनू वर्मा ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग का कारण शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है, क्योंकि दुकान के पास एक ट्रांसफार्मर स्थित है। इस आगजनी में सात फर्मों की दुकानें प्रभावित हुईं, जिनमें प्याज, लौकी सहित अन्य सब्जियां और महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर राख हो गए। मंडी सचिव के मुताबिक, जिन फर्मों की दुकानें आग की चपेट में आईं, उनमें प्रकाश एंड संस, प्रकाश एंड कंपनी, रघुराज एंड संस, दिनेश एंड संस, ऑफिसर कुरैशी, राधा रानी, राजकुमार और करहरिया शामिल हैं। इन सभी दुकानों को आग से भारी क्षति पहुंची है। दमकल विभाग की टीम ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि व्यापारियों को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। मंडी समिति की दुकानों में लगी बांस की टट्टियां और अन्य बारदाना भी जलकर खाक हो गया। आग बुझने के बाद व्यापारी अपने बचे हुए सामान को बचाने में लगे रहे। बताया गया कि ये सभी दुकानें अस्थायी थीं। फिलहाल, प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है और आग लगने के वास्तविक कारणों की विस्तृत जांच जारी है।

## शोभायात्रा सहयोगी सम्मान और होली मिलन समारोह संपन्न

**मथुरा।** श्री वामन भगवान महोत्सव समिति द्वारा मसानी स्थित सेवा दास आश्रम में शोभा यात्रा सहयोगी सम्मान एवं होली मिलन समारोह अत्यंत भव्यता एवं श्रद्धा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का समापन घनश्याम जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान वामन के चित्रपट पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। दीप प्रज्वलन महंत जमुना दास, समिति के संस्थापक पंडित श्याम शर्मा, मुख्य संरक्षक पंडित राम गोपाल शर्मा, कार्यक्रम संयोजक संजय पिपरोनिया, कार्यकारिणी अध्यक्ष संजय हरियाणा, महापौर विनोद अग्रवाल एवं सहसंयोजक पंकज पंडित द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर आचार्य ललित गोस्वामी एवं उनके सहयोगियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्वस्तिवाचन किया गया, जिससे वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक हो उठा। संस्थापक पंडित श्याम शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि समिति का उद्देश्य ब्रज की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित कर समाज को सनातन संस्कृति से जोड़ना है। पंडित रामगोपाल शर्मा ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा जनसहयोग ही ऐसे आयोजनों की सफलता का आधार होता है। उन्होंने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संयोजक संजय पिपरोनिया ने कहा कि श्री वामन भगवान महोत्सव समिति केवल एक संस्था नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाली एक सशक्त कड़ी है। उन्होंने कहा प्रत्येक कार्यकर्ता एवं सहयोगी इस आयोजन की मजबूत नींव है। इस दौरान कवि आचार्य निर्मल एवं उनकी टीम द्वारा काव्य-व्यंग्य की प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा। समारोह में शोभा यात्रा को सफल बनाने वाले 151 सहयोगियों को पटका, स्मृति चिन्ह एवं अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# सभापति की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न




**मथुरा।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विकास प्राधिकरणों, आवास विकास परिषद, जिला पंचायतों एवं नगर निगमों में व्याप्त अनियमितताओं पर अंकुश लगाने / जाँच किये जाने के सम्बन्ध में सभापति कुँवर महाराज सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई संपन्न। बैठक में समिति के सदस्य/ उत्तर प्रदेश विधान परिषद के विधायक विजय बहादुर पाठक एवं पवन कुमार सिंह उपस्थित रहे। जनपद से एमएलसी योगेश नौहवार एवं एम0एल0सी0 ओम प्रकाश सिंह उपस्थित रहे। अधिकारियों में नगर आयुक्त जग प्रवेश, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती पूजा गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल, जिला विकास अधिकारी श्रीमती गरिमा खरे सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

नगर निगम द्वारा कुल कितने विद्यालयों को संचालित किया जा रहा है, क्या इन विद्यालयों में सुरक्षित भवन, पेयजल तथा शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था है एवं विद्यार्थियों के अनुपात में शिक्षकों की नियुक्तियाँ पूर्ण है। नगर आयुक्त जग प्रवेश ने सभापति को अवगत कराया कि नगर निगम मथुरा-वृन्दावन द्वारा 02 विद्यालय (हजारीमल सोमानी नगर निगम इण्टर कॉलेज एवं नगर निगम बालिका इण्टर कॉलेज) का संचालन किया जा रहा है। इन विद्यालयों में सुरक्षित भवन, पेयजल तथा शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था है एवं विद्यार्थियों के अनुपात मे शिक्षकों की नियुक्तियाँ कम है। बैठक में संचारी रोग नियंत्रण के संबंध में नगर आयुक्त ने माननीय सभापति को अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त नगर निगम द्वारा मोबाइल एप एवं सोशल मीडिया के माध्यम से भी शिकायतों का निस्तारण कराया जाता है साथ ही नगर निगम मथुरा-वृन्दावन शासन के निदेर्शानुसार प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई हेतु संभव दिवस का आयोजन किया जाता है। नगर निगम के किन-किन क्षेत्रों / पाकों में अवैध निर्माण बनाकर लोग व्यवसायिक रूप में प्रयोग कर रहें है। नगर निगम मथुरा-वृन्दावन सीमान्तर्गत स्थापित पाकों में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण नहीं है और न ही व्यवसायिक रूप में प्रयोग किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा ई०टी०एफ० टीम के माध्यम से समय-समय पर अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमणों को हटाया दिया जाता है। बैठक में सभापतिजी ने जानकारी प्राप्त की कि जिला पंचायतो के पास कुल कितनी खाली भूमि है तथा वह किन-किन क्षेत्रों में है, जिसपर अवगत कराया गया कि जिला पंचायत मथुरा की कुल 11749.73 वर्ग मीटर रिक्त भूमि है, जो की विकास खण्ड गोवर्धन, नन्दगांव, राया, बल्देव, छाता के क्षेत्रान्तगर्त स्थित है। बैठक में विप्रा एवं आवास विकास परिषद द्वारा भूमि अधिकरण के मानक, गत तीन वर्षों में हटाये गये अवैध कब्जों की संख्या, वर्तमान में कुल कितनी भूमि अवैध अतिक्रमण द्वारा अभी भी मुक्त करानें के लिए बाकी है आदि की जानकारी की गई।

संक्षेप

## भारत की विकास गाथा अभी भी मजबूत : पीएल वेल्थ मैनेजमेंट

नई दिल्ली। मध्य पूर्व में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल के कारण भारतीय शेयर बाजारों में अस्थिरता का दौर देखा जा रहा है। इन हालातों में वैश्विक वित्तीय बाजारों में कुछ समय के लिए अनिश्चितता तो पैदा की है, लेकिन भारत के मैक्रोइकॉनॉमिक फंडामेंटल्स अब भी मजबूत बने हुए हैं। इसे मजबूत घरेलू खपत, बुनियादी ढांचे पर भारी खर्च और कंपनियों की बेहतर होती बैलेंस शीट से काफी समर्थन मिल रहा है। प्रभुदास लीलाधर की वेल्थ मैनेजमेंट इकाई पीएल वेल्थ ने अपनी ताजा रिपोर्ट मार्केट आउटलुक मार्च 2026 में कहा है कि आने वाले समय में बाजार में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है, क्योंकि निवेशक लगातार भू-राजनीतिक घटनाओं और कमोडिटी की कीमतों पर नजर बनाए हुए हैं। हालांकि, भारत का व्यापक आर्थिक माहौल काफी लचीला है।

## पेक्सपो ने सोनी याय! के साथ मिलकर गो24 लॉन्च किया

नई दिल्ली। स्टील हाइड्रेशन उत्पाद निमार्ता पेक्सपो ने बोतल का नया लाइफस्टाइल आउटडोर हाइड्रेशन ब्रांड गो24 लांच किया है। यह पेशकश भारत में तेजी से बढ़ते जेन जेड और युवा उपभोक्ताओं को लक्षित कर सोनी याय के साथ साझेदारी में किया गया है, ताकि हाइड्रेशन श्रेणी में वैश्विक रूप से लोकप्रिय पॉप कल्चर किरदारों को शामिल किया जा सके। गो24 बोतलों के साथ, कंपनी ने उन्नत तीन-लेयर इंसुलेशन तकनीक भी पेश की है, जो बाजार में उपलब्ध पारंपरिक डबल-लेयर बोतलों की तुलना में पेय पदार्थों को अधिक समय तक ठंडा और गर्म बनाए रखने के लिए डिजाइन की गई है।

## सिगरेट की तुलना में कम नुकसानदायक है वेपिंग

नयी दिल्ली। फ्रांस की एजेंसी फॉर फूड, एनवायरनमेंटल एंड ऑक्युपेशनल सेफ्टी एंड हेल्थ (ए.एन.एस.ई.एस) ने हाल ही में एक विस्तृत वैज्ञानिक अध्ययन के परिणाम जारी किए जिसमें कहा गया है कि वेपिंग से होने वाले स्वास्थ्य जोखिम पारंपरिक सिगरेट की तुलना में काफी कम हैं। हालांकि ऐसा नहीं है कि इससे स्वास्थ्य को कोई भी नुकसान न होता हो। ये नतीजे 2,500 से अधिक अध्ययनों की समीक्षा से मिले हैं, जिनमें वेपिंग के टॉक्सिकोलॉजिकल प्रभाव की जाँच की गई थी। एजेंसी ने बताया कि वेपिंग और सिगरेट के बीच मुख्य अंतर यह है कि इसमें तंबाकू जलती नहीं है।

## आर-1 प्लस बायस ट्रैक्टर टायर एग्री एचएयूएल लॉन्च

नई दिल्ली। एलायंस ने आज भारत में अपने नए ट्रैक्टर टायर एलायंस को लॉन्च किया है। एग्री एचएयूएल का R-1 Plus Bias Tractor Tyre ट्रेड डिजाइन सामान्य ट्रैक्टर टायरों की तुलना में अधिक गहराई प्रदान करता है, जिससे इसकी उम्र अधिक होती है और यह भारतीय कृषि कार्यों के लिए बेहद उपयुक्त बनता है।

## एआई-सक्षम लर्निंग इकोसिस्टम शुरू

नई दिल्ली। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के तेजी से बढ़ते प्रभाव के साथ उद्योगों और संगठनों के काम करने का तरीका बदल रहा है। ऐसे में प्रबंधकों से अपेक्षाएँ भी तेजी से बदल रही हैं। एआई प्रबंधकीय भूमिकाओं को समाप्त नहीं कर रहा है, बल्कि उन्हें नए तरीके से परिभाषित कर रहा है। इसी परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए FIIB, नई दिल्ली ने अपने PGDM कार्यक्रम में एआई-सक्षम लर्निंग इकोसिस्टम को एकीकृत किया है, ताकि छात्र डेटा-आधारित और तकनीक-संचालित व्यावसायिक दुनिया के लिए तैयार हो सकें। संस्थान ने एआई को एक अलग विशेषज्ञता के रूप में पढ़ाने के बजाय पूरे मैनेजमेंट लर्निंग ढांचे में शामिल किया है।

## एआई+ स्मार्टफोन से की ईशान ने साझेदारी

नई दिल्ली। एआई+ स्मार्टफोन ने आज भारतीय क्रिकेटर ईशान किशन के साथ एक विशेष साझेदारी की घोषणा की। यह सहयोग एक ऐसे ब्रांड और खिलाड़ी को साथ ला रहा है, जिन्होंने हमेशा सीमाओं से परे जाकर अपनी पहचान बनाई है। यह साझेदारी ब्रांड और खिलाड़ी के बीच एक साझा सोच को दर्शाती है—कि महत्वाकांक्षा को कभी भी संसाधनों की कमी से सीमित नहीं होना चाहिए। एआई+ स्मार्टफोन ने अपनी पहचान आधुनिक तकनीक, शानदार प्रदर्शन और बेहतरीन डिजाइन के साथ बनाई है, महंगे हुए बिना।

# सेंसेक्स में 568 अंकों की उछाल

मुंबई। वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख और धातु एवं वाहन शेयरों में खरीदारी के बीच मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन मजबूती रही। सेंसेक्स 568 अंक चढ़कर बंद हुआ, जबकि निफ्टी में 172 अंक की तेजी रही।



बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 567.99 अंक यानी 0.75 प्रतिशत चढ़कर 76,070.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 801.41 अंक बढ़कर 76,304.26 अंक तक पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 172.35 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,581.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से इटर्नल का शेयर सबसे अधिक 5.70 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, लार्सन एंड टुब्रो, भारती एयरटेल और मारुति सुजुकी के शेयरों में भी तेजी में रहे। दूसरी तरफ, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचसीएलटेक के शेयरों में गिरावट का रुख देखा गया। घरेलू निवेशकों की तरफ से सस्ते दाम पर उपलब्ध शेयरों पर दांव लगाने से बाजार ने अपनी तेजी कायम रखी। वाहन, धातु और वित्तीय क्षेत्रों ने इस तेजी की अगुवाई की जबकि हाल की गिरावट में सबसे ज्यादा प्रभाव इन पर ही पड़ा था। हालांकि, नायर ने कहा पश्चिम एशिया संघर्ष से जुड़ी अनिश्चितता बनी रहने से यह कहना जल्दबाजी होगी कि अल्पावधि में यह तेजी कायम रहेगी। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.86 प्रतिशत चढ़ गया जबकि छोटी कंपनियों का स्मालकैप 0.67 प्रतिशत के लाभ में रहा। क्षेत्रवार सूचकांकों में धातु खंड में सर्वाधिक 2.81 प्रतिशत तेजी रही जबकि वाहन खंड में 2.05 प्रतिशत, रियल्टी खंड में 1.79 प्रतिशत, जिंस खंड में 1.69 प्रतिशत और औद्योगिक खंड में 1.54 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,362 कंपनियों के शेयर चढ़कर बंद हुए जबकि 1,892 शेयरों में गिरावट रही और 157 अन्य अपरिवर्तित रहे। यूरोपीय बाजार तेजी के रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। भारतीय बाजारों में लगातार दूसरे दिन सुधार देखने को मिला है, जिसे कम होती अस्थिरता और चुनिंदा क्षेत्रों में मजबूती का समर्थन मिला। उतार-चढ़ाव को मापने वाला सूचकांक इंडिया विक्स आठ प्रतिशत की गिरावट के साथ 20 से नीचे आ गया है जो एक सकारात्मक संकेत है। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.44 प्रतिशत बढ़कर 102.7 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# रुपया 12 पैसे टूटकर 92.40 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर

मुंबई। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया मंगलवार को 12 पैसे टूटकर अपने सबसे निचले स्तर 92.40 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

पश्चिम एशिया संकट के बीच कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार पूंजी निकासी के कारण रुपये में यह गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुझान भी रुपये को कमजोर स्तर पर सहारा देने में मदद कर रहा है। हालांकि, निवेशक अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर संबंधी फैसले पर नजर रखे हुए हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 92.35 पर खुला और दिन के सबसे निचले स्तर 92.47 तक आया। अंत में घरेलू मुद्रा अब तक के सबसे निचले स्तर 92.40 (अस्थायी) बंद हुई, जो पिछले बंद भाव से 12 पैसे कम है।



सोमवार को दो पैसे की मामूली बढ़त के बावजूद, स्थानीय मुद्रा डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर के करीब 92.28 पर बंद हुई थी। एशिया की सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाली मुद्रा रुपये ने 13 मार्च को पहली बार दिन के सबसे निचले स्तर 92.47 को छुआ था, जबकि उस दिन यह अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 92.30 पर बंद हुआ था। घरेलू मुद्रा में गिरावट का मुख्य कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) द्वारा लगातार पूंजी निकासी है। हालांकि, घरेलू बाजारों में सुधार और अमेरिकी डॉलर की नरमी ने रुपये की तेज गिरावट को सीमित किया। होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की उम्मीद और भारतीय रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप से रुपये को निचले स्तर पर सहारा मिल सकता है। निवेशक इस सप्ताह फेडरल ओपन मार्केट कमिटी (एफओएमसी), यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी), बैंक ऑफ जापान और बैंक ऑफ इंग्लैंड की मौद्रिक नीतियों पर भी नजर रखेंगे। चौधरी के अनुसार, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 92.10 रुपये से 92.75 रुपये के दायरे में रहने की उम्मीद है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत बढ़कर 99.52 पर कारोबार कर रहा था।

# चांदी 6000 रुपये चढ़ी और सोना 1050 रुपये मजबूत

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को कीमती धातुओं की कीमतों में दो प्रतिशत तक का उछाल आया। चांदी 6,000 रुपये बढ़कर 2.62 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई जबकि सोना बढ़कर 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। चांदी की कीमत 6,000 रुपये या 2.34 प्रतिशत बढ़कर 2,62,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। सर्राफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में लगातार तीन दिन की गिरावट का सिलसिला टूट गया और इसकी कीमत 1,050 रुपये या लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 161,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गयी। विश्लेषकों ने कहा कि र्साफा की कीमतों में यह उछाल भू-राजनीतिक तनाव के बीच सुरक्षित निवेश वाली आस्तियों की मांग से प्रेरित था, भले ही वैश्विक संकेतक कमजोर बने रहे। घरेलू बाजारों में रुपये के नरम पड़ने से हाजिर सोने की कीमतों को वैश्विक कमजोरी से अलग होने में मदद मिली है। हालांकि, जब तक फेडरल रिजर्व कोई स्पष्ट मार्गदर्शन नहीं देता, तब तक कीमतों में एक विस्तृत दायरे के भीतर उतार-चढ़ाव जारी रहने की उम्मीद है। कीमती धातुएं इस समय एक जटिल मैक्रो-ट्रैप में फंसी हुई हैं।

# डाक विभाग ने शुरू की गारंटी डिलिवरी वाली प्रीमियम सेवाएं

नयी दिल्ली। डाक विभाग ने त्वरित एवं समयबद्ध पार्सल के लिए 24 घंटे और 48 घंटे में डिलिवरी की गारंटी वाली तीन प्रीमियम सेवाएं मंगलवार को शुरू कीं। विभाग उन कूरियर सेवाओं के बढ़ते बाजार के मुकाबले खुद को नए सिरे से स्थापित करने की कोशिश कर रहा है जो कुछ ही घंटों में डिलिवरी का वादा करती हैं।

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यहां 24 स्पीड पोस्ट, 24 स्पीड पोस्ट पार्सल और 48 स्पीड पोस्ट की शुरुआत की। उन्होंने इस मौके पर कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के 11 महीनों में इंडिया पोस्ट ने 20 प्रतिशत की उत्साहजनक राजस्व वृद्धि दर्ज की है। प्रारंभिक चरण में ये सेवाएं दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद में शुरू की गई हैं। मार्च, 2027 तक इसे देशभर में शुरू करने का लक्ष्य है। निर्धारित समयसीमा का पालन करने के लिए विभाग प्राथमिकता आधारित हवाई परिवहन का उपयोग करेगा। सिंधिया ने कहा कि यह पहल इंडिया पोस्ट के लिए नए दौर की शुरुआत है और इसमें व्यापक संभावनाएं निहित हैं। उन्होंने बताया कि ई-कॉमर्स बाजार 2030 तक बढ़कर करीब 30 लाख करोड़ रुपये का हो सकता है जो वर्तमान के 11 लाख करोड़ रुपये से लगभग तीन गुना है। आज पार्सल हमारे कारोबार का सिर्फ पांच प्रतिशत हिस्सा हैं। हमारा साझा लक्ष्य है कि पार्सल (सेवा) हमारे उद्यम का विकास इंजन बने। इस वर्ष (वित्त वर्ष 2025-26) के 11 महीनों में पार्सल कारोबार में 44 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है... लेकिन हमें इस इंजन को और भी आगे बढ़ाना होगा। हमारे पूर्ण विकसित डिलिवरी इंजन न बनने का कोई कारण नहीं है।

नई सेवाओं में ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) आधारित सत्यापन के साथ डिलिवरी, शुरू से अंत तक ट्रैकिंग सुविधा और वास्तविक समय में एसएमएस अलर्ट शामिल होंगे।

# आरबीआई ने वीआरआर नीलामी के जरिये 48014 करोड़ की नकदी डाली

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को बैंकिंग प्रणाली में सात दिन की वैरिएबल रेट रेपो (वीआरआर) नीलामी के जरिये 48,014 करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि यह धनराशि 5.26 प्रतिशत की कट-ऑफ और भारित औसत दर पर उपलब्ध कराई गई।

हालांकि, यह राशि 1.50 लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि की तुलना में काफी कम रही, जबकि अग्रिम कर भुगतान के कारण बैंकिंग प्रणाली में अधिशेष नकदी में तेज गिरावट आई है। वीआरआर नीलामी के तहत केंद्रीय बैंक अल्पावधि के लिए परिवर्तनीय ब्याज दरों पर बैंकों को धन उपलब्ध कराता है जिसमें बैंक तय राशि के लिए बोली लगाते हैं। इस सप्ताह माल एवं सेवा कर (जीएसटी) भुगतान के चलते बैंकिंग प्रणाली से और धन निकलने की संभावना है, जिससे तरलता पर दबाव बढ़ सकता है। फिलहाल 16 मार्च तक बैंकिंग प्रणाली में अधिशेष तरलता करीब 75,483.63 करोड़ रुपये आंकी गई है, जो 15 मार्च को अग्रिम कर भुगतान से पहले के 2.08 लाख करोड़ रुपये से काफी कम है। आरबीआई ने जनवरी, 2026 से अब तक सरकारी प्रतिभूतियों की खुला बाजार परिचालन खरीद के जरिये 3.50 लाख करोड़ रुपये की टिकाऊ तरलता भी प्रणाली में डाली है।

# ओबेन इलेक्ट्रिक के ग्राहकों ने तय किया 3.2 करोड़ किलोमीटर का सफर

बेंगलुरु। भारत की तेजी से आगे बढ़ रही रिसर्च-ड्रिवन इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल कंपनी ओबेन इलेक्ट्रिक ने जानकारी दी कि कंपनी की इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल चलाने वाले राइडर्स ने देशभर में मिलकर 3.2 करोड़ किलोमीटर से ज्यादा दूरी तय कर ली है। कंपनी के अनुसार, राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार के सिर्फ दो साल के भीतर यह उपलब्धि इस बात का संकेत है कि लोग अब ओबेन की मोटरसाइकिलों को रोजाना के सफर के लिए अपने मुख्य वाहन के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। साल 2024 की शुरूआत से अलग-अलग शहरों के डेटा को मिलाकर देखा गया तो पता चला कि कंपनी की ओबेन रोर पोर्टफोलियो जिसमें रोर, रोर ईजेड और ओबेन रोर ईजेड सिग्मा शामिल हैं जिसका इस्तेमाल अलग-अलग ट्रैफिक, सड़क और मौसम की परिस्थितियों में लगातार किया जा रहा है। इससे साफ होता है कि लोग इन मोटरसाइकिलों को रोजाना के काम, ऑफिस आने-जाने और शहर के अंदर सफर के लिए भरोसे के साथ इस्तेमाल कर रहे हैं।

## पोको ने लॉन्च की पोको एक्स8 प्रो सीरीज

नई दिल्ली। पोको ने आज अपनी 'पोको एक्स8 प्रो सीरीज' लॉन्च कर दी है। इस सीरीज में पोको एक्स8 प्रो मैक्स, पोको एक्स8 प्रो और एक खास स्पेशल एडिशन ' पोको एक्स8 प्रो आयरन मैन एडिशन' शामिल हैं। एक्स सीरीज को एक कदम और आगे ले जाते हुए, इस नई श्रृंखला (लाइनअप) में फ्लैगशिप-लेवल का परफॉर्मेंस, लंबी चलने वाली बैटरी, शानदार मनोरंजन और प्रीमियम डिजाइन का बेहतरीन तालमेल दिया गया है। यह उन यूजर्स के लिए एक बजोड़ (परफेक्ट) और शानदार अनुभव है, जिनका पूरा ध्यान प्रदर्शन पर होता है। इस सीरीज को अगली पीढ़ी की चिपसेट की ताकत मिली है, जिसे असल ज़िंदगी के इस्तेमाल में तेज स्पीड और बेहतरीन एफिशिएंसी देने के लिए डिजाइन किया गया है।

# ईपीएफ पेंशन बढ़ाकर सम्मानजनक करने की जरूरत

नयी दिल्ली। संसद की एक समिति ने मंगलवार को ईपीएफओ की कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 के तहत न्यूनतम मासिक पेंशन 1000 रुपये की तत्काल और व्यापक समीक्षा की सिफारिश की। समिति ने कहा कि इसे सम्मानजनक स्तर तक बढ़ाने की जरूरत है। यह सिफारिश ऐसे समय की गयी है जब पेंशनधारक पेंशन को बढ़ाकर 7,500 रुपये प्रति माह करने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि 1000 रुपये से गुजर-बसर करना मुश्किल है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा संचालित कर्मचारी पेंशन योजना 1995 (ईपीएस-95) के तहत पेंशनधारकों ने न्यूनतम मासिक पेंशन को बढ़ाकर 7,500 रुपये करने की मांग को लेकर नौ मार्च से जंतर-मंतर पर तीन दिवसीय विरोध प्रदर्शन भी किया था।

श्रम, वस्त्र एवं कौशल विकास से जुड़ी संसद की स्थायी समिति ने श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की अनुदान मांगों (2026-27) पर अपनी 15वीं रिपोर्ट में कहा कि महंगाई बढ़ने के बावजूद कर्मचारी पेंशन योजना के तहत न्यूनतम पेंशन 1000 रुपये प्रति माह काफी समय से अपरिवर्तित है। समिति ने साक्ष्यों पर गौर करने के दौरान पाया कि पेंशनधारकों से विशेषकर वृद्ध और आर्थिक रूप से कमजोर लाभार्थियों को होने वाली वित्तीय कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए न्यूनतम पेंशन में वृद्धि की मांग के साथ अनेक प्रतिवेदन प्राप्त हुए हैं। समिति ने श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के इस प्रतिवेदन पर भी गौर कि भारत सरकार इस योजना के लिए पहले से ही वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है।

## भारत सर्वे फॉर ऐडटेक का दूसरा संस्करण लॉन्च

नयी दिल्ली। नई दिल्ली आधारित अग्रणी गैर-लाभ संगठन सेंट्रल स्क्वेयर फाउन्डेशन ने हाल ही में भारत सर्वे फॉर ऐडटेक के दूसरे संस्करण का लॉन्च किया, जो फाउन्डेशन द्वारा संचालित अपनी तरह का पहला बड़े पैमाने का राष्ट्रीय सर्वेक्षण है। यह सर्वेक्षण उत्तर प्रदेश में कम आय वर्ग के अभिभावकों, बच्चों एवं अध्यापकों में टीचिंग और लर्निंग के लिए टेक्नोलॉजी के उपयोग और पहुंच के बारे में जानकारी प्रदान करता है। अध्ययन के तहत 1250 परिवारों से तकरीबन 1500 लोगों और 250 शिक्षकों के साथ बातचीत की गई। सर्वेक्षण में उन परिवारों को शामिल किया गया, जहां 6-18 साल के बच्चे सरकारी, सरकार द्वारा सहायता प्राप्त और निम्न से मध्यम शुल्क वाले निजी स्कूलों में पढ़ते हैं। उन्हीं लोकेशनों के अध्यापकों के साथ भी सर्वे किया गया ताकि इस बात को बेहतर समझा जा सके कि क्लासरूम में टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किस तरह से किया जा रहा है।

## भीम पेमेंट्स ऐप के ब्रांड एंबेसडर बने एमएस धोनी

नयी दिल्ली। एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड ने आज विश्व कप विजेता और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को भीम पेमेंट्स ऐप भारत का अपना पेमेंट्स ऐप का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की। यह साझेदारी दो ऐसे नामों को एक साथ लाती है जो भरोसे, निरंतरता और विश्वसनीयता के प्रतीक हैं—ऐसे मूल्य जो पीढ़ियों और भौगोलिक सीमाओं से परे लोगों से जुड़ते हैं जैसे-जैसे भीम भारत की डिजिटल पेमेंट्स यात्रा को सक्षम करते हुए अपने एक दशक के करीब पहुंच रहा है, यह सहयोग उसके अगले विकास चरण की दिशा में एक रणनीतिक कदम है, जो स्केल, समावेशन और दीर्घकालिक यूजर विश्वास पर केंद्रित है भारत में डिजिटल भुगतान तेजी से बढ़ रहे हैं।

## पेज एक का शेष

### मुख्यमंत्री योगी

विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके बाद मुख्यमंत्री ने विंध्यवासिनी कॉरिडोर का अवलोकन किया और स्टाल का निरीक्षण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों के पास पहुंचकर उनसे संवाद किया, उनका हालचाल पूछा और पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बच्चों को मोबाइल का प्रयोग कम से कम करने की सीख दी और उन्हें चॉकलेट भी दी।

### तीर्थ यात्राओं से

श्रद्धालुओं को कैलाश मानसरोवर यात्रा पूर्ण करने पर एक-एक लाख रुपए के चेक वितरित किए। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं के साहस व आस्था की सराहना की। इस अवसर पर वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, विधायक ओ.पी. श्रीवास्तव, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति और धर्मार्थ कार्य विभाग अमृत अभिजात, उत्तर प्रदेश कैलाश मानसरोवर यात्रा समिति के अध्यक्ष के.के. सिंह एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

कैलाश मानसरोवर यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं का अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कठिनाइयों, चुनौतियों और विषम प्राकृतिक परिस्थितियों के बीच इस यात्रा को पूर्ण करना एक अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव है। भारतीय सनातन परंपरा में तीर्थ यात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने का सशक्त माध्यम रही है। पूर्वकाल में लोग अपने परिश्रम से अर्जित संसाधनों का उपयोग यात्रा व सेवा में करते थे, जिससे उन्हें पुण्य के साथ-साथ समाज को समझने की नई दृष्टि मिलती थी। भारत के धर्मस्थलों की स्थापना के पीछे भी यही भावना रही है। आदि शंकराचार्य द्वारा चारों दिशाओं में पीठों की स्थापना इस सांस्कृतिक एकता का प्रमाण है, जब अलग-अलग शासन व्यवस्थाओं के बावजूद भारत एक सांस्कृतिक राष्ट्र के रूप में स्थापित था। आज भी यह परंपरा जीवित है और आवश्यक है कि धार्मिक यात्राओं में श्रद्धा को सर्वोपरि रखते हुए उनकी पवित्रता व गरिमा को बनाए रखा जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां इन मूल्यों से प्रेरित होती रहें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए वर्ष 2017-18 में गाजियाबाद में कैलाश मानसरोवर भवन का निर्माण कराया गया, जो यात्रा का पहला पड़ाव है और जहां विदेश मंत्रालय की आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होती हैं। बदलते समय के साथ तीर्थ यात्राओं का स्वरूप भी बदला है। अब श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। वर्ष 2025 में प्रदेश में करीब 164 करोड़ श्रद्धालुओं का आगमन हुआ, जिनमें 66 करोड़ केवल प्रयागराज महाकुंभ में पहुंचे। काशी, अयोध्या और मथुरा-वृंदावन जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों पर श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या एक ओर चुनौती है तो दूसरी ओर अवसर भी। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार आवागमन, ठहरने और अन्य मूलभूत सुविधाओं को लगातार सुदृढ़ कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैलाश मानसरोवर यात्रा विदेश में होने के कारण वहां की भौगोलिक और प्रशासनिक चुनौतियां बनी रहती हैं, ऐसे में भारत सरकार और प्रदेश सरकार देश के भीतर ही बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा सकती हैं, जबकि आगे की यात्रा में अन्य देशों के सहयोग की आवश्यकता होती है। कठिन परिस्थितियों के बावजूद श्रद्धालु अपनी आस्था के बल पर भगवान शिव के दर्शन के लिए यह यात्रा पूर्ण करते हैं। सीएम योगी ने बताया कि डबल इंजन सरकार का फोकस धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाओं को आगे बढ़ाते हुए विकास व रोजगार के अवसर सृजित करना है। पिछले आठ-नौ वर्षों में अयोध्या, काशी, प्रयागराज, चित्रकूट, विंध्याचल, नैमिषारण्य और मथुरा-वृंदावन सहित कई तीर्थस्थलों पर व्यापक विकास कार्य किए गए हैं। साथ ही, यात्रियों द्वारा बताई गई मेडिकल और अन्य सुविधाओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विदेश मंत्रालय के साथ समन्वय कर गाजियाबाद में अतिरिक्त व्यवस्थाएं विकसित करने के प्रयास किए जाएंगे।

### अफगानिस्तान

बताया कि बचाव अभियान जारी रहने के दौरान मलबे के नीचे अब भी 50 से अधिक शव फंसे होने की आशंका है। हालांकि, तरार ने दावा किया कि पाकिस्तान ने काबुल और नंगरहार में अफगान तालिबान तथा फ़ितिना अल-ख्वारिज के अड्डों और आतंकवदियों के ठिकानों को सटीक रूप से निशाना बनाया। इन ठिकानों में तकनीकी उपकरण भंडारण और गोला-बारूद भंडारण शामिल थे जिनका उपयोग पाकिस्तान के निर्दोष नागरिकों के खिलाफ किया जा रहा था। सरकार द्वारा फ़ितिना अल-ख्वारिज शब्द का इस्तेमाल प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के लिए किया जाता है। तरार द्वारा सोमवार को साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, अब तक 684 अफगान तालिबान कार्यकर्ता मारे गए हैं और 912 अन्य घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि तालिबान की 252 चौकियां नष्ट कर दी गईं, जबकि 44 चौकियों पर कब्जा कर लिया गया और फिर उन्हें नष्ट कर दिया गया। उन्होंने बताया कि तालिबान शासन के 229 टैंक, बख्तरबंद वाहन और तोपें नष्ट कर दी गई हैं। पूरे अफगानिस्तान में लगभग 73 आतंकी ठिकानों और आतंकी ढांचे को हवाई हमले से प्रभावी ढंग से निशाना बनाया गया।

### भारत ने की

में अफगानिस्तान की राजधानी में स्थित एक नशामुक्ति केंद्र को निशाना बनाया गया। उन्होंने बताया कि इस हमले में कम से कम 400 लोग मारे गए और 250 अन्य घायल हुए हैं।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सोमवार रात काबुल के एक नशामुक्ति अस्पताल पर पाकिस्तान के बर्बर हवाई हमले की कड़ी निंदा करता है। इसने एक बयान में कहा यह हिंसा का एक कायरतापूर्ण और अमानवीय कृत्य है जिसमें एक ऐसे प्रतिष्ठान में बड़ी संख्या में नागरिकों की जान चली गई जिसे किसी भी तरह से सैन्य लक्ष्य के रूप में उचित नहीं ठहराया जा सकता। मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान अब नरसंहार को सैन्य अभियान का रूप देने की कोशिश कर रहा है। बयान में कहा गया, पाकिस्तान द्वारा किया गया यह जघन्य आक्रमण अफगानिस्तान की संप्रभुता पर एक खुला हमला, और क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता के लिए सीधा खतरा है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह पाकिस्तान के लापरवाही भरे रवैये और आंतरिक विफलताओं से ध्यान भटकाने के लिए सीमा पार हिंसक कृत्य के हथकंडे को दर्शाता है।

### युद्ध क्षेत्र से

ने एलपीजी उतारना शुरू कर दिया है। इस समय, नंदा देवी मुख्य जहाज से अपने छोटे जहाजों में एलपीजी स्थानांतरित कर रहा है। उन्होंने कहा कि फारस की खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पिछले 24 घंटों में भारतीय जहाजों से जुड़ी कोई भी घटना नहीं हुई है। एलपीजी लाने वाले दोनों जहाजों ने 13 मार्च को अपनी यात्रा शुरू की और 14 मार्च की सुबह होर्मुज जलडमरूमध्य को पार किया था। इसके साथ ही युद्ध क्षेत्र से सुरक्षित रूप से गुजरने वाले भारतीय झंडे वाले जहाजों की संख्या चार हो गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में खाड़ी क्षेत्र में 611 नाविकों को ले जा रहे 22 भारतीय ध्वज वाले जहाज मौजूद हैं। पोत परिवहन महानिदेशालय जहाज मालिकों, एजेंसियों और भारतीय दूतावासों के साथ मिलकर संचालन पर करीबी नजर रख रहा है। फारस की खाड़ी को खुले महासागर से जोड़ने वाला संकरा जलमार्ग, होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद प्रभावी रूप से बंद हो गया है। जब युद्ध शुरू हुआ था, तब जलडमरूमध्य के पश्चिमी हिस्से में 24 और पूर्वी हिस्से में चार जहाज सहित कुल 28 भारतीय ध्वज वाले जहाज मौजूद थे। वर्तमान में, पश्चिमी हिस्से में 22 और पूर्वी हिस्से में दो जहाज बचे हैं। पूर्वी हिस्से में मौजूद जहाजों में से, कच्चे तेल का टैंकर जग लाडकी मंगलवार को लगभग 80,800 टन मुरबान कच्चे तेल के साथ भारत पहुंचने वाला है। जहाज पर सवार सभी 22 भारतीय नाविक सुरक्षित बताए जा रहे हैं। एक अन्य टैंकर, जग प्रकाश जलडमरूमध्य को सुरक्षित रूप से पार कर चुका है और तंजानिया के रास्ते में है। यह ओमान से अफ्रीका के लिए गैसोलीन ले जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि अन्य जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए भारतीय अधिकारी क्षेत्र के सभी संबंधित पक्षों के साथ लगातार संपर्क में हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिमी हिस्से में मौजूद 22 भारतीय ध्वज वाले जहाजों में से छह एलपीजी लाने वाले जहाज हैं, एक तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) टैंकर है, चार कच्चे तेल के टैंकर हैं, एक रासायनिक उत्पादों का परिवहन कर रहा है, तीन कंटेनर जहाज हैं और दो बल्क कैरियर हैं। इसके अतिरिक्त, एक ड्रेजर है, एक खाली है और उसमें कोई माल नहीं है और तीन नियमित रखरखाव के लिए ड्राई डॉक में हैं। सिन्हा ने बताया कि पोत परिवहन मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने दो एलपीजी टैंकर के चालक दल के साथ वीडियो कॉल के जरिये बातचीत की। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य उन्हें धन्यवाद देना और उनके द्वारा दी गई उत्कृष्ट सेवा की सराहना करना था। वे सभी अपनी यूनिफॉर्म में थे और स्वस्थ और खुश दिख रहे थे। सोनोवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इस बातचीत का जिक्र भी किया है। उन्होंने कहा, भारतीय तट पर पहुंचने के बाद भारतीय ध्वज वाले एलपीजी पोत शिवालिक और नंदा देवी के बहादुर चालक दल से बातचीत की। फारस की खाड़ी और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरते हुए उनका आचरण बदलती वैश्विक परिस्थितियों के बीच सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने में सतर्कता, समन्वय और जिम्मेदारी के महत्व को रेखांकित करता है।

### अमेरिका में

भर में आतंकवादी खतरों का विश्लेषण करना और उनसे निपटने की रणनीति बनाना होती है। केंट को जुलाई में सीनेट में 52-44 वोट से इस पद के लिए मंजूरी मिली थी। इससे पहले वह राजनीति में भी सक्रिय रहे और वॉशिंगटन राज्य से कांग्रेस चुनाव भी लड़ चुके हैं।

जो केंट का लंबा सैन्य और खुफिया अनुभव रहा है। वह अमेरिकी सेना में ग्रीन बेरेट कमांडो के रूप में काम कर चुके हैं और 11 बार अलग-अलग मिशनों में तैनात रहे हैं। सेना छोड़ने के बाद उन्होंने सीआईए के साथ भी काम किया। इसके बाद वह राजनीति में आए और बाद में ट्रंप प्रशासन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली। जो केंट का इस्तीफा ऐसे समय आया है जब अमेरिका और इस्राइल की ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को लेकर वैश्विक स्तर पर बहस जारी है। विशेषज्ञों का मानना है कि आतंकवाद विरोधी एजेंसी के प्रमुख का इस तरह इस्तीफा देना ट्रंप प्रशासन के लिए राजनीतिक और कूटनीतिक दबाव बढ़ा सकता है।

### ईरान के सुरक्षा

इजराइल ने मंगलवार को दावा किया कि उसने ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड के स्वयंसेवी बल बासिज के प्रमुख गुलामरजा सुलेमानी को मार गिराया है। इस बल को ईरान में प्रदर्शनों को दबाने के लिए एक अहम बल माना जाता है।

### यूपी की हवा

700 से अधिक ईंट भट्ठों को संसाधन-कुशल प्रौद्योगिकी को अपनाने में सहायता प्रदान करेगा। साथ ही किसानों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए कुशल उर्वरक के प्रयोग को प्रेरित करेगा। यह कार्यक्रम विश्व बैंक के इंडो-गंगा मैदान और हिमालयी तलहटी क्षेत्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसकी परिपक्वता अवधि 10 वर्ष है। विश्व बैंक और उत्तर प्रदेश सरकार की यह पहल न केवल प्रदेश को वायु प्रदूषण से निपटने में मदद करेगी।




# न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

## टी20 : दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को 68 रन से हराकर पांच मैचों की शृंखला 1-1 से बराबर

एजेंसी

हैमिल्टन। सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे ने 60 रन की आकर्षक पारी खेली जबकि तेज गेंदबाज बेन सीयर्स और लॉकी फर्ग्यूसन ने तीन-तीन विकेट लिए जिससे न्यूजीलैंड ने मंगलवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को 68 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। कॉनवे की 49 गेंद की पारी में पांच चौके और दो छक्के शामिल हैं। उनके अलावा अन्य बल्लेबाजों ने भी उपयोगी योगदान दिया जिसमें जोश क्लर्कसन नाबाद 26 रन बनाकर दूसरे बड़े स्कोरर रहे।

इससे न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 175 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 15.3 ओवर में 107 रन पर आउट हो गई। उसके बल्लेबाजों को पिच की गति और उछाल से सामंजस्य बिठाने में परेशानी हुई। उनकी टाइमिंग सही नहीं थी जिसके कारण उसके सभी बल्लेबाज कैच आउट हुए। दक्षिण अफ्रीका ने अपने आखिरी छह विकेट 40 रन पर गंवाए। जॉर्ज लिंडे की तूफानी पारी के दम पर ही वह 100 रन की संख्या पार कर पाया। लिंडे ने 12 गेंदों में तीन चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 33 रन बनाए। हाल ही में टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के रिजर्व खिलाड़ी रहे सियर्स ने 14 रन देकर तीन जबकि फर्ग्यूसन ने 16 रन देकर तीन विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान केशव महाराज ने कहा, मुझे लगा कि हमने एक समय तक बहुत अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन बल्लेबाजी में हमारा प्रदर्शन खराब रहा। खेल आगे बढ़ने के साथ विकेट बल्लेबाजी के लिए मुश्किल हो गया था। तीसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच शुक्रवार को ऑकलैंड में खेला जाएगा। वहीं दूसरी ओर उनकी पत्नी के सीधे सरल सवाल ने ही उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने को प्रेरित किया और अब जबकि सूर्यकुमार यादव विश्व कप विजेता कप्तान बन चुके हैं, तो वे अपनी बेहद निश्छल पत्नी देविशा की जितनी भी प्रशंसा करें वह कम है क्योंकि उन्होंने ही उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। यह साल 2018 की बात है जब देविशा ने सूर्यकुमार से एक सरल सवाल पूछा, अगर आप भारत के लिए खेलना चाहते हैं, तो आपकी क्या योजना है?



उस बेहद सादगीपूर्ण बातचीत के आठ साल बाद सूर्यकुमार की अगुवाई में भारत ने टी20 विश्व कप में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। सूर्यकुमार ने पीटीआई वीडियो के साथ एक पॉडकास्ट साक्षात्कार के दौरान उस बातचीत को याद करते हुए कहा, हमारी शादी 2016 में हुई थी जब मैं केकेआर के लिए खेल रहा था। सब कुछ बहुत सहजता से आगे बढ़ रहा था। मैं अच्छा खेल रहा था, खेल का आनंद ले रहा था।

जब मैं 2018 में मुंबई इंडियंस में शामिल हुआ तो वह तब तक के मेरे सफर और दिनचर्या को देखती रही। मुझे लगता है कि इसके बाद हमने चीजों को थोड़ा अलग तरीके से करना शुरू कर दिया था। उन्होंने कहा, उसने (सूर्यकुमार की पत्नी) मुझसे कहा कि आपके साथ आयु वर्ग में खेलने वाले सभी खिलाड़ी अब भारत के लिए खेल रहे हैं। आपके मन में क्या है? मैंने कहा, मुझे भी भारत के लिए खेलना है। उसने पूछा, कैसे खेलोगे?। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी पत्नी के साथ उनके करियर को बदलने वाली बातचीत के बारे में कहा, वह संक्षिप्त सी बातचीत थी। वह किसी तरह की बहस नहीं बल्कि संक्षिप्त चर्चा थी। लेकिन निश्चित तौर पर यह इस बारे में चर्चा थी कि आप अपने लक्ष्य की ओर एक कदम आगे कैसे बढ़ा सकते हैं। अगर मैं भारत के लिए खेलना चाहता हूं और भारत को जीत दिलाना चाहता हूं, तो मैं यह कैसे कर सकता हूं? एक बार जब अंतिम लक्ष्य हासिल करने की दिशा में अतिरिक्त प्रयास करने का फैसला कर लिया गया तो उनकी जिंदगी में कुछ चुनौतियां भी सामने आई लेकिन सूर्यकुमार और देविशा ने एक जोड़े के रूप में उस रास्ते पर चलना शुरू कर दिया।

उन्होंने कहा, हमें कई चीजों में कटौती करनी पड़ी। इनमें खान-पान से लेकर सप्ताहांत में दोस्तों से मिलना, शनिवार-रविवार को आराम, सोमवार से शुक्रवार तक के कार्यक्रम शामिल थे। हमने इस तरह से शुरुआत की और 2018 में आईपीएल में मेरा प्रदर्शन (512 रन) बहुत अच्छा रहा तथा मैंने घरेलू क्रिकेट में भी अच्छा प्रदर्शन किया। सूर्यकुमार ने कहा, उस साल मुझे मुंबई इंडियंस की तरफ से पारी की शुरुआत करने का भी मौका मिला और मैंने रन भी बनाए। हमने 2019 और 2020 में भी यही सिलसिला जारी रखा और मैं एक अलग ही मूड में था। उसने देखा कि वह चीजों का अधिक आनंद लेने लगा है। मेरे लिए 2020 (आईपीएल में फिनिशर के तौर पर 480 रन) और भी बेहतर रहा और फिर 2021 में मुझे भारतीय टीम में चुना गया। बेहद मिलनसार कप्तान ने कहा कि देविशा पर्दे के पीछे रहकर उनकी ताकत बनी रहीं। उन्होंने कहा उसने सच्ची बातें बताकर नेपथ्य में रहते हुए मुझ पर बहुत प्रभाव डाला है। अगर वह आपकी अर्धांगिनी है तो वह हमेशा आपके प्रति ईमानदार रहेगी क्योंकि वह सिर्फ आपकी तरक्की चाहती हैं। अगर आप साथ मिलकर आगे बढ़ना चाहते हैं।

# टी20 विश्व कप : 2026 में गरम खून ने किया कमाल

नयी दिल्ली। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टी20 विश्व कप की दो चैंपियन टीमों की तुलना करते हुए कहा कि 2024 की टीम के खिलाड़ियों में आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ट्रॉफी के लंबे समय से चले आ रहे सूखे को खत्म करने के लिए अनुभवी जोश था, जबकि इस साल साल खिताब का बचाव करने वाली टीम के पास युवाओं का जोशीला जुनून था। सूर्यकुमार ने विस्तृत पॉडकास्ट साक्षात्कार में ट्रॉफी जीतने वाली दोनों टीमों के बीच मामूली अंतर पर बात की। वह 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में खेले थे। उस टीम में विराट कोहली और रविंद्र जडेजा जैसे दिग्गज खिलाड़ी भी शामिल थे। बारबाडोस में मिली जीत के बाद इन तीनों दिग्गज खिलाड़ियों ने खेल के सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास ले लिया था। इसके बाद टीम की कमान निर्भीक सूर्यकुमार ने संभाली, जिन्होंने टी20 में भारत के खेल को अगले स्तर पर पहुंचाया। सूर्यकुमार ने दोनों टीमों की तुलना करते हुए कहा, दोनों टीमों में बस उन्नीस बीस का फर्क था। वो एक्सपीरियंस (अनुभव) वाला जोश था, इधर एकदम खून गरम था लड़कों का। भारत 2026 में अपने घरेलू मैदान पर खेले गए टूर्नामेंट में खिताब का प्रबल दावेदार था, लेकिन 2024 की टीम के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता, जिसे आईसीसी खिताब हासिल करने की राह में मानसिक चुनौतियों का भी सामना करना पड़ा। सूर्यकुमार से जब पूछा गया कि 2026 की टीम 2024 की टीम से थोड़ा बेहतर थी, उन्होंने कहा, 2024 में हमारे पास काफी अनुभव था। उस समय टीम के पास अनुभव था और कई अच्छे खिलाड़ी थे। उन्होंने कहा, अब भी हमारे पास अच्छे खिलाड़ी हैं, लेकिन उस समय हमारी टीम के पास काफी अनुभव था और प्रत्येक खिलाड़ी अपनी भूमिका के लिए पूरी तरह से तैयार था। सूर्यकुमार की अगुवाई वाली टीम को घरेलू धरती पर खेलने से जुड़ी अपेक्षाओं से भी निपटना पड़ा। उन्होंने कहा, जहां तक इस साल की बात है तो मैं कह सकता हूं कि हमारे पास अनुभव कम था लेकिन उत्साह अधिक था। अधिकतर खिलाड़ी 25 से 27 साल के हैं। उन्हें यह समझाना जरूरी था कि भारत में विश्व कप जीतने का अनुभव कैसा होता है, वह भी तब जबकि स्टेडियम में 50,000 लोग, एक लाख लोग आपका हौसला बढ़ा रहे होते हैं। भारतीय कप्तान ने कहा, उस समय कैसा महसूस होगा, खिलाड़ियों को यह बताना जरूरी था। अन्यथा मेरे विचार से अगर टीमों के कौशल को देखें तो टी20 प्रारूप में मामूली अंतर ही होता है। लेकिन मुझे लगता है कि इस बार खिलाड़ियों में अधिक जोश था। 2026 में टीम की कप्तानी करने और 2024 की टीम के प्रमुख सदस्य होने के कारण सूर्यकुमार ने अपनी भावनाओं को कैसे नियंत्रित किया? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भावनाएं लगभग एक जैसी थी। वहां भी हम भारत के लिए खेल रहे थे और विश्व कप जीतना चाहते थे। 2026 में भी लक्ष्य वही था, लेकिन 2026 में भावना थोड़ी अधिक प्रबल थी क्योंकि हम अपनी धरती पर खेल रहे थे। सूर्यकुमार ने कहा, हम भारत में विश्व कप जीतना चाहते थे और हम इसे अहमदाबाद के उसी स्टेडियम में जीतना चाहते थे। ऐसा करना हमारे लिए अधिक महत्वपूर्ण था। वहीं दूसरी ओर भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बताया कि हाल ही में हुए विश्व कप फाइनल के दौरान अर्शदीप सिंह के थ्रो पर डेरिल

○ टी20 विश्व कप 2024 में अनुभवी जोश कारगर साबित हुआ

मिचेल को गेंद लगने की घटना के बाद उन्होंने व्यक्तिगत तौर पर उनसे माफी मांगी थी क्योंकि वह कप्तान के तौर पर मैदान पर सही उदाहरण पेश करना चाहते थे। फाइनल मुकाबले में भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप का थ्रो मिचेल के पैड पर लग गया था। इस घटना पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अर्शदीप पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया और एक डिमेरिट अंक भी दिया। इस घटना के तुरंत बाद अर्शदीप ने माफी नहीं मांगी, जिस पर मिचेल ने आपत्ति जताई। स्थिति को संभालने के लिए सूर्यकुमार और मैदान पर मौजूद अंपायरों को बीच-बचाव करना पड़ा। मैच के आखिर में अर्शदीप ने हालांकि सार्वजनिक रूप से माफी मांगी और दोनों खिलाड़ियों ने हाथ मिलाकर मामले को खत्म किया। भारत ने यह मुकाबला 96 रन से जीतकर खिताब बरकरार रखा। सूर्यकुमार ने पीटीआई वीडियो के साथ एक पॉडकास्ट में इस घटना को ज्यादा तवज्जो देने से बचते हुए कहा, मैच के दौरान कभी-कभी ऐसा हो जाता है। उस समय पूरी तरह समझ नहीं आता कि क्या हो रहा है। लेकिन बाद में मैंने पाजी (अर्शदीप) से कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए। फिर उन्होंने मिचेल से बात की और चीजें ठीक हो गयी। उन्होंने कहा कि एक कप्तान के तौर पर जिम्मेदारी निभाना जरूरी है। सूर्यकुमार ने कहा, मेरे लिए यह बहुत जरूरी था कि मैं खुद जाकर डेरिल मिचेल से बात करूं। मैदान पर आप क्या उदाहरण पेश करते हैं, यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इसलिए मैंने उनसे कहा कि अगर अर्शदीप ने जानबूझकर ऐसा किया तो मुझे माफ करें, और अगर जानबूझकर नहीं किया, तब भी मुझे माफ करें। अर्शदीप ने मैच के बाद आधिकारिक प्रसारक से बातचीत में इस मामले पर माफी मांगते हुए कहा मैं मिचेल से माफी मांगना चाहता हूं। मेरा थ्रो रिवर्स स्विंग होकर उन्हें लगा।





## संक्षेप

### पीएसपीबी, आरबीआई को महिला वर्ग का खिताब

इंदौर। पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड (पीएसपीबी) की पुरुष टीम ने अपना दबदबा बरकरार रखते हुए मंगलवार को यहां सीनियर राष्ट्रीय टेबलटेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीता जबकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दो साल बाद महिलाओं के वर्ग का खिताब अपने नाम किया। पीएसपीबी ने पुरुष वर्ग के फाइनल में पश्चिम बंगाल को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराया। पायस जैन ने अंकुर भट्टाचार्य को चार गेम में 12-10, 11-4, 1-11, 11-9 से हराकर पीएसपीबी को सकारात्मक शुरुआत दिलाई। भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी मानव ठक्कर ने इसके बाद अंकित सेन चौधरी को सीधे गेम में 15-13, 11-5, 11-5 से हराया जबकि हरमीत देसाई ने बोधिसत्व चौधरी पांच गेम तक चले कड़े मुकाबले में 11-4, 11-2, 9-11, 6-11, 11-8 से हराकर पीएसपीबी की 3-0 से जीत सुनिश्चित की। महिला के फाइनल में बड़ा मुकाबला देखने को मिला और आरबीआई की टीम ने उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में पीएसपीबी को 3-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

### फ्लीटवुड डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप में खिताब का बचाव करेंगे

नयी दिल्ली। विश्व रैंकिग में तीसरे पायदान पर काबिज टॉमी फ्लीटवुड 15 से 18 अक्टूबर तक दिल्ली गोल्फ क्लब में आयोजित होने वाली डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप में अपने खिताब का बचाव करने के लिए वापसी करेंगे। पिछले साल इस आयोजन के शुरुआती सत्र में विश्व स्तरीय खिलाड़ियों को पछाड़कर फ्लीटवुड ने डीपी वर्ल्ड टूर पर अपना आठवां खिताब जीता था। वह अब एक बार फिर 40,00,000 डॉलर पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। फ्लीटवुड ने एक विज्ञप्ति में कहा, पिछले सत्र में डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप में मेरा सप्ताह अविश्वसनीय रहा। उन्होंने कहा, भारत में रहने के कई फायदे हैं, लोगों की गर्मजोशी, शहर का माहौल, खाना और इतने चुनौतीपूर्ण और रणनीतिक कोर्स पर खेलने का अनुभव। फ्लीटवुड ने कहा, वह जीत मेरे लिए इस लिए भी खास थी क्योंकि मेरी जीत का जश्न मनाने के लिए मेरा परिवार वहां मौजूद था। उन्होंने कहा, टूर्नामेंट के शुरुआती सत्र में इतने शानदार खिलाड़ियों के बीच खेलना मेरे लिए खुशी की बात थी और मैं अक्टूबर (2026) में भी ऐसा ही करने के लिए उत्सुक हूं।

## स्क्वाश खिलाड़ियो की नजरें लॉस एंजिलिस खेलों पर : अनाहत

मुंबई। भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह को उम्मीद है कि अगले दो वर्षों में हर खिलाड़ी का ध्यान मुख्य रूप से लॉस एंजिलिस 2028 खेलों पर होगा क्योंकि इन खेलों के दौरान स्क्वाश ओलंपिक में पदार्पण करेगा। अनाहत ने मंगलवार को यहां कहा कि ओलंपिक में पदक जीतना हर खिलाड़ी का सपना होता है। जेएसडब्ल्यू इंडियन ओपन की टूर्नामेंट से पहले हुई प्रेस कांफ्रेंस के दौरान अनाहत ने कहा, बेशक यह बहुत रोमांचक है। यह पहली बार है जब यह ओलंपिक का हिस्सा बन रहा है और सभी खिलाड़ी इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कहा, इससे पहले कोई भी खिलाड़ी अधिक से अधिक राष्ट्रमंडल खेलों में खेल सकता था लेकिन अब ओलंपिक भी है और बेशक, हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वह ओलंपिक में जाए।

# मीनाक्षी ने अंतिम पंघाल को हराया

एजेंसी

नयी दिल्ली। मीनाक्षी गोयत नें आत्म-संदेहै पर काबू पाकर बड़ा उलटफेर करते हुए अंतिम पंघाल को हराकर अगले महीने होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय महिला टीम में जगह बना ली। दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंतिम को घरेलू मैदान पर यह दुर्लभ हार झेलनी पड़ी।



ट्रायल में इससे पहले तीन बार अंतिम से हार चुकी मीनाक्षी ने इस बार मजबूत रक्षात्मक खेल का शानदार प्रदर्शन किया और 6-2 की बढ़त लेने के बाद विन बाय फॉल से जीत दर्ज की। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता अंतिम, दिग्गज विनेश फोगाट के 53 किग्रा वर्ग छोड़ने के बाद इस वर्ग में दबदबा बनाए हुए थीं। मुकाबले के दौरान मीनाक्षी ने कई बार अंतिम के सिर पर मजबूत पकड़ बनाई और उन्हें आक्रामक खेल का प्रदर्शन नहीं करने दिया। शुरुआत में अंतिम ने

○ एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह बनायी

मीनाक्षी के दोनों पैरों को जकड़ने की कोशिश की, लेकिन उनकी यह चाल नाकाम हो गई। मीनाक्षी ने मुकाबले की शुरुआत में अंतिम को मैट पर पटककर बढ़त बनाई, जबकि अंतिम ने एक अंक लेकर जवाब दिया। 21 वर्षीय अंतिम ने इसका जवाब एक पैर पर पकड़ बनाकर देने की कोशिश की, लेकिन मीनाक्षी का डिफेंस मजबूत रहा। पुश-आउट से अंतिम ने स्कोर 2-2 कर लिया। दूसरे पीरियड में मीनाक्षी ने लगातार टेकडाउन करते हुए स्कोर 6-2 कर लिया। मुकाबले के आखिरी नौ सेकंड में उन्होंने मजबूत पकड़ के साथ अंतिम को मैट पर गिराकर तीन बार की एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता को चौंका दिया। अंतिम हार के बाद कुछ समय तक अविश्वास में मैट पर ही पड़ी रहीं, जबकि मीनाक्षी मुस्कुराते हुए उनके पास गईं और हाथ बढ़ाया।

# मंधाना महिला वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर

एजेंसी

दुबई। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर आईसीसी महिला एकदिवसीय रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ सातवें पायदान पर पहुंच गई हैं, जबकि उपकप्तान स्मृति मंधाना शीर्ष स्थान पर कायम हैं। रैंकिंग में यह बदलाव न्यूजीलैंड की दिग्गज खिलाड़ी सोफी डिवाइन के दो स्थान फिसलकर नौवें नंबर पर आने के बाद हुआ। भारत की जेमिमा रोड्रिग्स 12वें स्थान पर बरकरार हैं। न्यूजीलैंड की बल्लेबाज मैडी ग्रीन ने जिम्बाब्वे के खिलाफ आईसीसी महिला चैंपियनशिप सीरीज के अंतिम मैच में 94 रनों की शानदार पारी खेलकर रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। 33 वर्षीय ग्रीन की डुनेडीन में खेली गई 73 गेंदों की पारी की बदौलत उनकी टीम ने 200 रन से जीत दर्ज करते हुए श्रृंखला में 3-0 से सूपड़ा साफ किया। इस प्रदर्शन से वह पांच स्थान ऊपर चढ़कर 610 रेटिंग अंकों के साथ 17वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है।



○ हरमनप्रीत सातवें स्थान पर पहुंची

न्यूजीलैंड की हरफनमौला अमेलिया केर ने आखिरी वनडे में शानदार प्रदर्शन करते हुए 80 रन बनाने के साथ 22 रन देकर पांच विकेट झटके और प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार अपने नाम किया। इस बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया। इस प्रदर्शन से केर 21वें स्थान से संयुक्त 19वें स्थान पर पहुंच गई हैं और बल्लेबाजी तथा गेंदबाजी दोनों में 600 से अधिक रेटिंग अंक हासिल किए हैं।

बल्लेबाजी रैंकिंग में न्यूजीलैंड की इसाबेल गेज भी तीन स्थान की छलांग लगाकर 61वें स्थान पर पहुंच गई हैं। वहीं, तेज गेंदबाज रोजमेरी मेयर सात स्थान ऊपर चढ़कर 58वें और ब्री इलिंग पांच स्थान की बढ़त के साथ 79वें स्थान पर पहुंच गई हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में कप्तान अमेलिया केर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ माउंट माउंगानुई में खेले गए पहले मुकाबले में 44 गेंदों पर 78 रन की पारी खेलकर करियर के सर्वश्रेष्ठ 694 रेटिंग अंक हासिल किए हैं। वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में आठवें स्थान पर बरकरार हैं। जॉर्जिया प्लिमर ने 63 रन की पारी खेलकर अपनी रैंकिंग में सुधार किया है और वह 50वें से 41वें स्थान पर पहुंच गई हैं। टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में जेस केर ने 13 रन देकर दो विकेट लेने के प्रदर्शन के दम पर 11 स्थान की छलांग लगाकर 23वां स्थान हासिल किया है। वहीं, सोफी डिवाइन ने करियर के सर्वश्रेष्ठ 12 रन देकर चार विकेट झटके, जिससे वह 104वें स्थान से 79वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

## फुटबॉल : ऑस्ट्रेलिया महिला एशियाई कप के फाइनल में

पर्थ। सैम केर के दूसरे हाफ में दागे गोल की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को यहां गत चैंपियन चीन को 2-1 से हराकर महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। मध्यांतर तक मुकाबला 1-1 से बराबर था जिसके बाद चेल्सी की अनुभवी फारवर्ड केर ने 58वें मिनट में बाएं पैर से शॉट लगाकर गोल दागकर स्कोर 2-1 किया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। इससे पहले केटलिन फूर्ड ने 17वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिलाई थी जबकि चीन ने 26वें मिनट में पेनल्टी पर दागे झांग लिनयेन के गोल से बराबरी हासिल की।

# कुलदीप यादव का लखनऊ में ग्रैंड रिसेप्शन

एजेंसी

**लखनऊ** । भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव का लखनऊ में रिसेप्शन शुरू हो गया है। कुलदीप अपनी दुल्हन वंशिका के साथ रोल्स-रॉयस विंटेज कार में सवार होकर होटल द सेंट्रम पहुंचे हैं। 1960 मॉडल की यह कार दिल्ली से मंगवाई गई है। दूल्हा-दुल्हन ट्रेडिशनल लुक में नजर आए।

कुलदीप ने ब्लैक कलर का बंद गला सूट तो वंशिका ने क्रीम कलर की साड़ी पहनी है। इसमें लाल रंग के स्टोन की कढ़ाई है। टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने सबसे पहले स्टेज पर पहुंचकर कुलदीप- वंशिका को आशीर्वाद दिया। कुलदीप ने गौतम गंभीर के पैर छुए। यूपी के उट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी रिसेप्शन में पहुंचे हैं। कुलदीप ने योगी के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया, जबकि वंशिका ने हाथ जोड़कर नमस्ते किया। कुलदीप ने 14 मार्च को बचपन की दोस्त वंशिका सिंह के साथ शादी की थी।



## केकेअर को बड़ा झटका : आईपीएल के अधिकतर मैचों से बाहर रहेंगे हर्षित राणा

एजेंसी

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के तेज गेंदबाज हर्षित राणा पिछले महीने हुई घुटने की सर्जरी से उबर रहे हैं और वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अधिकतर मैचों से बाहर रह सकते हैं।

ईएसपीएनक्रिकइंफो की एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी तक उनकी वापसी के लिए कोई समयसीमा तय नहीं की है। राणा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के टी20 विश्व कप के अभ्यास मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। वह अभी रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं और बीसीसीआई की चिकित्सा टीम ने उनकी वापसी के लिए कोई निश्चित तारीख तय नहीं की है। उस अभ्यास मैच में एक ओवर फेंकने के बाद राणा को चोट लग गई थी।

उन्हें इसके लिए सर्जरी करानी पड़ी जिससे वह टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाए थे। उनकी जगह मोहम्मद सिराज को टीम में शामिल किया गया, जिन्होंने इस टूर्नामेंट का केवल एक मैच (अमेरिका के खिलाफ) खेला था। राणा ने रविवार को बीसीसीआई नमन पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ उदीयमान अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया था।

# बच्चों को पौष्टिक भोजन व शिक्षा मिलना जरूरी

## बच्चों के लिए एक सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य केवल सरकार की नहीं बल्कि सभी की साझा जिम्मेदारी है



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को कहा कि बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं और यह आवश्यक है कि उन्हें पौष्टिक भोजन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आसानी से उपलब्ध हो।

मुर्मु ने कहा कि बच्चों के लिए एक सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य केवल सरकार की नहीं बल्कि सभी की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जब शिक्षक, माता-पिता, सामाजिक संगठन, कॉर्पोरेट जगत और समाज के सभी वर्ग मिलकर काम करते हैं, तभी हम आने वाली पीढ़ी के लिए एक मजबूत नींव रख सकते हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पौष्टिक भोजन, अच्छा स्वास्थ्य और स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिले। ये मूलभूत तत्व बच्चों के सर्वांगीण विकास को संभव बनाते हैं। मुर्मु यहां राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा भोजन के पांच अरब पैकेट वितरण के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि यह अक्षय पात्र फाउंडेशन की एक सराहनीय उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का विषय एक समृद्ध और शिक्षित भारत से एक विकसित भारत की ओर है, जो वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के हमारे राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने के महत्व को रेखांकित करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह आवश्यक है कि बच्चों को पौष्टिक भोजन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आसानी से उपलब्ध हो, जो राष्ट्र का भविष्य हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा वह साधन है जो किसी व्यक्ति के जीवन में उपलब्ध अवसरों को निर्धारित करती है और उनकी सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि यह परिवर्तन और सशक्तिकरण का एक प्रभावी माध्यम है। सशक्तिकरण और दक्षता निर्माण की प्रक्रिया बच्चों के स्कूल जाना शुरू करने के क्षण से ही आकार लेना शुरू कर देती है। स्कूल बच्चों को रोजमर्रा की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने और जिम्मेदार, कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनने के लिए आवश्यक कौशल और अनुभव प्रदान करता है। उन्होंने अक्षय पात्र फाउंडेशन की सराहना करते हुए कहा कि फाउंडेशन पिछले 25 वर्षों से स्कूलों में मध्याह्न भोजन पहुंचाकर बच्चों में कुपोषण की समस्या का समाधान करने के लिए लगातार काम कर रहा है। मुर्मु ने कहा कि सरकार ने गर्भवती माताओं और बच्चों को पर्याप्त पोषण और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण पहल शुरू की हैं।

# उत्तर पूर्वी नाइजीरिया में बम विस्फोट में 23 लोगों की मौत, 100 से अधिक घायल



मैदुगुरी (नाइजीरिया)। उत्तर पूर्वी नाइजीरिया के मैदुगुरी शहर को निशाना बनाकर सोमवार रात किए गए संदिग्ध आत्मघाती बम विस्फोट में कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हो गए।

पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह संघर्ष ग्रस्त मैदुगुरी में हाल के वर्षों में सबसे भीषण हमलों में से एक है। इससे पूर्व स्थानीय निवासियों एवं आपात सेवाओं ने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को बताया कि बोर्नो राज्य की राजधानी मैदुगुरी में मैदुगुरी विश्वविद्यालय शिक्षण अस्पताल के प्रवेश द्वार पर और एक प्रमुख बाजार सहित भीड़ भाड़ वाले तीन स्थानों पर विस्फोट की सूचना मिली। बोर्नो पुलिस के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा इनके आत्मघाती विस्फोट होने का संदेह है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से 23 लोगों की जान चली गई जबकि 108 अन्य घायल हो गए। इन हमलों की जिम्मेदारी किसी भी समूह ने नहीं ली है लेकिन संदेह है कि बोको हराम जिहादी समूह ने इन हमलों को अंजाम दिया है जिसने 2009 में शरिया लागू करने के लिए उत्तर पूर्वी नाइजीरिया में विद्रोह शुरू किया था।

## संक्षेप

### उत्तम नगर मामले में एमसीडी का दिल्ली उच्च न्यायालय को आश्वासन

नयी दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि वह होली के दिन उत्तम नगर में हुई झड़प के दौरान 26 वर्षीय व्यक्ति की मौत के मामले में कथित रूप से शामिल व्यक्तियों के घरों में अनधिकृत निर्माण को उचित नोटिस दिए बगैर नहीं ढहाएगा। एमसीडी ने एक आरोपी इमरान की मां जरीना और शहनाज नामक महिला की याचिकाओं पर न्यायमूर्ति अमित बंसल के समक्ष एक बयान दिया। इन याचिकाओं में दोनों महिलाओं ने अपने-अपने घर ढहाए जाने की आशंका जताई है। शहनाज के बेटे से पुलिस ने इस मामले में पूछताछ की है। अदालत ने कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ता संजय पोद्दार ने कहा है कि एमसीडी याचिकाकर्ताओं को नोटिस दिए बगैर कार्रवाई नहीं करेगी। उन्होंने यह भी कहा है कि कोई भी कार्रवाई उच्चतम न्यायालय के (तोड़फोड़) संबंधी दिशा-निर्देशों के तहत की जाएगी। याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि उन्हें आशंका है कि एमसीडी कानून का पालन किए बगैर उनके घरों को ध्वस्त कर देगी। एमसीडी के वरिष्ठ वकील पोद्दार ने कहा कि उनका बयान केवल मामले में उल्लेखित घरों के लिए है।

# ईरान, लेबनान और अन्य पश्चिम एशियाई देशों को मानवीय सहायता प्रदान करेगा चीन

बीजिंग। चीन ने मंगलवार को कहा कि वह ईरान, लेबनान और क्षेत्र में जारी संघर्ष से बुरी तरह प्रभावित दो अन्य पश्चिम एशियाई देशों को आपातकालीन मानवीय सहायता प्रदान करेगा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने प्रेसवार्ता में बताया कि बीजिंग ने स्थानीय लोगों द्वारा सामना की जा रही दिक्कतों को कम करने की उम्मीद में ईरान, जॉर्डन, लेबनान और इराक को आपातकालीन मानवीय सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया है। लिन ने कहा कि मौजूदा समय में जारी पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण ईरान और अन्य क्षेत्रीय देशों के लोगों को संकट का सामना करना पड़ा है। चीन संबंधित देशों के लोगों के प्रति गहरी सहानुभूति व्यक्त करता है।

वह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या चीन संबंधित देशों को मानवीय सहायता प्रदान करने पर विचार कर रहा है, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने हाल ही में कहा था कि पश्चिम एशिया में संकट एक बड़ा मानवीय आपातकाल बन गया है, और इन क्षेत्रों में पहले से ही लगभग 2.5 करोड़ लोग प्रभावित हैं।

# केसी त्यागी ने जदयू से नाता तोड़ा, कहा भविष्य को लेकर जल्द फैसला करेंगे

नयी दिल्ली। बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ नेता के.सी. त्यागी ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने पार्टी छोड़ दी है और अपने भविष्य के कदम को लेकर जल्द फैसला करेंगे।

त्यागी समता पार्टी और जनता दल के विलय से अक्टूबर 2003 में अस्तित्व में आई पार्टी जदयू से जुड़े हुए थे। उन्होंने जदयू में मुख्य महासचिव, मुख्य प्रवक्ता और राजनीतिक सलाहकार सहित विभिन्न पदों पर कार्य किया था। त्यागी (75) ने एक सवाल पर बताया, हां, मैंने पार्टी छोड़ दी है। पूर्व राज्यसभा सदस्य ने एक बयान में कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान समाप्त हो गया है। इस बार मैंने पार्टी की सदस्यता का नवीनीकरण नहीं कराया है। उन्होंने हालांकि रेखांकित किया कि समाज के वंचित वर्गों सहित दलितों, किसानों और कृषि श्रमिकों के हितों से संबंधित व्यापक वैचारिक मुद्दों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पहले की तरह ही दृढ़ है। त्यागी ने कहा कि लगभग आधी सदी तक मेरे साथी रहे नीतीश कुमार के प्रति मेरा व्यक्तिगत सम्मान अब भी अपरिवर्तित है। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक लोगों से परामर्श करने के बाद जल्द ही भविष्य को लेकर फैसला किया जाएगा। त्यागी ने कहा कि मेरे कुछ राजनीतिक मित्र, समर्थक और कार्यकर्ता 22 मार्च 2026 को मावलंकर हॉल, रफी मार्ग में देश की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा करने के लिए समान विचारधारा वाले व्यक्तियों की एक बैठक का आयोजन कर रहे हैं। अनुभवी समाजवादी नेता ने कहा, हम भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी, डॉ. राम मनोहर लोहिया जी और भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर जी के विचारों और आदर्शों से प्रेरणा लेते रहेंगे।

# मोतिहारी में मुठभेड़ में एसटीएफ जवान और दो गैंगस्टर की मौत, पांच गिरफ्तार



मोतिहारी। बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में मंगलवार को एक मुठभेड़ में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के एक कर्मी की मौत हो गयी और दो गैंगस्टर भी मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह मुठभेड़ मंगलवार तड़के जिले के चकिया इलाके में हुई। मुठभेड़ में जान गंवाने वाले एसटीएफ जवान की पहचान श्रीराम यादव के रूप में की गई है। मुठभेड़ में मारे गए दो अपराधियों की पहचान कुंदन ठाकुर और उसके सहयोगी प्रियांशु कुमार के रूप में हुई है।

ठाकुर शस्त्र अधिनियम के कई मामलों में वांछित था। जिला पुलिस द्वारा मंगलवार को जारी बयान में कहा गया, एक गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ और जिला पुलिस की टीम मंगलवार तड़के चकिया इलाके के एक स्थान पर पहुंची, जहां कुंदन ठाकुर और उसके सहयोगी छिपे हुए थे। पुलिस टीम को देखते ही ठाकुर और उसके साथियों ने भागने की कोशिश की और पुलिस पर गोलियां भी चलायीं। इस दौरान एसटीएफ जवान श्रीराम यादव को गोली लग गई और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बयान में कहा गया है कि सुरक्षाबलों की जवाबी कार्वाई में कुंदन ठाकुर और प्रियांशु कुमार को गोली लगी और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि उनके दो अन्य साथियों उज्ज्वल कुमार तिवारी और संत कुमार तिवारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उनके पास से एक कार्बाइन, दो पिस्तौल, दो देसी कट्टे, एक रिवॉल्वर और पांच कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपियों ने हाल ही में चकिया थाने के अधिकारियों को गंभीर परिणाम भुगतने की फोन पर धमकी दी थी। यह फोन कथित तौर पर नेपाल के एक नंबर से किया गया था। इस बीच, एक अन्य घटना में पटना जिले के पंडारक इलाके में पुलिस ने संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार अपराधियों की पहचान धीरज कुमार, विपिन कुमार, सुदल यादव, संजीव कुमार और संधीर कुमार के रूप में हुई है।

# नीतीश ने किया 171 करोड़ की 88 योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास, विपक्ष पर साधा निशाना

भागलपुर। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को अपनी समृद्धि यात्रा के दौरान भागलपुर जिले के जगदीशपुर स्थित बैजानी पंचायत में 171 करोड़ रुपये की लागत से 88 विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

कुमार ने इस दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और विपक्ष पर तीखा हमला बोला। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी एक बयान के अनुसार कुमार ने भागलपुर-बौंसी रेल लाइन पर निर्माणाधीन रेल ओवरब्रिज का निरीक्षण किया और अधिकारियों से परियोजना की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए इसे शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कुमार ने जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 2005 से पहले राज्य में जंगलराज की स्थिति थी। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि उस समय लोग शाम के बाद घर से निकलने में डरते थे और महिलाएं असुरक्षित महसूस करती थीं, जबकि कानून-व्यवस्था की स्थिति भी अत्यंत खराब थी। कुमार ने दावा किया कि उनकी सरकार ने राज्य में सांप्रदायिक सद्भाव स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराई गई और बाद में मंदिरों की भी चहारदीवारी कराई गई, जिससे भूमि विवाद समाप्त हुए और प्रदेश में शांति कायम हुई।

# शुभेंदु के करीबी रहे पवित्र कर फिर तृणमूल में शामिल, नंदीग्राम से चुनाव लड़ने की अटकलें

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के करीबी माने जाने वाले भाजपा के पूर्व पंचायत प्रमुख पवित्र कर मंगलवार को फिर से तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए। इसके बाद से पवित्र कर को आगामी विधानसभा चुनाव में नंदीग्राम सीट से अधिकारी के खिलाफ उतारे जाने को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं

पूर्वी मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम-2 प्रखंड की बॉयल-। ग्राम पंचायत के पूर्व प्रमुख कर ने तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की मौजूदगी में पार्टी का दामन थामा। तृणमूल ने सोशल मीडिया पोस्ट कर कहा कि कर भाजपा के जनविरोधी रुख से असंतुष्ट थे। कर ने नवंबर 2020 में तृणमूल छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया था और बॉयल-। क्षेत्र में पार्टी के संगठन को मजबूत करने में भूमिका निभाई। उन्हें 2021 के विधानसभा चुनाव में इस क्षेत्र में भाजपा को बढ़त दिलाने में अहम माना जाता है। वर्ष 2021 के चुनाव में शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को नंदीग्राम सीट पर करीब 1,900 वोटों के मामूली अंतर से हराया था।

## इंटरटेनमेंट...

# ऋतिक रोशन और प्राइम वीडियो की नयी फिल्म का ऐलान



**मुंबई**। ऋतिक रोशन के प्रोडक्शन हाउस 'एचआरएक्स फिल्म्स' और ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो ने नई कॉमेडी फिल्म 'मेस' बनाने का ऐलान किया है। इस फिल्म का निर्देशन 'लूटकेस' और 'क्रू' जैसी फिल्में बना चुके राजेश ए. कृष्णन करेंगे। यह फिल्म एक ऐसी रात की कहानी है जहां चोर एक सनकी आदमी के घर में फंस जाते हैं। इसमें चोरों का एक गैंग एक ऐसे आदमी के घर में चोरी करने के इरादे से घुसता है जिसे ओसीडी

> कॉमेडी फिल्म मेस में चोरों और सनकी मकान मालिक की कहानी, राजेश कृष्णन करेंगे डायरेक्ट

(ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर) है। यानी वह सफाई और चीजों को व्यवस्थित रखने के मामले में काफी सनकी है। घर में घुसने के बाद चोरों के लिए वहां से जिंदा और सुरक्षित निकलना ही सबसे बड़ी चुनौती बन जाता है।

इस फिल्म को ऋतिक रोशन और उनके भाई ईशान रोशन अपने बैनर 'त्रफ फिल्म्स' के तहत प्रोड्यूस कर रहे हैं। त्रफ फिल्म्स और प्राइम वीडियो के बीच यह दूसरा बड़ा प्रोजेक्ट है। इससे पहले दोनों ने मिलकर थ्रिलर सीरीज 'स्टॉर्म' का ऐलान किया था। फिल्म की स्क्रिप्ट को राजेश कृष्णन और कपिल सावंत ने अमेरिकी लेखक पॉल सोटर की एक ओरिजिनल कहानी के आधार पर तैयार किया है। ऋतिक रोशन ने इस पार्टनरशिप पर खुशी जताते हुए कहा, प्राइम वीडियो के साथ हमारी साझेदारी हमें साहसी और नई तरह की कहानियां कहने का मौका दे रही है। राजेश कृष्णन कॉमेडी के साथ बेहतरीन नैरेटिव बुनने की काबिलियत रखते हैं। 'मेस' के लिए उनका विजन शुरूआत से ही असाधारण रहा है।

वहीं प्राइम वीडियो इंडिया के हेड निखिल मधोक ने कहा कि फिल्म की कहानी और इसके मजेदार किरदार दर्शकों को अंत तक बांधे रखेंगे। राजेश ए. कृष्णन को फिल्म इंडस्ट्री में उनके अलग और कॉमिक स्टाइल के लिए जाना जाता है। उन्होंने साल 2019 में 'लूटकेस' फिल्म से बतौर डायरेक्टर बॉलीवुड में कदम रखा था। हाल ही में आई उनकी फिल्म 'क्रू' ने भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था। वे मशहूर वेब सीरीज 'ट्रिपलिंग' के पहले सीजन को भी डायरेक्ट कर चुके हैं। राजेश ने बताया कि 'मेस' की दुनिया कॉमेडी और अफरा-तफरी का एक अनोखा मेल है।

# 'सरके चुनर' गाना यूट्यूब से हटाया गया

**मुंबई**। अपकमिंग फिल्म 'केडीः द डेविल' का नया गाना 'सरके चुनर तेरी सरके' रिलीज होते ही विवाद में फंस गया है। आम लोगों के विरोध और कानूनी शिकायतों के बाद यूट्यूब से हटा दिया गया है। संजय दत्त और नोरा फतेही पर फिल्माए गए इस गाने पर अश्लीलता फैलाने का आरोप है। अश्लील लिरिक्स और विजुअल्स को लेकर सोशल मीडिया पर भी गाने का भारी विरोध किया जा रहा है। वहीं ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन ने सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन के चेयरमैन प्रसून जोशी को आधिकारिक पत्र लिखकर गाने के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया है। जैसे ही यह गाना स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुआ, यूजर्स ने इसके बोल और विजुअल्स को 'फूहड़' और 'डबल मीनिंग' बताया।

# श्रीदेवी प्रॉपर्टी विवाद में बोनी कपूर हाईकोर्ट पहुंचे

**मुंबई**। दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की संपत्ति को लेकर कानूनी विवाद एक बार फिर सुर्खियों में है। फिल्म प्रोड्यूसर बोनी कपूर और उनकी बेटियां जान्हवी कपूर व खुशी कपूर ने इस मामले में मद्रास हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। लाईव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक यह पूरा मामला चेन्नई के ईस्ट कोस्ट रोड स्थित श्रीदेवी की एक प्रॉपर्टी से जुड़ा है। इस संपत्ति को लेकर एक व्यक्ति ने दावा किया है और इसी के तहत उसने चेंगलपट्टू की जिला अदालत में याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, चेंगलपट्टू ने कपूर परिवार की उस अपील को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने इस याचिका को शुरूआती स्तर पर ही खारिज करने की मांग की थी।

# 'मातृभूमि' के सॉन्ग 'चांद देख लेना' का टीजर रिलीज




नयी दिल्ली। सलमान खान की फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' का नया गाना 'चांद देख लेना' का टीजर रिलीज हो गया है। इस टीजर में प्यार, इंतजार और जुदाई की एक बेहद भावुक कहानी की झलक देखने को मिल रही है। फिल्म के पहले गाने 'मातृभूमि' को जहां

> आर्मी ऑफिसर की जिंदगी व रिश्तों की गहराई दिखी

50 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं, वहीं वेलेंटाइन डे पर रिलीज हुए 'मैं हूं' को भी दर्शकों ने खूब पसंद किया। अब तीसरे गाने 'चांद देख लेना' का टीजर फैंस के बीच चर्चा में है। इस गाने में चित्रांगदा सिंह और सलमान खान की केमिस्ट्री दिल छू लेने वाली है। टीजर में एक आर्मी ऑफिसर की जिंदगी का वह पहलू दिखाया गया है, जो सिर्फ जंग के मैदान तक सीमित नहीं, बल्कि घर पर इंतजार कर रहे रिश्तों की भावनाओं से भी जुड़ा है। टीजर में चित्रांगदा का किरदार अपने पति का इंतजार करता नजर आता है, जो बॉर्डर पर ड्यूटी निभा रहे हैं। छोटी-छोटी झलकियों के जरिए यह गाना उन परिवारों की कहानी बयां करता है, जो दूरियों और अनिश्चितता के बीच भी अपने रिश्तों को मजबूत बनाए रखते हैं। 'चांद देख लेना' गाना उस एहसास को खूबसूरती से दिखाता है, जब दूर रहकर भी एक ही चांद के नीचे दो दिल जुड़े रहते हैं। गौरतलब है कि फिल्म का नाम पहले 'बैटल ऑफ गलवान' था, जिसे बदलकर 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' किया गया है, ताकि कहानी के भाव और बलिदान को और गहराई से दिखाया जा सके।

इस फिल्म को सलमान खान फिल्म्स के बैनर तले सलमा खान ने प्रोड्यूस किया है, जबकि निर्देशन अपूर्व लाखिया ने किया है। फिल्म में बहादुरी, त्याग और इंसानियत की कहानी को बड़े पर्दे पर पेश किया जाएगा। सलमान खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का नाम बदल दिया गया है। अब यह फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' के नाम से रिलीज होगी। इस नए टाइटल का आधिकारिक ऐलान सलमान खान फिल्म्स की ओर से किया गया है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com